नव प्रदेश

www.navpradesh.com रांची, सोमवार 1 नवंबर 2021, कृष्ण पक्ष द्वादशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-07 अंक-199 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए रांची, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रायपुर से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

उत्तरप्रदेश के मतदाताओं की लाटरी लगने जा रही है। उनके वोट कबाड़ने के लिए राजनीतिक दलों में प्रलोभन परोसने की होड़ लग गई है। कोई मुफ्त लेपटॉप, तो कोई मुफ्त स्कूटी, तो कोई मुफ्त बिजली देने के वादे कर रहा है। किसानों का कर्जा माफ करने की लगभग सभी दलों ने घोषणा की है। अभी इनके चुनावी घोषणा पत्र आएंगे उसमे भी न जाने क्या-क्या मुफ्त देने के वादे होंगे। वोट खरीदने कि इस कवायद पर चुनाव आयोग ने तो चुप्पी साध रखी है लेकिन सुप्रीम कोर्ट को स्वतः संज्ञान लेकर इस पर तत्काल प्रभाव से रोक लगानी चाहिए।

सूर्योदय

उदय : 6:28 प्रातः

अस्त : 5:32 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,903,533,710

भारत : 1,398,381,222

बाजार

सेंसेक्स : 59,306.93

निफ्टी : 17,671.65

गोल्ड : 47,740 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 64,600 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.69 प्रति नग

दिवस

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव

छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना 1 नवंबर 2000 में हुई थी। छत्तीसगढ़ का पौराणिक नाम कौशल राज्य (भगवान श्री राम का ननिहाल) है। लगभग 300 साल पहले, गोंड जनजाति के शासनकाल के दौरान, राज्य का नाम छत्तीसगढ़ पड़ा। छत्तीसगढ़ राज्य मध्य भारत में एक घने जंगलों वाला राज्य है, जो अपने मंदिरों और झरनों के लिए प्रसिद्ध है। छत्तीसगढ़ को मध्य प्रदेश से अलग किया गया था। छत्तीसगढ़ राज्य को 'भारत का चावल का कटोरा' के रूप में भी जाना जाता है।

युद्धस्तर पर किसानों को केसीसी मुहैया कराया जा रहा

झारखंडः किसान क्रेडिट कार्ड, किसानों के लिए वरदान

कम ब्याज दर पर किसानों को मिल रहा ऋण, अब खेती से ऐसे बढ़ा रहे अपनी आय

मुख्यमंत्री ने राज्य के ज्यादा से ज्यादा किसानों को केसीसी से जोड़ने का निर्देश दिया है. अक्तूबर 2021 के पहले सप्ताह तक राज्य के 2,01,687 लाभुकों के ऋण के लिए 68,516 लाख रुपये की स्वीकृत दी गयी थी. कृषि के साथ मत्स्यपालन और दुग्ध उत्पादन के लिए भी ऋण उपलब्ध कराये जा रहे हैं.

रांची। किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) झारखंड के किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा है. किसानों को खेती के लिए आसान दर पर ऋण मिल रहा है. ऋण का उपयोग कर किसान खेती के लिए बीज, खाद व जरूरी उपकरण खरीद रहे हैं. उन्हें साहूकारों के चंगुल से भी मुक्ति मिल रही है. सीएम हेमंत सोरेन ने राज्य के ज्यादा से ज्यादा किसानों को केसीसी से जोड़ने का निर्देश दिया है. अक्तूबर 2021 के पहले सप्ताह तक राज्य के 2,01,687 लाभुकों के ऋण के लिए 68,516 लाख रुपये की स्वीकृत दी गयी थी. कृषि के साथ मत्स्यपालन और दुग्ध उत्पादन के लिए भी ऋण उपलब्ध कराये जा रहे हैं.

अनु उरांव कांके के पिठोरिया स्थित कुम्हरिया गांव की निवासी हैं. अनु ने बताया कि प्रखंड कार्यालय से केसीसी के बारे में जानकारी मिली. केसीसी के लिए आवेदन दिया. केसीसी के जरिये मिले ऋण का उपयोग उन्होंने ड्रीप एरिगेशन व खेती से जुड़े अन्य कार्यों के लिए किया. ढाई एकड़ में खीरा, टमाटर, पत्तागोभी की फसल लगायी. अनु बताती हैं कि पॉली हाउस में सब्जी की खेती करने का भी फायदा मिला. वे अब अगले सीजन के लिए तरबूज की खेती के लिए तैयारी कर रही हैं. सब्जियों की खेती में प्रति एकड़ 80 से 90 हजार रुपये तक की लागत आती है. सब्जियों की साल भर में तीन फसल ले पाते हैं. सारा खर्च निकालने के बाद तकरीबन डेढ़ लाख रुपये तक की बचत हो जाती है.

प्रकाश भगत गुमला जिले के घाघरा प्रखंड स्थित चुन्दरी नवांटोली गांव के निवासी हैं. उनके पास सात एकड़ कृषि भूमि है. जिसमें से आधे हिस्से पर वे धान की खेती करते हैं और आधे में गेहूं की. केसीसी से उन्होंने 46,000 रुपये का ऋण लिया था. सारा खर्च निकालने के बाद 40,000 का लाभ हुआ. खूंटी के मान्हो सिलादोन गांव के निवासी नरेश महतो को एक महीने पहले ही केसीसी के बारे में जानकारी मिली. नरेश को 50,000 रुपये का ऋण मिला. नरेश के पास कृषि के लिए लगभग पांच एकड़ भूमि है. 40 डिसमिल भूमि पर आलू की खेती की है. एक एकड़ भूमि पर गेहूं लगाने की तैयारी कर रहे हैं.

कृषि निदेशक निशा उरांव ने बताया कि मुख्यमंत्री के आदेश पर युद्धस्तर पर किसानों को केसीसी मुहैया कराया जा रहा है. कृषक मित्र, एटीएम, बीटीएम एवं वीएलडब्लू टोला-टोला घूम कर किसानों से केसीसी फॉर्म भरवा रहे हैं. इस कारण इस वर्ष अप्रत्याशित रूप से केसीसी आवेदन भरवाये गये हैं. त्रुटि के कारण बैंक कुछ आवेदनों को अस्वीकार करते हैं, तो कृषि विभाग के कर्मचारी इन्हें शुद्ध कर फिर उसे बैंक में जमा कराते हैं.

दिखाए काले झंडे, वाहन पर फेंके अंडे...

ओड़िशा में गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा का कांग्रेसियों ने जताया विरोध

भुवनेश्वर। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी रविवार को ओडिशा पहुंचे थे. ओडिशा पहुंचे गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी को एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही भारी विरोध का सामना करना पड़ा. कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी का काफिला एयरपोर्ट से निकलते ही भारी विरोध किया. कांग्रेसियों ने गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी को काले झंडे दिखाए और उनकी कार पर अंडे भी फेंके.

जानकारी के मुताबिक केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी एक कार्यक्रम में शामिल होने रविवार को ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर पहुंचे थे. अजय मिश्रा टेनी का काफिला जैसे ही भुवनेश्वर के बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के बाहर निकला, कांग्रेस के कार्यकर्ता काले झंडे लेकर सड़क पर आ गए. कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गृह राज्यमंत्री टेनी को काले झंडे दिखाए.

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अजय मिश्रा टेनी को न सिर्फ काले झंडे दिखाए, बल्कि उनकी कार पर अंडे भी फेंके.

चर्चित जुड़वां भाइयों की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

अनूठी शारीरिक बनावट की वजह से देश भर में थे चर्चित

बलौदाबाजार। बलौदाबाजार जिले के छोटे से गांव खैन्दा के चर्चित जुड़वां भाइयों की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गयी है. खैन्दा गांव के रहने वाले जुड़वां भाई शिवनाथ और शिवराम की मौत को कई लोग संदेहास्पद बता रहे हैं, जबकी परिजनों की मानें तो मामूली बुखार के चलते जुड़वां भाइयों ने दम तोड़ा है.

बचपन से शरीर से जुड़े दोनों भाइयों की मौत के बाद इलाके में शोक की लहर है. दोनो भाई इलाके और छत्तीसगढ़ में ही नहीं देश भर में चर्चित थे. अनूठी

शारीरिक बनावट की वजह से देश भर से है नहीं, विदेश से भी लोग उन्हें देखने के लिए आते थे. ये देश के ऐसे जुड़वां थे जिन्हें लोग एक जिस्म दो जान के नाम से जानते थे. शिवराम और शिवनाथ के 2 पैर, चार हाथ और दो सिर की अद्भुत शारीरिक बनावट थी.

सोशल मीडिया पर भी चर्चित थे जुड़वां भाई

इतना ही नहीं, दोनों जुड़वां सोशल मीडिया में भी खूब एक्टिव थे. चाहे इंस्टाग्राम हो फेसबुक हो या फिर टिकटॉक, सभी प्लेटफार्म में दोनों भाइयों के कई मिलियन व्यूअर्स थे. हाल ही में दोनों का पेट्रोल पंप पर स्कूटी में पेट्रोल भराते वीडियो खूब वायरल हुआ था।

जिले के खैन्दा गांव के रहने वाले 21 ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छठ में गंगाजल लेने नहीं जाना होगा नदी किनारे

व्रतियों के लिए मोहल्ले में होगी सप्लाई, तैयारी शुरू

पटना छठ पूजा में व्रतियों को सुविधा देने के लिए पटना नगर निगम ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है. आस्था के इस महापर्व के लिए लोगों को गंगाजल के लिए परेशान नहीं होना होगा. निगम मोहल्लों में शुद्ध गंगाजल की सप्लाई करेगा और अस्थायी तालाबों में भी गंगाजल डाले जाएंगे.

छठ पूजा को लेकर पटना में प्रशासन ने अपनी तैयारी तेज कर दी है. घाटों की सफाई शुरू हो गई है. वहीं घर में ही अर्ध्य देने वालों को निगम के तरफ से सुविधा देने की तैयारी है. व्रतियों की सुविधा का ख्याल रखा जा रहा है. गंगाजल के लिए लोगों को गंगा घाटों पर जाने की जरुरत नहीं होगी. छठ पूजा के दो दिन पहले ही सभी वार्ड में टैंकर से गंगाजल की सप्लाई की जाएगी. गंगाजल की सप्लाई सभी वार्डों में की जाएगी. प्रत्येक वार्ड में एक सार्वजनिक स्थल का चयन किया जाएगा. जहां गंगा का शुद्ध जल लेकर निगम का टैंकर पहुंचेगा. लोग यहां आकर गंगाजल ले सकेंगे. अभी स्थल का चयन किया जाना बांकि है. जो लोग गंगाजल लेने नदी किनारे नहीं जा पाते हैं उनके लिए यह बड़ी राहत होगी. बताया जा रहा है कि इस दौरान शुद्धता का विशेष ख्याल रखा जाएगा.

जिस इलाके में गंगा का शुद्ध जल मिलेगा, निगम वहीं से गंगाजल लाकर लोगों को मुहैया कराएगा. इसके लिए समय तय कर दिया जाएगा. लोग तय समय पर अपने वार्ड के चयनित जगह पर जाकर जल ले सकेंगे.

संयुक्त राष्ट्र के मंच पर इजरायल ने फाड़ दी UNHRC की रिपोर्ट

कहा- इसकी सही जगह कूड़ेदान

नई दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में इजरायल के राजदूत गिलाद एर्दन ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच पर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) की वार्षिक रिपोर्ट को फाड़ दिया। उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट की सही जगह कूड़ेदान है और इसका कोई यूज नहीं है। उन्होंने इसके पीछे दलील दी कि यह रिपोर्ट इजरायल के खिलाफ है और पक्षपाती है। दरअसल, इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष पर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद ने महासभा में एक विशेष बैठक बुलाई थी, जहां इसके अध्यक्ष मिशेल बाचेलेट ने सभी सदस्य देशों के सामने वार्षिक रिपोर्ट पेश की। दरअल, इस रिपोर्ट में गाजा पर इजरायल के कब्जे के हमले के बाद गठिक की गई एक जांच समिति के निष्कर्ष प्रस्तुत किए गए थे, जिसमें 67 बच्चों, 40 महिलाओं और 16 बुजुर्गों सहित 260 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई थी। इस हमले में कई सारे परिवार मारे गए, जिनमें वरिष्ठ डॉक्टर अयमान अबू अल-औफ और उनका परिवार शामिल था। इस यूएनएचआरसी की रिपोर्ट में गाजा पर क्रूर हमलों के लिए इजरायल की निंदा और आलोचना की गई थी।

क्रूज ड्रग्स केस को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका

■ **सीबीआई की जांच और गवाहों को सुरक्षा देने की मांग**

नई दिल्ली (ए.)। मुंबई क्रूज ड्रग्स का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर मुंबई ड्रग्स क्रूज केस की सीबीआई जांच की मांग की गई है। याचिका में आरोप लगाया है कि इस मामले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की चल रही जांच में हस्तक्षेप किया गया है। इस मामले में बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान समेत और कई आरोपी हैं। लगभग 25 दिनों तक जेल में रहने के बाद आर्यन खान शनिवार को बाहर आए।

मंत्री के हस्तक्षेप को लेकर सवाल

याचिका में सुप्रीम कोर्ट के सामने सवाल उठाते हुए पूछा गया है कि क्या कोई मंत्री जांच में हस्तक्षेप करने और जांच अधिकारी को 'बदनाम' करने के बाद भी अपने संवैधानिक पद पर बना रह सकता है। याचिका में कहा गया है कि किसी भी को आपराधिक न्याय प्रणाली में हस्तक्षेप करने की अनुमति नहीं है। राज्य और राज्य मंत्री संविधान की रक्षा करने के लिए बाध्य हैं और जांच में आपराधिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं करते हैं।

क्रूज ड्रग्स मामले की पूरी जांच उस समय में विवादों में आ गई है जब से नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का गवाह मीडिया के सामने आकर कई गंभीर आरोप लगाया है। इसके अलावा महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और एनसीपी नेता नवाब मलिक शुरू से ही इस एनसीबी पर निशाना साधते रहे हैं और मुंबई जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े के खिलाफ कई आरोप भी लगाए हैं।

जनहित याचिका (पीआईएल) ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को विधि आयोग की विभिन्न रिपोर्टों में अनुशंसित राष्ट्रीय गवाह सुरक्षा योजना तैयार करने का निर्देश देने की भी मांग की है। आर्यन खान, सह-आरोपी अरबाज ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने राज्य स्थापना दिवस की दी शुभकामनाएं

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल अनुसुईया उइके ने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ विविधताओं से भरा समृद्धशाली प्रदेश है। यहां सभी क्षेत्रों में विकास की असीम संभावनाएं हैं। बीते वर्षों में यहां के लोगों ने अपने अद्म्य इच्छाशक्ति और संसाधनों का संतुलित उपयोग करते हुए छत्तीसगढ़ को प्रगति की राह में आगे बढ़ाया है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आव्हान किया है कि हमारे पुरखों ने छत्तीसगढ़ राज्य के लिए जो सपने देखे थे, उसे पूर्ण ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राम का विरोध करने वालों को जनता ने जीरो बनाया : योगी

■ **पंचायत कार्यक्रम में बिना नाम लिए विपक्ष भी किया हमला**

अयोध्या। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में आयोजित एक टीवी चैनल के 'पंचायत' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत की आस्था को जन-जन तक पहुंचाएंगे. रामराज्य किसी एक वर्ग विशेष का प्रतीक नहीं है. हमारे लिए रामराज्य हर गरीब को मकान, शौचालय की सुविधा, बिजली, हर माता को सिलेंडर पहुंचा देना है. कार्यक्रम में सीएम योगी ने बिना नाम लिए विपक्ष पर

भी हमला किया. उन्होंने कहा कि भगवान राम का विरोध करने वालों को जनता ने जीरो बना दिया.

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, ''भगवान राम हमारे लिए राजनीति नहीं हैं. भगवान राम के बिना भारत की कल्पना ही नहीं की जा सकती है. जो राम की शरण में गया, उसका उद्धार हुआ. जिसने राम का विरोध किया, उसकी दुर्गति हुई और जनता जनार्दन ने उसे जीरो बना दिया.''

उन्होंने कहा, ''अयोध्या का दीपोत्सव एक उत्सव बन चुका है. पहली बार 51 हजार दीपक जलाए गए थे, लेकिन इस बार नौ लाख दीए सिर्फ राम की पैड़ी पर जलेंगे. यह सिर्फ एक आयोजन नहीं है. राम मंदिर निर्माण में दुनिया के अलग-अलग जगहों से पवित्र नदियों का जल भेजा था.''

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में तमाम योजनाओं को जन जन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

टीकाकरण — कई जिले अब भी ऐसे हैं, जहां बड़ी संख्या में लोगों को एक भी डोज नहीं मिली है

कोरोना टीकाकरण में फिसड्डी जिलों के डीएम से बात करेंगे पीएम मोदी

सीएम भी रहेंगे मौजूद

नई दिल्ली (ए.)। देश में 106 करोड़ से अधिक कोरोना टीके लगाए जा चुके हैं, लेकिन कई जिले अब भी ऐसे हैं, जहां बड़ी संख्या में लोगों को एक भी डोज नहीं मिली है। टीकाकरण में फिसड्डी ऐसे 30 जिलों के जिला अधिकारियों से पीएम मोदी 3 नवंबर को बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में रविवार को यह जानकारी दी। इस कार्यक्रम में संबंधित राज्यों के मुख्यमंत्री भी मौजूद रहेंगे।

पीएमओ ने कहा, ''जी-20 और सीओपी-26 शिखर सम्मेलनों में शामिल होने के बाद भारत लौटते ही प्रधानमंत्री 3 नवंबर को टीकाकरण की कम दर वाले जिलों के जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक करेंगे।'' इस बैठक में उन जिलों को शामिल किया है, जहां टीकों की पहली खुराक देने की दर 50 प्रतिशत से कम और दूसरी खुराक देने की दर बहुत कम है।

पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री कम टीकाकरण दर वाले झारखंड, मणिपुर, नगालैंड, अरुणाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, मेघालय और कुछ अन्य राज्यों के 40 जिलों के जिलाधिकारियों के साथ संवाद करेंगे। जी-20 और सीओपी-26 सम्मेलन में शिरकत करने के लिए प्रधानमंत्री बृहस्पतिवार को इटली और ब्रिटेन के लिए रवाना हुए थे। ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के आमंत्रण पर वह एक से दो नवंबर तक ब्रिटेन में ग्लासगो की यात्रा करेंगे, जहां वह 26वें सीओपी-26 में विश्व नेताओं की शिखर बैठक में हिस्सा लेंगे।

बिना सुई वाले वैक्सीन की कीमत भी नहीं चुभेगी, जाइडस कैडिला रेट घटाने को तैयार

नई दिल्ली (ए.)। सरकार की लगातार बातचीत के बाद जाइडस कैडिला अपने कोविड-19 टीके की कीमत घटाकर 265 रुपये प्रति खुराक करने पर सहमत हो गई है, लेकिन अभी अंतिम समझौता नहीं हुआ है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। बिना सुई वाले जाइकोव-डी टीके की प्रत्येक खुराक देने के लिए 93 रुपए की लागत वाले एक डिस्पोजेबल दर्द रहित जेट एप्लीकेटर की आवश्यकता होगी, जिससे इसकी कीमत 358 रुपए प्रति खुराक होगी। एक सूत्र ने कहा था कि अहमदाबाद स्थित इस दवा कंपनी ने पहले अपनी तीन खुराक वाली दवा के लिए 1900 रुपए की कीमत का प्रस्ताव दिया था। इससे जुड़े एक सूत्र ने बताया, ''कंपनी और सरकार की बार- बार की बातचीत के बाद, टीके की प्रत्येक खुराक की कीमत 358 रुपए निर्धारित की गई है, जिसमें 93 रुपये का एक डिस्पोजेबल जेट एप्लीकेटर भी शामिल है । इस मामले में अंतिम निर्णय इस सप्ताह होने की संभावना है।''

पुलिस थानों और डीएम ऑफिस में टेंट लगाएंगे किसान

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद दिल्ली पुलिस की ओर से गाजीपुर और टिकरी बॉर्डर पर बैरिकेडिंग हटाए जाने के बाद किसान नेता राकेश टिकैत ने एक बार फिर से यह मंशा जाहिर कर दी है केंद्र के कृषि कानूनों के खिलाफ जारी किसानों का आंदोलन खत्म नहीं होने वाला है। राकेश टिकैत ने कहा है कि अब वे पुलिस थानों और जिला मैजिस्ट्रेटों के कार्यालयों में अपने तंबू लगाएंगे।

भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने कहा, 'हमें जानकारी मिली है कि प्रशासन जेसीबी की मदद से यहां टेंट हटाने की कोशिश कर रहा है।

जिले के कई प्रखंडों में विधिक जागरूकता शिविर और डोर टू डोर के कार्यक्रम आयोजित किए गए

चक्रधरपुर। आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय एकता दिवस 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम के 30 वें दिन

राष्ट्रीय और झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सह प्रधान जिला एवम् सत्र न्यायधीश मनोरंजन कवि के दिशा निर्देश में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जिले के कई प्रखंडों में विधिक जागरूकता शिविर और डोर टू डोर के कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा उपस्थित लोगों को श्रम निबंधन, मानव तस्करी, बाल विवाह, वृद्धा एवं विधवा पेंशन, माता पिता भरण पोषण अधिनियम डालसा से मिलने वाली निशुल्क सुविधा, लोक अदालत, चाइल्ड हेल्पलाईन नंबर 1098, वृद्धों के सहायता हेतु नंबर 14567 की विस्तृत जानकारी दी गई। इसी क्रम में

सदर प्रखंड के छोटा नीमडीह के बाल मंडली परिसर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया इस जागरूकता शिविर में 06 प्रखंड से कई लोग उपस्थित थे, यह कार्यक्रम पीएलबी असीमा चैटर्जी, स्वाति मुखर्जी एवं सुजाता गोप के द्वारा संपन्न हुआ।

सदर प्रखंड के गायसुती और टोंटो पंचायत के 11 गांव में 180 लोगों को विधिक जागरूकता पीएलबी मोहम्मद शमिम और संजय निषाद ने प्रदान की। साथ ही सदर प्रखंड के ही बड़ाकुंडिया पंचायत के 12 गांव तथा पंचायत करलाजूडी के 5 गांव के करीब 210 लोगों को विधि जानकारी दी गई,

झीकपानी प्रखड के केलेडा पंचायत के सोनापोसी गाँव में विधिक सेवा 20 नागरिकों को विधिक जानकारी देकर प्रचार सामग्री जैसे लीफलेट पेमपलेट बितरण भी किए गए, इस अभियान में पीएलवी सोमा बोस उपस्थित रहीं।

सदर प्रखंड के वार्ड नंबर 21 और 20 के अंतर्गत ऑल इन वन कोचिंग सेंटर में जागरूकता किया गया जिसमें अर्ध विधिक स्वयंसेवक रत्ना चक्रवर्ती ने छात्र छात्राओं को निशुल्क विधिक जानकारी थी ।

पीएलवी श्वेता रवानी और राजशेखर रवानी के द्वारा 3 गांव में 94 लोगों को तथा विधिक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत 14 गांव के 240 लोगों को विधिक जागरूकता प्रदान की गई।

खूंटपानी ब्लॉक के भोया गांव मे 40 गांवों का भ्रमण किया गया और एक सौ लोगों को लीफलेट व पंपलेट दिया गया

झींकपानी प्रखण्ड के सोनापोसी गांव मे 20 ग्रामीणों को जागरूक किया गया जिसमें अर्ध विधिक स्वयं सेवक ÷सोमा बोस÷ के द्वारा प्राधिकार के द्वारा मिलने वाली निशुल्क विधिक सेवा पर जागरूक करते हुए ग्रामीण एवं बच्चों को जानकारी दिया।

सदर प्रखंड के नीमडीह मे 20 ग्रामीणों को जागरूक किया गया जिसमें अर्ध विधिक स्वयं सेवक ÷नीतु सार एवं स्वाती मुखर्जी के द्वारा विविध विषयों पर जागरूक करते हुए ग्रामीण एवं बच्चों को जागरूक दिया ।

उपरोक्त जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने दी।

चाईबासा चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का सदस्यता अभियान 1 नवंबर से शुरू हो रहा है और यह 30 नवंबर तक चलेगा

चाईबासा। जानकारी देते हुए चाईबासा चेंबर के संस्थापक तथा सदस्यता संयोजक अनूप कुमार सुल्तानिया ने बताया कि सत्र 2021- 23 की प्रथम कार्य समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि सत्र 21-23 में कुल 50 नए सदस्य बनाए जाएंगे। जिनमें 10 महिला सदस्य बनाई जाएंगी। 20 सदस्य चाईबासा शहर के होंगे तथा 20 सदस्य पश्चिमी सिंहभूम जिले के अन्य स्थानों के होंगे। सदस्यता आवेदन शुल्क पूर्व की भांति इस बार भी 200 रुपए ही रखा गया है। सदस्यता प्रवेश शुल्क पिछले वर्ष की भांति इस बार भी 10 हजार तथा तथा सत्र 21-23 का द्विवार्षिक शुल्क 15 सो रुपए रखा गया है। सदस्य बनने के इच्छुक व्यक्ति को मेरे पास 200 जमा देकर आवेदन फार्म खरीदना पड़ेगा और उसे भरकर मेरे पास जमा करना होगा। जब सभी आवेदन पत्र जमा हो जाएंगे कार्यसमिति उन आवेदनों पर विचार करेगी और जिनके आवेदन स्वीकार किए जाएंगे उन्हें 11500 जमा करने को कहा जाएगा। सदस्यता शुल्क सभी को चेक के द्वारा ही जमा करना होगा। जिस फार्म या नाम से सदस्यता आवेदन दिया जाएगा उसी नाम से चेक भी लिया लिया जाएगा। अनूप कुमार सुलतानिया, सदस्यता संयोजक, सत्र 2021-23

राष्ट्रीय एकता दिवस परेड कार्यक्रम का आयोजन

रांची। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर रांची पुलिस लाइन में राष्ट्रीय एकता दिवस परेड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसएसपी सुरेंद्र कुमार झा ने इस मौके पर पुलिसकर्मियों को राष्ट्रीय एकता व अखंडता बनाए रखने के लिये संकल्प दिलाया उन्होंने कहा कि सरदार पटेल भारत ही नहीं पूरी दुनिया में जाने जाते हैं। उन्होंने देश को एकता के सूत्र में पिरोने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। उनके विचार और कार्य हमें एक भारत-श्रेष्ठ भारत के मंत्र से जीने की प्रेरणा देते हैं।

जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने दीपावली को देखते हुए मिठाई दुकान का किया निरीक्षण

विनय मिश्रा/चक्रधरपुर। दीपावली पर्व त्यौहार को देखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी अभिजीत सिन्हा के निर्देशानुसार जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मोइन अख्तर द्वारा चक्रधरपुर स्थित मिष्ठान भंडारों एवं नमकीन दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में लगभग सभी मिष्ठान भंडारों में मिठाई के ट्रे में बेस्ट बिफोर डेट एक्सपायरी डेट को अंकित करते हुए पाया गया । मिठइयों की गुणवत्ता जांच हेतु प्रयोगशाला लड्डू रसगुल्ला एवं नमकीन का नमूना लिया गया ।साथ ही साथ विभिन्न जनरल स्टोर में बेची जा रही पे पदार्थों दूध दही ब्रेड इत्यादि की भी जांच की गई। इस अवसर पर यह देखा गया है कि त्योहार के समय अधिक मुनाफा के चक्कर में व्यवसाई मिठइयों में आरारोट मैदा चावल या घटिया गुणवत्ता की खोखा का मिलावट करते हैं।अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी से अपील की है कि दुकानदार मुनाफा के साथ आम जनों के स्वास्थ्य की भी ख्याल रखें, और किसी तरह का मिलावट ना करें। और साफ सफाई का विशेष ध्यान दें। सड़क के किनारे लगने वाले ठेले खोमचे द्वारा थाने में उपयोग होने वाली तेल की गुणवत्ता की भी जांच ओ एल फ्रेंड मॉनिटर द्वारा मशीन से की गई ।और सुरक्षित उपयोग करने के तरीके की जानकारी दी गई।

एकता दिवस के रूप में मनी सरदार पटेल की जयंती

डोमचांच। प्रखंड अंतर्गत बेहराडीह पंचायत भवन के परिसर में दिन रविवार को 75वें आजादी का अमृत महोत्सव के तहत लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर जिला जनसंपर्क कार्यालय कोडरमा के द्वारा ÷रन फ़ॉर पीस÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के तहत युवाओं ने मार्च निकालकर एकता एवं शांति का संदेश दिया। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक,अविनाश कुमार मौजूद थे।वहीं दूसरी ओर नेहरू युवा केंद्र कोडरमा के तत्वाधान में राष्ट्रीय एकता के सूत्राधार सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के साथ राष्ट्रीय एकता दिवस सह एकता दौड़ मनाई गई।वहीं मुख्य अतिथि के रूप में जिप सदस्य शांति प्रिया, नेहरू युवा केन्द्र कोडरमा के जिला युवा समन्वयक रविन्द्र कुमार रवि मौजूद थे।कार्यक्रम की शुरुवात मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलित कर सरदार वल्लभ पटेल के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर की गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिप सदस्य शांति प्रिया ने कहा कि सरदार पटेल ने देश को एकता के सूत्र में पिरोया था। आज हम सबों की जवाबदेही है उनके बताए मार्ग पर चलकर देश और समाज को एकता के सूत्र में बांध कर रखें। देश को विकास के मसले पर आगे बढ़ाएं। एकता दुनिया की सबसे बड़ी और शक्तिशाली ताकत है। इसलिए हमें मिलकर एक होकर कार्य करना चाहिए। समाज के उत्थान के बारे में सोचना चाहिए।वहीं जिला समन्वयक रविन्द्र कुमार रवि ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की कार्यों से सबक लेकर देश की आंतरिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए हमें अपना योगदान देने का दृढ़ संकल्प लेना चाहिए। हम सभी को सरदार बल्लभ भाई पटेल के सभी गुणों को अपना कर समाज को एक नई दिशा देने का कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें स्वच्छता के प्रति जागरूक होने की आवश्कता है। साथ ही साथ जल, मिट्टी, पेड़-पौधे का संरक्षण व संवर्धन करके भी हम लोग देश की सेवा कर सकते हैं। पेड़ पौधे लगाना वर्षा के जल का संरक्षण करना भी देश सेवा ही है।

इंदिरा गांधी मेगा हेल्थ कैंप लगाकर प्रोफेशनल्स कांग्रेस ने बलिदान दिवस मनाया

रांची। झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जायसवाल के नेतृत्व में आज पूर्वाह्न 11 बजे से 02 बजे तक पंडरा बस्ती के पिस्का मोड़, रातु रोड़, रांची में इन्दिरा गांधी मेगा हेल्थ कैंप लगाया गया। इसमें मानसिक रोग, नेत्र रोग विशेषज्ञ, जनरल फिजिशियन ,दंत रोग, कान नाक गला रोग विशेषज्ञ के प्रमुख चिकित्सकों द्वारा मरीजों का हेल्थ चेकअप कर निशुल्क दवाईयां दी गई। इस स्वास्थ शिविर में 152 लोगों ने अपना चेकअप कराया।

मौके पर झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल ने पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी जी को याद करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी जी ने दूर-दृष्टि और पक्के इरादे के साथ देश को नई दिशा प्रदान की। श्री जायसवाल ने हेल्थ कैंप का शुभारंभ करते हुए कहा कि स्वास्थ्य मनुष्य का सबसे बड़ा पूंजी है इसकी हर किसी को ख्याल रखनी चाहिए। प्रोफेशनल कांग्रेस राजधानी वासियों की बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रतिबध है और समय समय पर लगातार निशुल्क हेल्थ कैंप आयोजित करती रही है और भविष्य में आगे भी यह कार्यक्रम जारी रहेगा उन्होंने यह भी कहा कि इंदिरा गांधी जी ने अपना लहू का एक-एक कतरा देश सेवा में निछावर कर दिया इसलिए आज के दिन पर हमने बलिदान दिवस के तौर पर लोगों की सेवा करके मनाया।

रांची जिला ग्रामीण अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष अख्तर हुसैन ने कहा कि देश और समाज का विकास तभी हो पाएगा जब लोग मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे।

प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ सूयस सिन्हा ने कहा आने वाले समय में स्टूडेंट के लिए मानसिक मूल्यांकन शिविर लगाया जाएगा।

आयरिश हॉस्पिटल रांची की टीम ने आंखों की जांच करके लोगों को आंखों से संबंधित बीमारियों के बारे में अवगत कराया और उनके आंख की रोशनी के जांच की मांग की।

डॉक्टर हर्ष ने कान, नाक, गला की जांच की कान से पानी आना सर्दी रहना लगातार छींक आना इन तरह की बीमारियों के बारे में परामर्श दिया।

सदर अस्पताल की टीम की तरफ से ब्लड प्रेशर, शुगर और थायराइड से संबंधित बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई। आयरिश हॉस्पिटल रांची की टीम ने आंखों की जांच करके लोगों को आंखों से संबंधित बीमारियों के बारे में अवगत कराया और उनके आंख की रोशनी के जांच की मांग की। इनकी टीम से डॉ शोभा किस्पोट्टा, श्रीमती नेलम जी, श्री सतीश कुमार, शैलेश कुमार, मोहम्मद शाहनवाज जैसे प्रमुख डॉक्टर मौजूद थे।

नर्व एंड माइंड तरफ से निशा मिश्रा और डॉक्टर सूयस सिंहा ने लोगों को मानसिक स्वास्थ्य और उससे होने वाले तनाव से बचने के लिए सलाह दी।

शिविर में डॉ जैमेश भगत ने दांत की जांच की लोगों की मसूड़ों से खून आने की समस्याओं के निवारण हेतु उपाय बताएं एवं उसका इलाज किया।

मौके पर मुख्य रूप से रांची जिला ग्रामीण अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष अख्तर हुसैन, मोनू हुसैन, जुगनू खान, खतीजा खातून, छोटू हुसैन, प्रोफेशनल कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ सूयस सिंहा, स्टेट सेक्रेटरी ख्याति मुंजाल, निशा मिश्रा ,डॉ हर्ष कुमार, अनिल सिंह, अमरजीत सिंह, राजीव चौरसिया, राहुल रे ,सूरज झा ,पुनीत कुमार ,ऋषभ चतुर्वेदी ,आयुष अग्रवाल, ऋषभ कुमार, सनी सिंह, साहिल आदि लोग मौजूद थे।

चक्रधरपुर रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ एवं रैली का आयोजन

चक्रधरपुर। रविवार 31अकटुबर को रेलवे सुरक्षा बल,चक्रधरपुर मंडल की ओर से देश के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के 146वें जन्मोत्सव पर राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ एवं रैली का आयोजन किया गया. सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को एकता दिवस के तौर पर मनाया जाता है. इस दौरान रविवार को चक्रधरपुर रेलवे पुलिस बल राष्ट्रीय एकता दिवस परेड का कार्यक्रम आयोजित हुआ. सुरक्षा बलों को राष्ट्रीय एकता व अखंडता बनाए रखने सभी पुलिस जवानों को संकल्प दिलाया. सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता का संकल्प लिया।

न्यूज गैलरी

असनाबाद में ट्रक के चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से हुआ घायल इलाज सदर अस्पताल में इलाज किया जा रहा

कोडरमा जिले के तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत असनाबाद में रविवार सुबह करीब 10 बजे ट्रक के चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार असनाबाद निवासी फिरोज आलम के 18 वर्षीय पुत्र मो अता सुबह करीब 10 बजे असनाबाद मस्जिद के समीप रोड क्रोस कर रहा था इसी दौरान झुमरीतिलैया की ओर से रौग साईड से आ रही ट्रक ने अपने चपेट में ले लिया, जिससे मो अता के सर पर गंभीर चोटें आई हैं, आपको बता दें घटना के समय पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव वहां से गुजर रहे थे, उन्होंने रुक कर घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया और ट्रक को जब्त कर लिया गया है और आगे की कार्यवाई की जा रही है।

दीपावली और छठ पर्व को लेकर तिलैया थाना में शांति समिति की हुई बैठक

झुमरी तिलैया/ कोडरमा। आगामी दीपावली एवं छठ महापर्व को लेकर रविवार को तिलैया थाना परिसर शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा डुंगडुंग एवं संचालन तिलैया थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह ने किया।शांति समिति की बैठक में दोनों समुदाय के लोग सहित शांति समिति के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक के दौरान पूजन सामग्रियों की बिक्री की वजह से झुमरीतिलैया शहर के झंडा चौक एवंआसपास के इलाकों में लगने वाले भयंकर जाम की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन ने इस बार खास तैयारी की है। रविवार को तिलैया थाना परिसर में छात्र एवं काली पूजा और दीपावली पर्व के दौरान विधि व्यवस्था बेहतर बनाए रखने को लेकर शहर में लगने वाली जाम की समस्या से लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य निर्णय लिया गया कि ओवर ब्रिज से ब्लॉक रोड तक किसी प्रकार का कोई भी दुकान नहीं लगेगी।

त्यौहार के दौरान सभी तरह की अस्थाई दुकान पुराना बस स्टैंड एवं ब्लॉक मैदान में लगाया जाएगा। जाम से निपटने को लेकर नो पार्किंग जोन में वाहन लगाने पर भी कार्रवाई होगी। वही छठ पूजा के दौरान रात 2 बजे से बड़े वाहनों को चंदवारा एवं बागीटांड में रोका जाएगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी रोशमा डुंगडुंग ने कहा कि दीपावली असत्य पर सत्य के जीत का तथा छठ पर्व लोक आस्था का महापर्व है। लोग इसे आपसी भाईचारे व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाएं। बीडीओ ने बैठक में उपस्थित स्थानीय जनप्रतिनिधियों से विभिन्न वार्ड के छठ घाटों पर अभियान चलाकर विशेष साफ–सफाई करवाने की अपील की।मौके पर अंचलाधिकारी अनिल कुमार ने कहा कि पंचायतों एवं वार्डो में छठ पूजा के अवसर पर घाटों की साफ–सफाई व लाइट की व्यवस्था पूजा समिति के सदस्यों व जनप्रतिनिधियों के देख रेख में विशेष रूप से किया जाए। ताकि छठ व्रतियों को घाट पर कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।बैठक को संबोधित करते हुए तिलैया थानाध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कहा कि धमाकेदार आवाज वाले पटाखे वर्जित हैं।इन पटाखों से लोग परहेज करें।थानाध्यक्ष ने कहा कि दीपावली में पुलिस की पैनी नजर जुआरियों पर रहेगी। ऐसे जुआरियों के रंगे हाथ पकड़े जाने पर उन्हें अविलंब हिरासत में लेकर जेल भेजा जाएगा।उन्होंने लोगों से दोनों त्योहारों को आपसी सद्भाव के साथ मनाने की अपील की।

अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में शामिल होने पूनम ढिल्लन व गुलशन ग्रोवर पहुंचे रांची

रांची। झारखंड के रांची में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में शामिल होने के लिए रविवार को फिल्म एक्ट्रेस पूनम ढिल्लन और अभिनेता गुलशन ग्रोवर रांची पहुंचे.

रांची एयरपोर्ट पहुंचने पर दोनों कलाकारों का शानदार स्वागत किया गया. रांची एयरपोर्ट पर दोनों कलाकारों ने फैंस की गुजारिश पर अपने मास्क उतारे. गुलशन ग्रोवर ने अपने चिर परिचित अंदाज में मास्क उतारकर अपने स्टाइल में तस्वीरें खिंचवाई. हालांकि दोनों कलाकारों ने एयरपोर्ट पर मीडिया से कोई बात नहीं की.

रांची में बीते 29 अक्टूबर को झारखंड अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव की शुरूआत हुई. रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच पहले सत्र का उद्घाटन हुआ. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महुआ माजी ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड में फिल्मों के विकास की अपार संभावनाएं हैं. यहां फिल्म इंस्टीट्यूट खुलना चाहिए. कलाकारों को मदद मिलनी चाहिए. जिफा की उन्होंने प्रशंसा करते हुए आयोजकों को शुभकामनाएं दीं.

आयोजन समिति के ज्यूरी सदस्य और प्रसिद्ध रंगकर्मी अजय मलकानी ने इस अवसर पर कहा कि झारखंड में कलाकारों को सरकार की ओर से उचित सम्मान या प्रोत्साहन नहीं मिलता.

मुख्यमंत्री से अपेक्षा है कि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर झारखंड की पहचान दिलाने वाले इस फिल्म फेस्टिवल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर कलाकारों का मनोबल बढ़ाएंगे.

गौरतलब है कि पिछले 4 वर्षों से लगातार आयोजित हो रहे झारखंड अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के चौथे चरण (जिफा) को इस बार आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में रेडियो खांची, पत्रकारिता व जनसंचार विभाग रांची विश्वविद्यालय एवं केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है. दो दिवसीय कार्यक्रम 30 अक्टूबर तक चलेगा.

आयोजन समिति के अध्यक्ष ऋषि प्रकाश मिश्र ने बताया कि कोरोना गाइडलाइंस का पालन करते हुए इस वर्ष ऑड्रे हाउस मेयर्स रोड रांची में 24 देशों से प्राप्त प्रवृष्टियों की 152 फिल्मों में से ज्यूरी कमेटी द्वारा चुनी गई 75 फिल्मों का फ्री प्रदर्शन किया जा रहा है. ज्यूरी प्रमुख के रूप में डॉ अजय मलकानी, डॉ अनिल ठाकुर सुमन के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय ज्यूरी सदस्यों में अमेरिका की डॉ रानू सिन्हा ,कृपा रंजन प्रसाद, मुकेश मोदी तथा बॉलीवुड के फिल्म निर्माता अमित अग्रवाल शामिल हैं.

उन्होंने बताया कि 31 अक्टूबर को पुरस्कार समारोह सह सांस्कृतिक संध्या का आयोजन संध्या 6:30 बजे से आर्यभट्ट ऑडिटोरियम रांची में होगा. जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस उपस्थित रहेंगे. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी आमंत्रित किया गया है.

कोडरमा बागीतांड़ चेक नाका पर अवैध खनिज परिवहन को लेकर दो ट्रकों को जप्त किया गया है

जानकारी के अनुसार रविवार सुबह करीब 6:30 बजे गरेबुल मोरम लदा एक ट्रक को रोका और चालान की इंट्री कराने के लिए कहा गया, जहां चालक के द्वारा ट्रक में चावल लोड होने की बात बताई गई जबकि ट्रक में ग्रेबुल मोरम लदा था, वहींएक ट्रक को रोका गया और चालान की एंट्री कराने के लिए कहा गया तब चालक के द्वारा बताया गया कि ट्रक में स्पंज लोड है जबकि ट्रक में गिटी लोड था वही दोनों ट्रकों को चेक नाका पर जप्त कर लिया गया और इसकी सूचना खनन पदाधिकारी को दे दी गई वही दोनों ट्रकों को पुलिस नियंत्रण कक्ष परिसर में ले जाने की तैयारी की जा रही थी।

न्यूज गैलरी

विशुन गंझू और पिंटू गंझू गिरफ्तार

प्रतिबंधित टीएसपीसी नक्सलियों को एक और बड़ा झटका

चतरा। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर रीजनल कमेटी सदस्य आक्रमण दस्ते का दो कुरियर सह नक्सली समर्थक विशुन गंझू और पिंटू गंझू गिरफ्तार। सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी के नेतृत्व में गठित लावालौंग थाना पुलिस की टीम ने जोजवारी गांव के समीप से किया गिरफ्तार। मोटोरोला व विभिन्न कंपनियों का 13 वॉकी-टॉकी सेट, दो मोटरसाइकिल व एक मोबाइल फोन जप्त। एसपी ने प्रेस कांफ्रेंस कर दी जानकारी।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर पटेल सेवा संघ ने मनाया शपथ दिवस

चक्रधरपुर। सामाजिक कार्यों में अपनी दमदार सहभागिता निभाने वाले एवं सामाजिक कार्यों को निरंतर बढ़ाने एवं सामाजिक चेतना को फैलाने वाले सामाजिक संगठन पटेल सेवा संघ ने आज देश के लौहपुरूष सरदार बल्लभभाई पटेल की जयन्ती के अवसर पर आज प्रखण्ड कार्यालय के समीप जनक मार्केट में आयोजित जयन्ती समारोह कार्यक्रम में अपनी श्रद्धासुमन अर्पित की और उपस्थित लोगों ने अपने वक्तव्य में कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयन्ती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर हमें राष्ट्रीय की अखण्डता और एकता को बनाये रखने के लिए ही हमने शपथ भी लिया है। उपस्थित लोगों ने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल जिन विचारों को छोड़कर गये हैं उन्हें हम अपने जीवन में शामिल करें यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल मजबुत इच्छाशक्ति वाले व्यक्ति थे जिन्होंने पुरे देश को एक सुत्र में बांधे रखा था। हमें भी देश और समाज के लिए इसी तरह का सोंच रखनी चाहिए। राष्ट्रीय एकता दिवस पर उपस्थित लोगों के द्वारा सामुहिक रूप से शपथग्रहण भी किया गया। गौरतलब हो कि पुरे कोल्हान में पटेल सेवा संघ अपनी दमदार-शानदार मजबुत संगठन के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में दमदार भूमिका भी निभाता है और पुरे कोल्हान में नव वर्ष पर आयोजित वनभोज कार्यक्रम भी काफी अलौकिक होता है। इस अवसर पर रमेश मेहता, वृजेन्द्र सिंह, राजेश्वर प्रसाद, सुमन सौरभ, अभ्यास, रमेश (टिंकु), बालकृष्ण, मयंकराज, मुन्नी, आकाश उपस्थित थें।

सुजाता भगत बेहतर और उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी अपनी सहभागिता निभा कर अपने दायित्व का निर्वहन करती है

रक्तदान से है उनका गहरा लगाव और जुड़ाव

बिनय मिश्रा। जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के पश्चात् उपलब्धि हासिल होती है और निरंतर कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम भी व्यक्ति को पहचान देने के साथ-साथ उन्हें ख्याति दिलाती है। अपने लक्ष्य को हासिल करने के पश्चात् इन्हीं कार्य के दौरान प्रतियोगिता की तैयारी प्रदेश का नाम देश और विदेश में स्थापित करना या यूँ कहें इन स्थलों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाना इन सभी के बीच सामाजिक कार्यों की भी दायित्व का निर्वहन किया जाय तो निश्चित तौर पर इसका श्रेय उनके दृढ़ निश्चय को जाता है जी हाँ हम बात कर रहे हैं अंतराष्ट्रीय वेट लिफ्टर सुजाता भगत की जो अपने सामाजिक दायित्वों के प्रति न सिर्फ जागरूक हैं बल्कि सामाजिक कार्यों में सहभागिता भी निभाती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों के साथ उनके पीड़ा को समझना या जानने की कोशिश करना रक्तदान जैसे महत्वपूर्ण कार्य में अपनी सहभागिता निभाना। लोगों को रक्तदान हेतु प्रेरित करना ये उनके जीवन में शामिल है। इस प्रकार से कहा जा सकता है कि एक अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अपने प्रतिभा के अनुरूप प्रदर्शन कर पदकों की बौछार तो लगाई ही है वहीं सामाजिक कार्यों के प्रति उनकी गंभीरता और सहभागिता भी निश्चित तौर पर काबिलेतारीफ है। आगामी 14 नवम्बर को भगेरिया फाउण्डेशन के तत्वाधान में आयोजित रक्तदान शिविर में भी उपस्थित रहेंगी क्योंकि चक्रधरपुर के साथ-साथ रक्तदान से भी काफी लगाव और जुड़ाव है और उनकी उपस्थिति निश्चित तौर पर कार्यक्रम में उत्साह का संचार तो होगा ही साथ ही साथ उनकी सहभागिता भी लोगों को ऊर्जा भी प्रदान करेगी।

देश के पूर्व एंव प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धासुमन अर्पित कर मनाई गयी

संवाददाता/कोडरमा। कोडरमा महिला कांग्रेस द्वारा, देश के पूर्व एंव प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धासुमन अर्पित कर मनाई गयी। इस दौरान जिलाध्यक्ष बेबी सिन्हा ने कहा कि इंदिरा जी बहादुर और राष्ट्रभक्त महिला थीं। उन्होंने देश की सेवा में अपनी जान दे दीं , इंदिरा जी ने अपने भाषण में कहा था कि %मेरे खून का आखिरी कतरा भी देश के नाम है। अपनी वीरता का परिचय देते हुए उन्होंने पाकिस्तान के दो टुकड़े किये। देश को आर्थिक रुप से मजबुत रखने के लिए इन्होंने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। कार्यक्रम में मुख्य रुप से वार्ड पार्षद सह महिला कांग्रेस नगर अध्यक्ष असगरी खातुन, महिला कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सलमा खान,सचिव कौशल्या देवी, पुनम देवी आदि महिला उपस्थित थीं। असगरी खातुन ने कहा कि इंदिरा जी गरीबों, दलितों की मसीहा थीं। ये सभी धर्मों को साथ लेकर चलतीं थीं। गरीबी हटाओ का नारा इन्होंनें दिया था अगर ये जिंदा होती तो देश और तरक्की की राह पर होता। साथ में कोडरमा महिला कांग्रेस ने पूर्व व प्रथम गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के जयंती पर उन्हें नमन किया।

झारखंडः 2 घंटे तक आतिशबाजी

रांची। दीपावली की रात 8:00 बजे से 10:00 बजे तक ही आतिशबाजी कर सकेंगे. झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने इसे लेकर आदेश जारी किया है. पर्षद के सदस्य सचिव वाइके दास ने जारी आदेश में कहा है कि झारखंड में दीपावली, छठ, क्रिसमस और नववर्ष के दौरान मात्र दो घंटे तक ही पटाखे जलाये जा सकेंगे. छठ महापर्व के मौके पर सुबह छह बजे से आठ बजे तक पटाखे जलाये जा सकेंगे. पर्षद द्वारा 125 डेसिबल ध्वनि सीमा के पटाखों की ही बिक्री की अनुमति दी गयी है. नियम नहीं मानने पर कार्रवाई होगी.

दीपावली, छठ, गुरुपर्व, क्रिसमस और नववर्ष को लेकर झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने आदेश जारी किया है. इसके तहत दीपावली और गुरुपर्व पर रात आठ बजे से 10 बजे तक यानी दो घंटे पटाखे जलाये जा सकेंगे. छठ महापर्व के मौके पर सुबह छह बजे से आठ बजे तक पटाखे जलाये जा सकेंगे. क्रिसमस एवं नववर्ष के दिन मध्य रात्रि 11.55 से 12.30 बजे तक लोग पटाखे जला सकेंगे.

झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने अपने आदेश में लिखा है कि एनजीटी द्वारा एक दिसंबर 2020 को दिये गये आदेश के आलोक में यह आदेश जारी किया गया है. पर्षद द्वारा 125 डेसिबल ध्वनि सीमा के पटाखों की ही बिक्री की अनुमति दी गयी है. नियम नहीं मानने पर कार्रवाई होगी

यूँ ही नहीं कहता कोई रक्तवीर, डॉ चन्द्रभूषण लोगों की गलत अवधारणाओं को दूर कर रक्तदान करने के लिए निरंतर कर रहे प्रेरित

झारखंड में रक्तदान के क्षेत्र में योगदान के लिए राज्य के रक्तवीर डॉ चंद्रभूषण को किसी के परिचय की जरूरत नहीं, उनके कार्यों की सर्वत्र सराहना की जा रही है साथ ही कई लोग उनसे प्रेरित होकर रक्तदान के इस मुहिम में जुड़ते जा रहे हैं !

राज्य के एकमात्र ऐसे चिकित्सक जिन्होंने लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करने का प्रण लिया है, रक्तदान के अनेकों फायदे बताकर लोगों को कर रहे प्रेरित, यहाँ तक कि स्कूल के बच्चों को पढ़ा रहे नियमित रक्तदान के फ़ायदे और इससे जुड़ी समाज में फैली भ्रांतियां!

हर दिन 15-20 जरूरतमंद लोगों को रक्तआपूर्त कर करते हैं मदद, राज्य के गरीब मरीज़ हों चाहे रिम्स के जूनियर डॉक्टर या फिर नर्स सभी की रखते हैं ध्यान !

करते हैं नियमित रक्तदान, अबतक 28 बार कर खुद रक्तदान कर चुके हैं और लोगों से हर तीन महीने पर नियमित रक्तदान की अपील करते हैं!

पिछले तीन वर्षो से लगातार लोगों को प्रेरित कर रक्तदान की कड़ी से जोड़ रहे, अब तक तीन हज़ार से अधिक लोगों को प्रेरित कर पहली बार रक्तदान करा चुके हैं!

उनकी ऊर्जा और प्रेरणा से लोग जुड़ते चले जाते हैं और रक्तदान जैसे पुण्य के कार्य में आगे आते जा रहे हैं!

जुड़े हैं टीम प्रन्यास से जो निरंतर लोगों की मदद कर रही है, कोरोना जैसे विकट परिस्थिति में भी लोगों को रक्तदान एवं प्लाज़्मा दान करने के लिए प्रेरित करते रहे और रक्तआपूर्ति करने में राज्य सरकार की मदद की!

रक्तदान के क्षेत्र में उनके कार्यो को देखते हुए लोग उन्हें रक्तवीर के नाम से जानते हैं, स्वास्थ्य मंत्री से लेकर राज्यभर के अन्य तमाम हस्तियों ने इन्हें कई दफा सम्मानित किया है!

उन्होंने सरकार से आग्रह की है कि स्वैच्छिक रक्तदान की प्रक्रिया को और सरल बनाया जाये साथ ही नियमित रक्तदान करने वालों को हर सरकारी संस्थानों में प्राथमिकता दी जाये जिससे लोग इस धारा से जुड़ते जाएंगे, झारखंड जैसे राज्य में लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने के युद्धस्तर पर जागरूक करने की जरूरत है! डॉक्टर चंद्रभूषण ने बताया कि रिम्स राज्य का सबसे बड़ा सरकारी ब्लड बैंक है और यहां से सैकड़ों लोगों को प्रतिदिन रक्तआपूर्ति की जाती है अतः इसे आधुनिकीकरण की जरूरत है साथ ही एक मोबाइल ब्लड वान की ज़रूरत है ताकि रक्तदान शिविर के आयोजन में दिक्कतें ना हो!!

मोरहाबादी स्थित राँची नगर निगम के पार्क में शौचालय की सुविधा से लोग हैं वंचित क्योंकि प्रवेश द्वार पर लगा हुआ है ताला

अन्दर कैसे जाये लोग इस सोच में है जाने वाला।

राँची। मॉडर्न सुलभ टॉयलेट एवं बाथ कम्पलेक्स लोगों के लिए सुविधा हेतु निर्माण व उपलब्ध कराये गये किन्तु इस परिसर में ताला बन्द कर दिये जाने से लोगों के लिए यह सुविधा निश्चित तौर पर मॉडर्न ही बन गया है क्योंकि जैसा नाम से ही यह सार्वजनिक है कि सुलभ शौचालय लोगों की सुविधा और आराम के लिए होती है और इसी स्थल पर अगर स्नानगृह भी हो तो इसे सोने पर सुहागा माना जाता है किन्तु राँची स्थित मौरहाबादी स्थित नगर निगम के पार्क में निर्माण कराये गये मॉडर्न सुलभ टॉयलेट एवं बाथ कम्पलेक्स के मुख्य द्वार पर ताला लगाया गया है जिससे इसकी उपयोगिता पर ही प्रश्न चिन्ह लोगों के द्वारा उत्पन्न की जा रही है। हालांकि इस संदर्भ में कुछ लोगों का कहना है कि नगर निगम के पार्क में यह सुविधा लोगों को इसलिए उपलब्ध कराया गया कि यहां आने-जाने वाले लोगों को इसकी सुविधा मिल सके। किन्तु ताला बन्दी कर दिये जाने से इसकी सार्थकता पर ही प्रश्न चिन्ह उत्पन्न हो गई है और इसकी जानकारी नगर निगम राँची को भी दे दी गई है और नगर निगम के नगर आयुक्त मुकेश कुमार से इसपर यथा शीघ्र हस्तक्षेप करने की मांग की गई है जिससे कि इस समस्या का समाधान यथाशीघ्र हो सके।

इंदिरा गांधी की शहादत दिवस पर लगा रक्तदान का शिविर, सरदार पटेल की जयंती पर की गई विचार गोष्ठी का आयोजन

हजारीबाग। जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 37 वीं शहादत दिवस तथा लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 146 वीं जयंती के अवसर पर रक्तदान शिविर तथा विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह नें की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह हजारीबाग संगठन प्रभारी जलेश्वर महतो ने कहा कि नेहरू परिवार को देशभक्ति की घूंटी मानो बचपन से पिलाई गई है। मोतीलाल, जवाहर लाल के बाद इंदिरा गांधी नें देश को सुदृढ नेतृत्व दिया । पिता के साथ रहकर राजनीति की बारीकिंया तो आत्मसात की ही साथ अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को भी बखूबी समझकर उनका समुचित उपयोग किया।

विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित बरही विधायक उमाशंकर अकेला नें कहा कि कांग्रेस संगठन पर अपना कड़ा नियंत्रण ही उन्होंने नही रखा अपितु शासन के साथ-साथ संगठन की धुरा भी सम्भालकर एकरस जीवन का अनुभव देश को कराया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित बड़कगांव की विधायक सुश्री अंबा प्रसाद ने कहा कि आपत्तियां अनेक आई प्रिय पति एंव पुत्र का वियोग सहन करना पड़ा पर धैर्य नही खोते हुए वे अपने चुने हुए मार्ग पर बढ़ती रहीं । अपने लक्ष्य की पूर्ति के लिए किसी से समझौता नहीं किया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित राजीव गांधी पंचायती राज के प्रदेश अध्यक्ष जय शंकर पाठक नें

कहा कि 1971 का ब?गला देश के स्वातंर्त्य का युद्ध उनके सक्रिय सहयोग से ही जीता जा सका। महिला होते हुए भी दुर्गा देवी सी क्षमता और शक्ति का परिचय इस कुशल राजनीतिज्ञ के जीवन ने स्वाधीनता के वर्षों में प्रत्यक्ष अनुभव कराया। निर्गुट देशों के संगठन व विश्वशांति हेतू उनके प्रयासों को हमेशा याद किया जाएगा।

वक्ता डॉ. सुकल्याण मोईत्रा नें कहा कि भारत का लौह पुरुष स्वाधीनता संग्राम का गांधी का प्रमुख सेनानी, विलक्षण प्रतिभा का धनी यह व्यक्तित्व भारतीय इतिहास में एक असंभव कार्य को संभव कराकर अजर-अमर हो गया।

वक्ता सह जिला के उपाध्यक्ष डॉ. सविता शीतल ने कहा कि देश की स्वाधीनता के साथ वह टुकड़े-टुकड़े में नहीं बंटे बल्कि एकसंघ होकर दृढ़ शक्ति के रूप में खड़ा रहे, इसलिए सरदार नें अथक प्रयास किए।

वक्ता डॉ. प्रमोद कुमार नें कहा कि 500 से अधिक रियासतों को विलीन कर सारे देश की जनता में एकात्मकता का भाव निर्माण किया। नेजाम जैसे भटके शासक को सही रास्ते पर लाया, साथ ही काश्मीर में आक्रामक शासकों को भी भारत की शक्ति का परिचय दिया । उनकी इसी कार्यशैली से वे लौह पुरुष कहलाए ।

जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान नें बताया कि शहादत दिवस पर रक्तदान देनें वालों में जय शंकर पाठक, संजय कुमार तिवारी, राशिद खान, शिव नंदन साहू, शशि टुटी, रविन्द्र कुमार, अभिषेक कुमार अग्रवाल, सावन कुमार, सुरज कुमार आदि है । इस अवसर पर रक्तदान शिविर वॉलटरी बल्ड डोनर एसोसिएशन और हजारीबाग मेडिकल कालेज के सहयोग से लगाया गया जिसमें अध्यक्ष निर्मल जैन महासचिव विनीत छाबड़ा टेक्निशियन मोकीम अख्तर, निहाल राज, उदित प्रजापति का सहयोग रहा।

मौके पर जोनल कोडीनेटर भीम कुमार, डॉ. आरसी प्रसाद मेहता, सुश्री गुंजन सिंह ,जवाहर लाल सिन्हा, यमूना यादव, शशिकांत ओझा, अशोक देव, प्रखंड अध्यक्षों में प्रदीप मंडल, अजित कुमार सिंह, रविन्द्र गुप्ता, कैलाश पति देव, लाल मोहन रविदास, मोइनुद्दीन, नरसिंह प्रजापति, अब्बास अंसारी, गौतम मेहता, शिबू प्रसाद सोनी,ओमप्रकाश गोप जिला कार्यकारिणी के सदस्य आबिद अंसारी, विजय यादव, विरेन्द्र कुमार सिंह, शशि मोहन सिंह, साजिद हुसैन, बीसी मिश्रा, उपाध्यक्ष मिथिलेश दुबे, गोविंद राम, निजामुद्दीन अंसारी, राम सेवक सोनी, अजय कुमार गुप्ता, मकसुद आलम, बिनोद सिंह, धीरेन्द्र कुमार दुबे, कृष्णा कुमार यादव,सरयू यादव, सुनिल सिंह राठौर, लखराज सिंह, नरेश कुमार, मंसुर आलम, सुधीर कुमार पाण्डेय, कजरू साव, अफरोज आलम, तारिक रजा, सलीम रजा महासचिव जावेद इकबाल, बिनोद कुमार सिंह, मनोज मोदी, मनोज नरायण भगत, बिनोद यादव, राजू चौरसिय, कृष्ण कुमार सिंह, सुनिल कुमार ओझा, शेख अब्दुल्ला, दिलीप कुमार रवि, अब्दुल मनान वारसी, मो. असगर अली, विजय कुमार सिंह, रोहन ठाकुर, मो. जमाल, सदरूल होदा, पंकज कुमार गुप्ता, केडी सिंह, असगरी अंजूम सचिव बाबर अंसारी, सुनैना दुबे, महमूद आलम, ललितवेश्वर प्रसाद चौधरी, सैयद अशरफ अली, अनवर हुसैन,तसलीम अंसारी, विश्वास पासवान शैलेन्द्र कुमार यादव, मनिषा टोप्पो, प्रकाश कुमार यादव, सुरजीत नागवाल के अतिरिक्त सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

संपादकीय

यूपी में प्रलोभलन परोसने की होड़

उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनावी की उलटी गिनती शुरू होते ही सभी राजनीतिक दलों ने उत्तर प्रदेश में अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। मतदाताओं का मन मोहने के लिए राजनीतिक दलों में प्रलोभन परोसने की होड़ लग गई है। लगभग सभी राजनीतिक दलों ने किसानों का कर्ज माफ करने की घोषणा कर दी है। इसके अलावा कोई मुफ्त लेपटॉप देने की बात कर रहा है। तो कोई मुफ्त स्कूटी और कोई मुफ्त बिजली देने के वादे कर रहा है। अभी राजनीतिक पार्टियों का चुनावी घोषणा पत्र आना बाकी है। जाहिर है चुनावी घोषणा पत्रों में भी ऐसे लोक लुभावन वादों की भरमार होगी। वोट कबाड़ने की यह कोशिश अनुचित है। चुनाव आयोग तो पता नहीं क्यों वोट खरीदने की इन कोशिशों पर लगाम नहीं लगा पा रहा है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट को इस मामले में दखल देना चाहिए। जनता को मुफ्तखोर बनाने वाले राजनीतिक दलों के लिए सुप्रीम कोर्ट को दिशा निर्देश जारी करने चाहिए। कायदे से मुफ्त शिक्षा और मुफ्त चिकित्सा जैसी घोषणाएं मान्य है। लेकिन मुफ्त अनाज देना या अन्य वस्तुएं देना और किसानों का कर्ज माफ करना उचित नहीं है। राजनीतिक दल इतने ही दरिया दिल है तो वे अपने पार्टी फंड से मुफ्त में ऐसी चिजें दे सकते हैं। इस पर किसी को कोई आपत्ति नहीं होगी। लेकिन सरकारी खजाने से वोट कबाड़ने के लिए मुफ्त में चिजे देना सीधे-सीधे वोटा का सौदा वह भी कर दाताओं के गाढ़े खून पसीने की कमाई का दुरूपयोग है। जनता से मिले टैक्स का पैसा विकास कार्यों पर खर्च होना चाहिए न कि मुफ्त खोरी को बढ़ावा देने के लिए इस बाबत पूर्व में भी कई बार मुफ्त खोरी के खिलाफ आवाजें उठी है लेकिन वे खारखाने में तूती की आवाज बनकर रह गई है। राजनीतिक दलों में यह धारणा बन गई है कि जनता मुफ्त में चीजे पाकर ही वोट देती है। इस तरह राजनीतिक पार्टियों ने ही मतदाताओं को लालची बना दिया है। जो लोकतंत्र का मजाक ही नहीं बल्कि अपमान भी है। इससे स्वतंत्र और निश्पक्ष चुनाव की संभावना भी क्षिण हो जाती है। कायदे से चुनाव आयोग को मतदाताओं के वोट खरीदने की इस कवायद पर अंकुश लगाने के लिए कड़े कदम उठाने चाहिए लेकिन चुनाव आयोग ऐसा नहीं कर पा रहा है तो सर्वोच्च न्यायालय को इस मामले में दखल देना चाहिए। ताकि यह गलत परंपरा बंद हो और देश में हर जगह स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव हो सके।

विचार

भारत को दबने की जरुरत नहीं

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

इस बार ग्लासगो में होनेवाले जलवायु-परिवर्तन सम्मेलन शायद क्योतो और पेरिस सम्मेलनों से ज्यादा सार्थक होगा। उन सम्मेलनों में उन राष्ट्रों ने सबसे ज्यादा डींगें हांकी थीं, जो दुनिया में सबसे ज्यादा गर्मी और प्रदूषण फैलाते हैं। उन्होंने न तो अपना प्रदूषण दूर करने में कोई मिसाल स्थापित की और न ही उन्होंने विकासमान राष्ट्रों के लिए अपनी जेबें ढीली कीं ताकि वे गर्मी और प्रदूषित गैस और जल से मुक्ति पा सकें। संपन्न राष्ट्रों ने विकासमान राष्ट्रों को हर साल 100 बिलियन डॉलर देने के लिए कहा था ताकि वे अपनी बिजली, कल-कारखानों और वाहन आदि से निकलनेवाली गर्मी और प्रदूषित गैस को घटा सकें। वे सौर-ऊर्जा, बेटरी और वायु-वेग का इस्तेमाल कर सकें ताकि वातावरण गर्म और प्रदूषित होने से बच सकें। लेकिन डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका ने तो पेरिस समझौते का ही बहिष्कार कर दिया। ये सब संपन्न देश चाहते थे कि अगले तीस साल में जलवायु प्रदूषण याने कार्बन-डाइआक्साड की मात्रा घटे और सारे विश्व का उष्मीकरण ज्यादा से ज्यादा 2 डिग्री सेल्सियस तक हो जाए। इस विश्व-तापमान को 1.5 डिग्री तक घटाने का लक्ष्य रखा गया। अमेरिका और यूरोपीय देश, जो सबसे ज्यादा गर्मी फैलाते हैं, उनका दावा है कि वे 2050 तक अपने तापमान को शून्य तक ले जाएंगे। वे ऐसा कर सकें तो यह बहुत अच्छा होगा। वे यह कर भी सकते हैं, क्योंकि उनके पास वैसी तकनीक है, साधन हैं, पैसे हैं लेकिन यही काम वे इस अवधि में वैश्विक स्तर पर हुआ देखना चाहते हैं तो उन्हें कई वर्षों तक 100 बिलियन नहीं, 500 बिलियन डॉलर हर साल विकासमान राष्ट्रों पर खर्च करने पड़ेंगे। ये राष्ट्र अफगानिस्तान जैसे मामलों में बिलियनों नहीं, ट्रिलियनों डॉलर नाली में बहा सकते हैं लेकिन विकासमान राष्ट्रों की मदद में उदारता दिखाने को तैयार नहीं हैं। क्या वे नहीं जानते कि सारी दुनिया में तापमान-वृद्धि का दोष उन्हीं के माथे है? पिछले दो-ढाई सौ साल में एशिया, अफ्रीका और लातीनी अमेरिका का खून चूस-चूसकर उन्होंने जो अपना अंधाधुंध औद्योगीकरण किया और उपभोक्तावाद की ज्वाला भड़काई, उसने ही विश्व-तापमान उचकाया और उसी की नकल दुनिया के सारे देश कर रहे हैं। लगभग 50-55 साल पहले जब मैं पहली बार अमेरिका और यूरोप में रहा तो मैं वहां यह देखकर दंग रह जाता था कि लोग किस लापरवाही से बिजली, पेट्रोल और एयरकंडीशनिंग का दुरुपयोग करते हैं। अब इस मामले में चीन इन देशों को मात दे रहा है लेकिन भारत में प्रति व्यक्ति ऊर्जा का उपयोग सारी दुनिया के कुल औसत से सिर्फ एक-तिहाई है। भारत यदि कोयला और पेट्रोल आधारित अपनी ऊर्जा पर उतना ही नियंत्रण कर ले, जितना विकसित राष्ट्र दावा कर रहे हैं तो उसकी औद्योगिक उन्नति ठप्प हो सकती है, कल-कारखाने बंद हो सकते हैं और लोगों का जीवन दूभर हो सकता है। इसीलिए भारत को इस मामले में बड़ा व्यावहारिक होना है।

दुश्मनों का काल है 'आकाश प्राइम'

योगेश कुमार गोयल

रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार आकाश प्राइम 'सख्त ऑनबोर्ड इलैक्ट्रॉनिक सिस्टम' के साथ आएगी ताकि यह शून्य से 35-40 डिग्री सेल्सियस नीचे के तापमान पर भी काम कर सके, जो प्रायः जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में सर्दियों में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में औसत दैनिक न्यूनतम तापमान होता है। बहरहाल, मौसम की अलग-अलग स्थितियों में लक्ष्य को भेदने की क्षमता से लैस आकाश प्राइम मिसाइल का प्रयोग भारतीय वायुसेना द्वारा दुश्मन के हवाई हमलों से निपटने में किया जाएगा। यह मिसाइल पूरी तरह से गतिशील है और वाहनों के चलते काफिले की रक्षा करने में सक्षम है। यह मिसाइल ज्यादा ऊंचाई वाले ऐसे परिचालन क्षेत्रों में भी लक्ष्य को सटीकता से भेद सकती है, जहां तापमान बहुत कम होता है। दरअसल उच्च ऊंचाई पर कम तापमान वाले वातावरण में विश्वसनीय प्रदर्शन सुनिश्चित करना इस मिसाइल की बड़ी विशेषता है और मिसाइल की इसी विशेषता के कारण भारत के उत्तरी और उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों में सेना की ताकत में वृद्धि होना तय है।

उच्च तकनीक वाली मिसाइलों, अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों और उच्च कोटि के सैन्य उपकरणों को सेना के तीनों अंगों का अहम हिस्सा बनाए जाने के चलते एक ओर जहां भारत की सैन्य ताकत लगातार बढ़ रही है, वहीं दुश्मन देशों की हर प्रकार की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए भारतीय सेना भी सशक्त हो रही है। इसी कड़ी में पिछले दिनों भारतीय रक्षा अनुसंधान केन्द्र (डीआरडीओ) ने आकाश मिसाइल के नए अपग्रेडेड वर्जन 'आकाश प्राइम' का सफल परीक्षण करके सेना को मजबूत बनाने की दिशा में एक और बड़ी सफलता हासिल की। डीआरडीओ द्वारा यह परीक्षण तीव्र गति वाले एक मानवरहित हवाई लक्ष्य को निशाना बनाकर किया गया, जिसे 'आकाश-प्राइम' ने सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया। इस अपग्रेडेड आकाश मिसाइल को भारतीय सेना में शामिल किए जाने के बाद निसंदेह सेना की ताकत में बड़ा इजाफा होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 30 दिसम्बर 2020 को कैबिनेट की बैठक में भारत की स्वदेशी आकाश मिसाइलों का निर्यात करने का निर्णय भी लिया गया था, जिसके बाद अब दुनिया के अन्य देश भी इन मिसाइलों को खरीद सकते हैं। दरअसल ऐसी खबरें आती रही हैं कि फिलीपींस, बेलारूस, मलेशिया, थाईलैंड, यूएई, वियतनाम इत्यादि दुनिया के कुछ देश आकाश मिसाइलों की मारक क्षमता से प्रभावित होकर भारत से ये मिसाइलें खरीदना चाहते हैं।

निश्चित रूप से भारत के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि है कि जो देश अब तक अपनी अधिकांश रक्षा जरूरतें कुछ दूसरे विकसित देशों से आयात करके पूरी करता था, वह अब रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से कदम बढ़ाते हुए दूसरे देशों को सैन्य साजो-सामान निर्यात करने की ओर भी कदम बढ़ा रहा है। आकाश मिसाइल डीआरडीओ द्वारा विकसित और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड द्वारा निर्मित एक मध्यम दूरी की मोबाइल सैम (सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल) प्रणाली है, जो 18 हजार फुट तक की ऊंचाई पर 30-80 किलोमीटर दूर तक निशाना लगा सकती है। आकाश मिसाइल के विभिन्न संस्करणों में लड़ाकू जेट, हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइल, क्रूज मिसाइल और बैलिस्टिक मिसाइल जैसे हवाई लक्ष्यों को बेअसर करने की विलक्षण क्षमता है।

भारतीय थलसेना और भारतीय वायुसेना में आकाश एमके-1 तथा आकाश एमके-1एस की कई स्क्वाड्रन तो पहले से ही कार्यरत हैं। चीन के साथ हुए सीमा विवाद के दौरान गत वर्ष आकाश मिसाइल के कुछ संस्करणों को लद्दाख में एलएएसी पर भी तैनात किया गया था। इसके अलावा भारतीय वायुसेना द्वारा ग्वालियर, जलपाईगुड़ी, तेजपुर, जोरहाट, पुणे एयरबेस पर भी आकाश मिसाइलें तैनात की गई हैं। भारत में अभी तक आकाश मिसाइल के कुल तीन वैरिएंट मौजूद थे, जिनमें 30 किलोमीटर रेंज वाली 'आकाश एमके1', 40 किलोमीटर रेंज वाली 'आकाश एमके1एस' और 80 किलोमीटर रेंज की 'आकाश-एनजी' मिसाइलें शामिल थी। अब चौथा संस्करण 'आकाश प्राइम' भी आकाश मिसाइलों की इस श्रृंखला में जुड़ गया है। आकाश एमके1 और एमके1एस सभी मौसम में कम, मध्यम और ऊंचाई से प्रवेश करने वाले मध्यम दूरी के हवाई लक्ष्यों के खिलाफएक वायु रक्षा हथियार प्रणाली (एयर डिफेंस वेपन सिस्टम) है लेकिन आकाश प्राइम मिसाइल को इस तरह से तैयार किया गया है कि यह ऐसी परिस्थितियों से और भी बेहतर तरीके से निपट सके।

21 जुलाई 2021 को आकाश मिसाइल के अपडेटेड वर्जन 'आकाश-एनजी' (आकाश न्यू-जनरेशन) का भी सफल परीक्षण किया जा चुका है, जिसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला (डीआरडीएल) द्वारा विकसित किया गया और भारत इलैक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) तथा भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) द्वारा इसका उत्पादन किया जा रहा है। सतह से हवा में मार करने वाली भारतीय वायुसेना के लिए बनाई गई 19 फुट लंबी, 720 किलोग्राम वजनी और 1.16 फुट व्यास वाली आकाश-एनजी मिसाइल अपने साथ 60 किलोग्राम वजन के हथियार ले जा सकती है और 20 किलोमीटर की ऊंचाई तक जाकर करीब 60 किलोमीटर दूर स्थित लक्ष्य को भी भेद सकती है। इसकी रेंज 40 से 80 किलोमीटर है। आकाश सीरिज की यह मिसाइल दुश्मन को बचने की तैयारी का कोई अवसर नहीं देती क्योंकि इसकी गति 3.5 मैक अर्थात् 4321 किलोमीटर प्रतिघंटा है यानी यह महज एक सेंकेंड में ही सवा किलोमीटर की दूरी तय करती है। इस मिसाइल को बनाने की अनुमति वर्ष 2016 में मिली थी, जिसमें डुअल पल्स सॉलिड रॉकेट मोटर है, जो इसकी गति को बढ़ाती है। इसके अलावा इसमें एक साथ कई दुश्मन मिसाइलों या विमानों को स्कैन करने के लिए एक्टिव इलैक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड ऐरे मल्टी फंक्शन राडार (एमएफआर) लगा है।

डीआरडीओ द्वारा अब सतह से हवा में आसानी से अपने लक्ष्य को भेद सकने में सक्षम आकाश मिसाइल के जिस नए संस्करण 'आकाश प्राइम' का सफल परीक्षण किया गया है, वह पहले से मौजूद आकाश मिसाइल प्रणाली से कई मायनों में आधुनिक और बेहतर है। 560 सेंटीमीटर लंबी तथा 35 सेंटीमीटर चौड़ी आकाश प्राइम मिसाइल में कई अत्याधुनिक साजो-सामान जोड़े गए हैं और यह मिसाइल 60 किलोग्राम वजन तक के विस्फोटक अपने साथ ले जाने की ताकत रखती है। यह भारत की बेहद शक्तिशाली और तीव्र गति से हमला करने वाली मिसाइल है। आकाश प्राइम में आकाश मिसाइल के पुराने वर्जन में कई महत्वपूर्ण सुधार करते हुए ग्राउंड सिस्टम तथा अत्यधिक ऊंचाई पर जाने के बाद तापमान नियंत्रण के यंत्र को अपग्रेड किया गया है। इसके अलावा रडार, ईओटीएस तथा टेलीमेट्री स्टेशन, मिसाइल ट्रैजेक्टरी और फ्लाइट पैरामीटर्स को भी सुधारा गया है। कुछ रक्षा विश्लेषकों के मुताबिक वास्तव में इसे आकाश एमके1एस को फिर से री-डिजाइन करके तैयार किया गया है, जिसका भारतीय सेना द्वारा पांच बार परीक्षण किया जा चुका है और आज के समय की मांग को देखते हुए आकाश प्राइम पूरी तरह सक्षम है। आकाश प्राइम में स्वदेशी एक्टिव आरएफ सीकर (रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर) लगा है, जो दुश्मन के टारगेट को पहचानने की सटीकता और इसकी मारक क्षमता को बढ़ाता है। आरएफ सीकर यह सुनिश्चित करता है कि मिसाइल जिस लक्ष्य पर दागी गई है, वह हिट हो।

आकाश प्राइम मिसाइल अपने लक्ष्य को अधिक सटीक तरीके से भेदने में सक्षम है, जिसमें अधिक ऊंचाई वाले स्थानों में विषम जलवायु परिस्थितियों से निपटने के लिए रडार और ट्रैकिंग के साथ लांच सिस्टम के लिए कई अतिरिक्त फीचर्स भी मौजूद हैं। इनमें -20 डिग्री सेल्सियस से 60 डिग्री सेल्सियस तापमान पर भी बखूबी कार्य करने वाली बैटरियों की सुविधा होगी, जो इन्हें ठंडे मौसम की स्थिति में उपयोग के लिए व्यावहारिक बनाती है, जहां वायु रक्षा प्रणाली को लंबी अवधि के लिए विपरीत जलवायु में तैनात किया जाता है।

बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र बढ़ाने का सही फैसला

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

हाल के महीनों में ड्रोन देखे जाने के बाद, इन महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को ड्रोन विरोधी सुरक्षा कवर प्रदान करने के लिए श्रीनगर और जम्मू में एयर फोर्स स्टेशनों पर राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड को तैनात किया गया है। दरअसल, पंजाब में लगातार पाकिस्तान की तरफसे आए ड्रोन दिख रहे हैं। ये ड्रोन पंजाब में हथियार गिरा रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में कई बार पंजाब में ड्रोन से गिराए गए हथियारें की बड़ी खेप बरामद की गई है। सुरक्षा विशेषज्ञों को आशंका है कि पंजाब में गिराई गई हथियारें की ये खेप कश्मीर में सप्लाई होनी थी। इसी साल 3 अक्तूबर को जम्मू के सौजन गांव में ड्रोन से हथियार गिराए गए थे। सौजन में एके-47, 3 मैगजीन, 30 गोलियां और नाइट विजन डिवाइस गिराए गए थे। 9 अगस्त को अमृतसर में पाकिस्तान से आए ड्रोन ने हथियार गिराए थे। पंजाब के अमृतसर में हैंड ग्रेनेड, टिफिन बम, आईईडी और कारतूस गिराए गए थे।

पिछले दिनों केंद्र सरकार ने पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा से 50 किलोमीटर के दायरे में तलाशी लेने और गिरफ्तारी करने का अधिकार बीएसफ को दे दिया है। पहले यह दायरा 15 किमी तक ही सीमित था। अब इसे 15 से बढ़ाकर 50 किलोमीटर किए जाने के बाद पंजाब में सियासी घमासान शुरू हो गया है। सीएम चरणजीत सिंह चन्नी ने केंद्र से फौरन फैसला वापस लेने की मांग की, तो पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर ने केंद्र के फैसले को सही करार दिया है। पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने गृह मंत्रालय के इस फैसले को पंजाब के साथ धोखा करार दिया। चन्नी ने कहा इस फैसले के बाद आधे से ज्यादा पंजाब बीएसएफ के बहाने केन्द्र सरकार के कंट्रोल में चला जाएगा।

बीएसएफ का अधिकार-क्षेत्र बढ़ाने के बाद अब पूर्वोत्तर राज्यों-मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, नगालैंड, मेघालय-के साथ जम्मू-कश्मीर और लद्दाख सरीखे संघशासित क्षेत्रों में बीएसएफ का ऑपरेशन क्षेत्र पूरे राज्य में होगा। यानी सीमा के भीतर पूरी तरह अंदर जाकर बीएसएफ कार्रवाई कर सकता है, जबकि पंजाब, राजस्थान, गुजरात, पश्चिम बंगाल और असम में सीमा से 50 किलोमीटर राज्य के भीतर जाकर बीएसएफ तलाशी और गिरफ्तारी को अंजाम दे सकेगा। उन कार्रवाइयों के लिए अब उसे राज्य पुलिस, प्रशासन और अदालत के साथ समन्वय और अनुमति की बाध्यता नहीं होगी। विपक्ष की प्रतिक्रिया ऐसी ही होती है, लिहाजा पंजाब और बंगाल में भाजपा-विरोधी दलों ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के इस निर्णय को संघीय ढांचे के खिलाफ करार दिया है। पंजाब कांग्रेस की आशंका है कि मोदी सरकार इस निर्णय के जरिए राष्ट्रपति शासन थोपना चाहती है। इस निर्णय के पीछे पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह की सलाह भी मानी जा रही है। आकलन यह भी सामने आया है कि आधे पंजाब पर पुलिस के बजाय बीएसएफ का नियंत्रण होगा, लिहाजा इस तरह राज्य सरकार के अधिकार क्षीण होंगे। इसे संवैधानिक तौर पर उचित नहीं माना जा रहा है, क्योंकि संविधान में कानून-व्यवस्था को राज्य सरकार के अधीन का मामला तय

किया गया है। संविधान केंद्र सरकार को भी ऐसे संशोधन करने और सुरक्षा बल का अधिकार क्षेत्र बढ़ाने की शक्तियां देता है। अलबत्ता उसे संसद से पारित कराना भी लाजिमी है। मोदी सरकार ने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला माना है। पंजाब में हालात बेहद असुरक्षित हैं। वहां ड्रोन से हथियारों की आपूर्ति और नशीले पदार्थों की तस्करी की जाती रही है। संभव है कि पूर्व मुख्यमंत्री ने मुलाकात के दौरान गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल को पूरी तरह ब्रीफ किया होगा। पूर्व मुख्यमंत्री पंजाब कैप्टन अमरिंदर सिंह ने मीडिया के समक्ष कहा कि, पुलिस पूरी तरह से मजबूत है। पंजाब पुलिस अपना काम करेगी लेकिन जहां पर बीएसएफ की मदद की जरूरत पड़ेगी तो बीएसएफ आगे रहेगी। बीएसएफ को यह जिम्मेदारी न सिर्फ पंजाब में बल्कि अन्य राज्यों में भी दी गई है। पहले राज्य में 6 और अब 31 किलोमीटर तक ड्रोन आ रहे हैं। इसके बाद भी पंजाब सरकार इसे नजरअंदाज कर रही है। राज्य सरकार का यह कदम आलोचना योग्य है। बीएसएफ को लेकर राज्य का प्रशासन और स्वर्ण मंदिर अपने हाथों में लेने के आरोप बेबुनियाद हैं।

पाकिस्तान प्रायोजित आंतकी और अन्य गैर कानूनी गतिविधियों से जुड़ी खबरें लगातार मीडिया में आती रहती हैं। पंजाब में ड्रोन के द्वारा नशीले पदार्थों की खेप गिराने की खबरें लगातार प्रकाश में आ रही हैं। गुरूवार को पंजाब के अमृतसर में अजनाला थाना क्षेत्र के पास भारत-पाकिस्तान सीमा पर एक ड्रोन देखा गया। सीमा सुरक्षा बल की 73वीं बटालियन ने ड्रोन पर गोलियां चलाई, जिसके बाद यह वापस सीमा के पाकिस्तान की ओर चला गया। बीएसएफ और सुरक्षा एजेंसियां इस संदेह के बीच इलाके की तलाशी ले रही हैं कि ड्रोन का इस्तेमाल सीमा के भारतीय हिस्से में एक खेप गिराने के लिए किया गया था। ऐसा ही एक ड्रोन बीते 19 और 20 अक्टूबर की रात अमृतसर सेक्टर में भारत-पाक सीमा पर देखा गया था, जिसके बाद बीएसएफने फायरिंग कर दी थी। बताया जा रहा है कि बीएसएफ कर्मियों ने इलाके की तलाशी के बाद एक किलो हेरोइन और उससे जुड़ी लोहे की अंगूठी बरामद की। पहला ड्रोन हमला 27 जून को जम्मू में भारतीय वायु सेना स्टेशन पर हुआ था। सीमा पार से आए दो ड्रोनों ने बम गिराए, जिससे दो वायुसैनिक घायल हो गए और एक इमारत का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

भटकता ही रहा मैं दर बदर कुछ

भटकता ही रहा मैं दर बदर कुछ भी नही पाया, हुए नासूर सारे ज़ख्म के मैं सी नही पाया, भरम तो ज़िन्दगी का है अभी भी साँस चलने से, मगर जबसे गयी तू एक पल भी जी नही पाया।।

गोविन्द शर्मा

जब अपने चारों तरफ़ देखा करके

जब अपने चारों तरफ़ देखा करके गौर। ऐसा लगता आ गया, कट्टरता का दौर। कट्टरता का दौर, सदा इंसानी दुश्मन। होता कत्ले-आम, रुकेगी कैसे अनबन। बने पंथ निरपेक्ष, सभी सी लेते हैं लब। होकर हिंस्र प्रहार, परस्पर करते हैं जब।।

डॉ.बिपिन पाण्डेय

ख़ास पाती | उस दिन यूँ ही अचानक कहा

उस दिन यूँ ही अचानक कहा था तुमने शून्य में ताकते हुए से किसी गहरी सोच में डूबे हुये से धीमें से कहा था तुमने हम जिसे चाहते हैं वो हमारा क्यूँ नही होता अगर किसी के नसीब में हो बिछड़ना तो खुदा फिर मिलाता क्यूँ है और मैं बस देखती रही एकटक तुम्हारी आँखों में शायद जान लेना चाहती थी सब कुछ और मुझे मेरे प्रश्नों के संग यूँ ही तन्हा छोड़ गये तुम देखती रही तुम्हे जाते हुए कहना चाहती थी तुम्हे ऐ जिंदगी ठहर तो जरा देख लूँ तुझे जी भर के जरा पर तुम चले गये फिर कभी ना लौटने के लिये और मैं देखती रही इस उम्मीद के साथ शायद तुम लौट आओगे फिर एक बार... फिर कभी ना जाने के लिए । **डेज़ी जासवाल**

दीप जला अवनि पर हमारा, झूम

दीप जला अवनि पर हमारा, झूम उठा अंबर का तारा। मन की हिम्मत बने सहारा, तो चमके किस्मत का तारा । जगमग जग हम कर दें सारा, फैला दें ऐसा उजियारा। दूर कहीं बोला इकतारा, और नहीं कहीं ऐसा नज़ारा। **अलका अग्रवाल**

ऐसन महंगाई मा दीया कैसे जलावंव

ऐसन महंगाई मा दीया कैसे जलावंव, दीया तो मिल जाही तेल कहां से लावंव। खेत खार गाय गरुआ जम्मो बिक गेहे, अब खुद ला बारंव या परोसी ला बारंव। चांउर दार गोंदली नून घलो घर मा नइ हे, लैका ला में जुच्छा पसिया कैसे पिलावंव। मनरेगा स्कीम हा घलो्क बंद होगे हवय, काम बुता बर कोन शहर कोती मे जावंव। परधान ला कहिबे महंगाई रोकव तो कहिथे, ठहरो चार देस मे अउ घूम के तो आवंव।

डॉ संजय दानी

रिश्तों के झीने पहरन को यूँ ओढ़

रिश्तों के झीने पहरन को यूँ ओढ़ के रखा है तन पर हवा भी थोड़ी गर्म चले गर उड़ जाता है उथला आँचल रिश्तों के कच्चे धागों से भी कब जुड़ता है रिश्तों का बंधन अपनेपन का एहसास न हो तो टूट ही जाता है रिश्तों का बंधन खून के रिश्ते अक्सर दिखते रस्मों का सामाजिक बंधन मन का रिश्ता जोड़ सको गर तोड़ सके न रिश्तो का बंधन । **शिखा लाहिरी**

धुआँ ही धुआँ है, वो फ़िज़ायें अब

धुआँ ही धुआँ है, वो फ़िज़ायें अब कहाँ हैं कहाँ गये वो मंजर, वो घटायें अब कहाँ हैं उतर चुके हैं अब तो,हम खुद ही अपने अंदर कहाँ हैं वो समंदर ,वो हवायें अब कहाँ हैं कोई हक से बाँह थामे,और नाज़ ये उठाये हम जिसका साथ पाकर इतरायें,अब कहाँ हैं वहश्त सी हो रही है,घर जायें भी तो क्यूँ कर कहाँ हैं वो दुआयें ,वो वफ़ायें अब कहाँ हैं यह खुद ही रूठ जाना और खुद ही मान जाना सीने से आके हमको जो लगायें,अब कहाँ हैं कोई हमको भी तो रोके,कोई हमको भी पुकारे वापिस हमें बुला लें,वो सदायें अब कहाँ हैं।**अनु मित्तल**

कैसे तुम से वादा कर लूँ, जीवन अपना

कैसे तुम से वादा कर लूँ, जीवन अपना आधा कर लूँ ।। कुब्जी प्रीति तुम्हारी के संग मन को कैसे राधा कर लूँ।। सुई रखोगे नश्तर वाली कैसे खुद को धागा कर लूँ ।। कृपण नियति बाँटोगे मनभर कम से कैसे ज़्यादा कर लूँ ।। गूँगे गीत सिखाओगे जब स्वर को कैसे बाजा कर लूँ। लड़ बाँटोगे कुनबे अपने चूल्हा कैसे साझा कर लूँ। लूटोगे नित नई पतंगें उनसे जुड़ क्यों मांझा कर लूँ । होंगे सुबह-शाम फक्कड़ जब दिन को कैसे राजा कर लूँ ।। **कल्पना मनोरमा**

QUIZ TIME

1) संसद ने 9 अगस्त, 2021 को संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (संशोधन) विधेयक, 2021 पारित किया। इस संशोधन द्वारा अरूणाचल प्रदेश की किस अनुसूचित जनजाति को उस राज्य में चिन्हित अनुसूचित जनजातियों की सूची से हटा दिया गया है? (मिश्मी / अबोर / गारो)

2) किस देश ने हाल ही में संयुक्त राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की अध्यक्षा ग्रहण की है?

3) विश्व में सर्वाधिक सहकारी संस्थाएँ किस देश में है?

4) भारत में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों की संख्या है?

5) मिन आंग हलिंग ने किस देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला है?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) अबोर (2) भारत (3) भारत (4) 8 (5) म्यांमार

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय और विश्व इतिहास में 01 नवंबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1755 - पुर्तग़ाल की राजधानी लिस्बन में भूकंप से 50 हजार से अधिक लोगों की मौत। 1765 - ब्रिटेन के उपनिवेशों में स्टैम्प एक्ट लागू किया गया। 1800 - जॉन एडम्स व्हाइट हाउस में रहने वाले अमेरिका के पहले राष्ट्रपति बने। 1858 - भारत का शासन ईस्ट इंडिया कंपनी से ब्रिटेन के शासक के पास चला गया तथा गवर्नर-जनरल की जगह अब वायसराय की नियुक्ति की जाने लगी। 1881 - कलकत्ता में ट्राम सेवा स्यालदाह तथा अर्मेनिया घाट के बीच शुरू हुई। 1913 - स्वतंत्रता सेनानी तारकनाथ दास ने कैलिफोर्निया के सैन फ्रांसिस्को शहर में गदर आंदोलन की शुरुआत की। 1922 - ओटोमन साम्राज्य का अंत कर दिया गया। 1944 - द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटेन की सेना नीदरलैंड के वालचेरेन पहुंची। 1946 - पश्चिम जर्मनी के राज्य निदरसचसेन का गठन किया गया। 1950 - भारत में पहला भाप इंजन चितरंजन रेल कारखाने में बनाया गया। 1952 - जय नारायण ने राजस्थान के मुख्यमंत्री पद को ग्रहण किया। 1954 - फ़्राँसीसी क्षेत्र पांडिचेरी, करिकल, माहे तथा यानोन भारत सरकार को सौंपे गये। 1956 - कर्नाटक राज्य की स्थापना। भाषा के आधार पर मध्य प्रदेश राज्य का गठन किया गया। राजधानी दिल्ली केन्द्र शासित राज्य बना। 1958 - तत्कालीन सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया। 1966 - हरियाणा राज्य की स्थापना। 1972?- कांगड़ा ज़िले के तीन ज़िले कांगड़ा, ऊना तथा हमीरपुर बनाए गए।

न्यूज गैलरी

कोडरमा थाना में राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर पुलिसकर्मियों देश की एकता, अखंडता व सुरक्षा का संकल्प दिलाया गया

कोडरमा। लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर रविवार को कोडरमा थाना में राष्ट्रीय एकता दिवस सम्मान पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को नमन किया गया तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने का शपथ लिया गया। थाना प्रभारी राम नारायण ठाकुर ने बताया कि आज देश भर में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जा रहा है। जिसमें लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को नमन किया जा रहा है तथा उनके द्वारा देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए किया गया योगदान को याद किया जा रहा है। ऐसे में हम पुलिसकर्मियों ने भी देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए खुद को समर्पित करने का शपथ लिया तथा आमजन को भी सत्य निष्ठा के साथ देश के लिए समर्पित होने की अपील की।

चंद्रवंशी विकास मंच की बैठक सम्पन्न,15 नवम्बर को जरासंघ महाराज की जयंती समारोह आयोजित किया जायेगा

कोडरमा। चंद्रवंशी विकास मंच, नगर पंचायत कोडरमा की आवश्यक बैठक रविवार को वार्ड नंबर 8 महावीर मुहल्ला स्तिथ सामुदायिक भवन के प्रांगण में जयप्रकाश राम की अध्यक्षता व महेश भारती के संचालन में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से चंद्रवंशी विकास मंच कमिटी गठन व जरासंध महाराज जी का 15 नवम्बर को जयंती समारोह आयोजित करने के ऊपर विशेष रूप से चर्चा करते हुए उपस्थित समाज के महानुभावों ने समाज के राजनीतिक ,सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक विकास के प्रति जोर देते हुए कहा कि बेहतर समाज व देश के निर्माण में युवा वर्ग के लोगो की अहम भूमिका रहती है इसलिए अपने समाज की उन्नति में भी युवा वर्ग को आगे आने की जरूरत है।तभी हम बेहतर समाज का निर्माण के साथ राजनीतिक ,सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक विकास कर सकते है।बैठक में सर्व प्रथम 15 नवम्बर को जरासंध जयंती समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया जिसके लिए सर्व सम्मति से जयंती समारोह अयोजित करने हेतु 11 सदस्यीय युवा समिति जिसमे महेश भारती -अध्यक्ष, देवेंद्र कुमार -सचिव,संजीत भारती- कोषाध्यक्ष, प्रेम प्रकाश भारती, पवन कुमार चंद्रवंशी,अमरदीप कुमार चंद्रवंशी, विकाश कुमार चंद्रवंशी,अनुज कुमार राम,प्रवीण चंद्रवंशी,संतोष चंद्रवंशी को सदस्य के साथ जयप्रकाश राम,बीरेंद्र राम,प्रकाश राम,भुनेश्वर राम,उमेश राम,राजेन्द्र कुमार वर्मा,उपेंद्र कुमार वर्मा, सुरेंद्र भारती, अर्जुन प्रसाद,बिनोद कुमार उर्फ मुन्ना,महावीर राम,महेंद्र राम,रवि राम, रामेश्वर राम रवानी आदि को संरक्षक मंडल सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। वही बैठक में जयंती समारोह को सफल बनाने को लेकर 2 नवम्बर को कमिटी की बैठक कर उप समिति का गठन किया जायेगा।

भारतीय जनता पार्टी कोडरमा जिला की बैठक सरस्वती शिशु मंदिर ब्लॉक रोड में हुआ संपन्न

झुमरी तिलैया/कोडरमा। झुमरी तिलैया भारतीय जनता पार्टी कोडरमा जिला की एक बैठक सरस्वती शिशु मंदिर ब्लॉक रोड में हुई ।बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी ने किया तथा संचालन जिला महामंत्री अनूप जोशी ने किया ।बैठक में कोडरमा विधानसभा प्रभारी टुन्नु गोप ,जिले के सभी पदाधिकारी, सभी मंडल अध्यक्ष, सभी मंच मोर्चा के अध्यक्ष उपस्थित हुए । सबसे पहले डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई ।टुन्नू गोप जी ने कहा कि आज सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म जयंती है। हम सभी भाजपा कार्यकर्ता हर्षोल्लास से जयन्ती मनाया गया। सरदार वल्लभभाई पटेल देश के पहले गृहमंत्री थे आज उनकी याद में हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने सरदार बल्लभ भाई पटेल की सबसे बड़ी प्रतिमा बनवा कर विश्व में उनके नाम को अमर कर दिया।उन्होंने सभी मंडल अध्यक्ष अपने-अपने मंडलों में बैठक कर शक्ति केंद्रों पर प्रभारी संयोजक सहसंयोजक कि कमेटी एवं बूथ कमेटी बनाकर 15 नवंबर तक जिला अध्यक्ष को दे दे जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी ने कहा कि प्रदेश के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के पहले मंगलवार को जिला पदाधिकारियों की बैठक होगी प्रत्येक माह की पहले रविवार को सभी मंडलों में बैठक करना है सभी मंच मोर्चा के जिला अध्यक्ष को निर्देश दिया कि मंडल कमेटी जो अभी तक बची हुई है उसे 20 नवंबर तक बनाकर जिला अध्यक्ष को सौपे महामंत्री अनूप जोशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है पार्टी मे सक्रिय सदस्यों को बनने के लिए सौ सदस्य बनाने पड़ते हैं तभी सक्रिय सदस्य बनाया जाता है।तभी पार्टी के पदाधिकारी बन पाते हैं। इसलिए हम पार्टी में तन मन धन से कार्य करें और आज सरदार सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती है। आज अखंड भारत उनके ही योगदान से हुआ। उन्होंने देश के सभी राजे रजवाड़ों को भारत में विलय किया। इसके लिए भारत की जनता उन्हें नमन करती है। बैठक में उपस्थित जिला उपाध्यक्ष देवनारायण मोदी , शिवेंद्र नारायण सिन्हा, जूही दासगुप्ता, शिवलाल सिंह, जयप्रकाश राम ,बिंदेश्वरी बिहारी, जिला मीडिया प्रभारी चन्द्रशेखर जोशी मनोज कुमार झुन्नु, मंत्री सुधीर सिंह ,कांति देवी ,बैजनाथ यादव ,महेंद्र यादव ,सोशल मीडिया प्रभारी आकाश वर्मा, प्रवीण पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष किशोर पंडित, विजय यादव, सुरेंद्र यादव, शशि भूषण चौधरी, रामदेव मोदी, जयशंकर प्रसाद ,नरेंद्र पाल, किसान मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेंद्र मोदी, ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री देवेंद्र कुमार, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सूरज प्रताप मेहता, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष वासुदेव शर्मा, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष बैजनाथ दास, प्रदीप कुमार पाण्डेय, मुकेश मंडल, मनोज कुमार मेहता, अनिल कुमार यादव ,वीरेंद्र यादव, आदि उपस्थित हुए।

छठ घाटों की सफाई जोर सोर जारी

सूर्यपुरा। प्रखंड मुख्यालय स्थित सूर्य मंदिर तालाब स्थित छठ पूजा घाट की साफ सफाई पूरी जोर-शोर से की जा रही है। सूर्यपुरा छठ पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि छठ पूजा का समय नजदीक आने के तहत घाट के आस -पास साफ-सफाई व्यवस्था में तेजी लाया गया है। साथ ही बाजार व बंगला चौक के लोग यत्र त्र कूड़ा करकट न फेंके व सफाई व्यवस्था कायम रहे इसे ध्यान में रखते हुए स्थानीय जीप स्टैंड के पास एक बड़ा कूड़ेदान बनाया गया है, और लोगों से अपील किया जा रहा है कि छठ पूजा घाट के पास गंदगी न फैलाये,व कूड़ेदान का ही प्रयोग करें,जबकि दूसरी तरफ तालाब में अत्यधिक पानी होने के कारण घाटों के पास ब्रेकेटिंग करने आदि की व्यवस्था भी की जा रही है। वही छठ पूजा समिति के लोगो ने बताया कि अनुपम सौन्दर्य से युक्त इस पोखरे पर दूरदराज से आए लोग अपने सगे संबन्धियो के साथ छठ व्रत के लिए दो रोज पहले से ही आ जाते है तथा दूर-देश रह रह्ने लोग भी छठ में अपने घर आकर इस तालाब पर छठ पर्व करते है।

> सूर्यपुरा छठ पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि छठ पूजा का समय नजदीक आने के तहत घाट के आस -पास साफ-सफाई व्यवस्था में तेजी लाया गया है। साथ ही बाजार व बंगला चौक के लोग यत्र त्र कूड़ा करकट न फेंके व सफाई व्यवस्था कायम रहे इसे ध्यान में रखते हुए स्थानीय जीप स्टैंड के पास एक बड़ा कूड़ेदान बनाया गया है

किसानों की समस्या को लेकर शिवसेना ने सीएम को लिखा पत्र

कांकेर/अंतागढ़/नवप्रदेश। शिवसेना द्वारा पूरे प्रदेश में किसानों की समस्याओं को लेकर जन आंदोलन प्रारंभ किया गया है जिसके तहत शिवसेना द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ राज्य से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर प्रदेश में किसानों की समस्याओं को दूर करने की मांग किया जा रहा है।

इसी के तहत शिवसेना अंतागढ़ ईकाई द्वारा अनुभाग अधिकारी राजस्व अंतागढ़ के माध्यम से सीएम को ज्ञापन प्रेषित कर किसानों की समस्याओं को दूर करने की मांग किया गया। शिवसेना द्वारा प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ किसानों का प्रदेश है एवं धान का कटोरा है छत्तीसगढ़ प्रदेश कि सरकार प्रदेश के किसानों की समस्याओं को देखते हुए दिनांक 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ करें। क्योंकि किसान धान कटाई कर चुका है और उसको धान रखने की जगह नहीं है, सरकार किसानों को पिछला धान का बोनस एवं किसानों का संपूर्ण पिछला बकाया दिवाली के पूर्व प्रदान करें, सरकार द्वारा अपने वायदा अनुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त किसानों का दाना दाना सरकारी दर पर खरीदना प्रारंभ करें, विगत वर्ष धान खरीदी के लिए बारदाने की बहुत समस्या हुई थी इसलिए सरकार किसानों हेतु धान खरीदी के पूर्व बारदाना की व्यवस्था करें। क्योंकि पिछले वर्ष किसान बाजार से अधिक मूल्य पर बारदाना खरीद कर शोषित हुए थे।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर सभी पुलिस अधिकारियों ने लिया संकल्प

नवप्रदेश प्रतिनिधि बिक्रमगंज

इंदिरा गांधी का बलिदान दिवस व सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर मनाए जाने वाले राष्ट्रीय एकता दिवस पर स्थानीय थाना परिसर में पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को राष्ट्रीय एकता व अखंडता बनाए रखने सभी संकल्प दिलाया गया। एसडीपीओ शशि भूषण सिंह की मौजूदगी में सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता का संकल्प लिया। एसडीपीओ ने सभी पुलिस अधिकारियों व पुलिस जवानों को संकल्प दिलाया कि वह राष्ट्रीय एकता व अखंडता के लिए अपनी जान की बाजी लगा देंगे, पर विखंडन नहीं होने देंगे। इस दौरान थानाध्यक्ष मनोज कुमार, एस आई सुमन किरण कुमार, पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी, पुलिस जवानों की मौजूदगी रही।

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई

अमित कुमार नवप्रदेश सूर्यपुरा

सूर्यपूरा भारत के लौह पुरुष के नाम से विख्यात सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाते हुए स्थानीय कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं ने रविवार की सुबह विद्यालय की वार्डेन ममता कुमारी के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकालकर सूर्यपुरा में किया भ्रमण ,वहीं विद्यालय में पहुंचकर शिक्षिकाओं एवं छात्राओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करने के बाद निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया.

वार्डेन ममता कुमारी ने बताया कि विभागीय निर्देश के आलोक में रविवार की सुबह विद्यालय की छात्राओं के द्वारा विभिन्न तरह के स्लोगन लिखे हुए अपनी-अपनी हाथों में तख्ती लेकर सूर्यपुरा जीप स्टैंड ,सूर्य मंदिर ,बड़ा तालाब ,प्रखंड कार्यालय तथा गांधी मैदान एवं बंगला चौक का भ्रमण करते हुए भेदभाव को अब तुम छोड़ो संप्रदायिकता से नाता जोड़ो, गिले-शिकवे सब भुला कर एक दूसरे को गले लगा लो सहित विभिन्न तरह के नारा लगाते हुए छात्राओं ने लौह पुरुष की याद दिला दी.

जबकि उक्त विद्यालय में लौह पुरुष के जीवन वृत्त पर निधि कुमारी, पूजा कुमारी, दुर्गा कुमारी, काजल कुमारी, सीता कुमारी, कुसुम कुमारी, रूपा कुमारी, रागिनी कुमारी सहित अन्य छात्राओं ने निबंध प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता कार्यक्रम में भाग लिया जिसके बाद प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी छात्राओं को पारितोषिक वितरण भी किया गया ,मौके पर पूर्णकालिक शिक्षिका समसा खातून, रंजू देवी ,व्यावसायिक शिक्षिका कुमारी उपासना ,विद्यालय के सहायक चंदन कुमार चंदन, इंदु लेस कुमार ,आरती कुमारी ,गुड़िया कुमारी, रामायण सिंह शामिल थे.वहीं उर्दू मध्य विद्यालय सूर्यपुरा में एच एम विश्वनाथ प्रसाद के नेतृत्व में सभी शिक्षकों तथा स्टूडेंट्स ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी जयंती मनाई,

कांग्रेसियों ने पूर्व पीएम इंदिरा गांधी एवं सरदार पटेल को किया याद

झुमरी तिलैया/कोडरमा। कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी जी के सहादत दिवस,एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्म जयंती पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस निर्देशित कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष मनोज सहाय पिंकू के आवासीय कार्यालय पर अखंड एवं सबल भारत के निर्माता दोनों महानुभावों के चित्र पर माल्यार्पण कर कांग्रेसजनो ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष निर्मल कुमार ओझा,वरिष्ठ कांग्रेसी अनवारूल हक,प्रदेश प्रतिनिधि तुलसी मोदी,पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष गणेश स्वर्णकार,वरीय उपाध्यक्ष राम लखन पासवान,उपाध्यक्ष आशीष पांडेय,असंगठित कामगार प्रदेश उपाध्यक्ष भागीरथ पासवान, जिला महासचिव संजय सेठ, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष फैयाज कैसर,पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष केसरी देवी,प्रवक्ता संजय कुमार शर्मा,केबी सहाय जन कल्याण संस्था कोडरमा प्रभारी महिला नेत्री प्रीति सहाय,सचिव अरविंद सेठ,सुबोध कुमार,पूर्व युवा अध्यक्ष उमेश साव,सतगावां प्रखंड अध्यक्ष विजय प्रसाद सिंह,मरकच्चो प्रखंड अध्यक्ष केदार राणा,जयनगर प्रखंड अध्यक्ष फहीम खान,कोडरमा नगर पंचायत अध्यक्ष राजू सिंह, मो मंजूर,चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रभारी हृदयनाथ मिश्रा,सेवादल के गौतम सिंह,सोशल मीडिया प्रभारी भोला दास,जहीरूद्दीन,वीरेंद्र कुमार, मुखिया प्रभु भुईयां,सुमन कुमार सिराज अंसारी,सहित नगर एवं जिले के कांग्रेसजनों ने देश एवं कांग्रेस के दोनों महान विभूति को नमन किया।तत्पश्चात कांग्रेसजनों द्वारा स्थानीय आर्यन अस्पताल में रक्तदान कर एवं मरीजों के बीच फल खाद्य सामग्री एवं मास्क का वितरण किया गया साथ ही केबी सहाय फाउंडेशन कि कोडरमा प्रभारी प्रीति सहाय द्वारा अस्पताल कर्मियों के बीच टी-शर्ट एवं मास्क का वितरण किया गया।

छठव्रतियो की सेवा करना सौभाग्य की बात: रिकुं सोनी

नवप्रदेश प्रतिनिधि डालमियानगर

स्वर्णकार समाज बिकास एवं शोध संस्थान की बैठक स्थानीय एस बी कॉम्पलेक्स मे संस्थान के नगर अध्यक्ष संतोष सोनी की अध्यक्षता मे दिपावली एवं महान छठ व्रत पुजा हेतु की गई। इस बैठक को संबोधित करते हुए संस्थान के प्रदेश प्रधान महासचिव रिकुं सोनी ने कहा कि हमारे समाज का इतिहास रहा है कि हम सभी सेवा भावना के साथ लोगो के हर सुख दुख के सहभागी रहे है जिसका सारा श्रेय आप सभी सहयोगियो को जाता है इसी कडी मे प्रत्येक वर्ष की भाती इस वर्ष भी छठव्रतधारियो को सेवाभाव के साथ व्रतधारियो के बीच साडी का वितरण करना हमसभी का सौभाग्य की बात है ,आने वाले दिपावली के त्योहार और महान छठपुजा का त्योहार के लिये लोगो से लोकल फौर वोकल की अपिल समाज के द्वारा किया गया ।अपने अध्यक्षीय बातो को रखते हुये संतोष सोनी ने सभी संस्थान के सदस्यो को दिपावली एवं छठपुजा की बधाई देते हुये कहा कि समाज के लोगो को दिन हो या रात जब जरूरत होगी सदैव तत्पर रहुंगा ।समाज के द्वारा साडी वितरण एक सेवा भावना है जिसमे हम सभी मिलजुलकर इस सेवा को करेगे। बैठक का संचालन विक्की कश्यप ने किया इस बैठक मे मुख्य रूप से उपस्थित जिला अध्यक्ष सुनील शरद पार्षद प्रतिनिधि मुकेश सोनी अतुल सोनी पूर्व पार्षद सुरेंद्र सेठ राम अवतार संजय सोनी पिंटू कुमार संदीप कश्यप उर्फ टुनटुन संतोष सोनी गुड्डू सोनी दीपक सोनी आदि उपस्थित थे

लौह पुरुष बल्लव भाई पटेल की 147 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई

सरदार वल्लभ भाई पटेल भारत के पहले गृहमंत्री और महान स्वतंत्रता सेनानी थे: डॉ निर्मल कुशवाहा

एकता के प्रतीक थे बल्लभ भाई पटेल: विशाखा सिंह

नवप्रदेश प्रतिनिधि डेहरी। स्थानीय जीटी रोड स्थित बस स्टैंड में पटेल स्मारक निर्माण समिति के अध्यक्ष मोद नारायण सिंह की अध्यक्षता में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 147 वीं जन्म जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह का उद्घाटन कर्ता वरिष्ठ चिकित्सक जद यू औरंगाबाद लोकसभा प्रभारी डॉक्टर निर्मल कुशवाहा एवं मुख्य अतिथि नगर परिषद डालमियानगर की मुख्य पार्षद विशाखा सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में पहुंचे अतिथियों ने लौह पुरुष के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। डॉ निर्मल कुशवाहा ने कहा कि पटेल जी को नमन करते हुए कहा कि गुलाम भारत को आजाद करवाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित करने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल को कौन नहीं जानता वह स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री और भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी थे साथ ही स्वतंत्र भारत के उप प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने भारतीय संघ के साथ सैकड़ों रियासतों का विलय किया उन्होंने कहा कि उनके अविश्वनीय और अद्भुत कूटनीतिक कौशल और नीतिगत दृढंता की वजह से उन्हें लौह पुरुष की संज्ञा दी गई थी। आजादी के बाद विभिन्न रियासतों में बिखरे भारत को भू राजनीतिक एकीकरण में केंद्रीय भूमिका निभाने में पटेल को भारत का बिस्मार्क और लौह पुरुष भी कहा जाता है। मुख्य पार्षद विशाखा सिंह ने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल ने पूरे देश को एक सूत्र में बांधने का काम किया इसलिए उन्हें सूत्रधार कहा गया है वह एकता के प्रतीक थे। हम लोग के द्वारा पटेल स्मारक निर्माण समिति को जो भी सहयोग होगा किया जा रहा है। समारोह को मुमताज अंसारी नंदलाल गुप्ता गुड्डू पटेल अजय पटेल अजय कुशवाहा सहित उपस्थित वक्ताओं ने उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। इस मौके पर पार्षद संजीत सिंह राम इकबाल सिंह शंभू चौधरी अवधेश ठाकुर हरिनारायण सिंह मालती देवी सरिता देवी गीता सोनी रिंकी देवी संजू देवी सीताराम सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राजू सिंह ने किया।

पिंजरे में कैद हुआ एक और खूंखार आदमखोर तेंदुआ

नगरी/नवप्रदेश। वन विभाग के द्वारा लगाए गए पिंजरे में एक तेंदुआ फिर कैद हुआ है। बता दें कि सिहावा इलाके में इन दिनों तेंदुए ने आतंक मचा रखा है जिससे इलाके में लोगों के बीच दहशत फैला हुआ है। दरसअल बीते 12 अक्टूबर को ओड़िशा के नवरंगपुर परिजन के साथ से सिहावा के श्रृंगी ऋषि दर्शन के लिए आये बच्चे पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया था जिसके बाद लोगों में वन विभाग के खिलाफ लोगों में आक्रोश देखा गया था और सिहावा बस स्टैंड में चक्काजाम किया था। इसके बाद वन विभाग द्वारा इलाके में अलग-अलग स्थान पर चार पिंजरे लगाए गए थे जिसमें एक तेंदुए बीते 22 अक्टूबर को पिंजरे में कैद हुआ था। वहीं रविवार सुबह एक तेंदुआ कैद हो गया जिसे टाइगर रिजर्व में छोड़ा गया। इलाके में अब तक तक तेंदुए के हमले से तीन बच्चों की मौत हो चुकी है

तेंदुए के कैद होने लोगों में थोड़ी राहत जरूर है। वहीं लोगों की माने तो अभी और भी तेंदुए की मौजूदगी है। इधर तेंदुआ की मौजदूगी से लोगों में लगातार दहशत देखा जा रहा था तो वहीं वन विभाग की टीम भी तैनात होकर लगातार लोगों को समझाइश दी जा रही थी जिससे किसी प्रकार की जान माल की क्षति ना हो इधर तेंदुआ की पिंजरे में कैद होने की खबर सुनकर झलक पाने लोगों की भारी संख्या में भीड़ लग गई। बिड़गुड़ी वन परिक्षेत्र अधिकारी दीपक गावड़े ने बताया कि सिहावा गणेश घाट पर पहाड़ी के नीचे पिंजरा लगाया था जिसमें तेंदुआ फंसा। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर टाइगर रिजर्व क्षेत्र में छोड़ा गया।

पुरानी पेंशन बहाली के लिए बाईक रैली आज

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के बैनर तले आज ओपीएस बहाली बाईक रैली निकालकर पुरानी पेंशन की मांग को बुलन्द किया जाएगा। जिले के एनपीएस कर्मचारी इस रैली में शामिल होंगे। पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय आईटी सेल प्रभारी बसंत चतुर्वेदी ने बताया कि 1 नवम्बर को राज्योत्सव है तथा 1 नवम्बर को ही छत्तीसगढ़ में एनपीएस काला कानून लागू किया गया था। 1 नवम्बर को दोपहर 1 बजे कचहरी चौक के पास एनपीएस कर्मचारी एकत्रित होकर राजगीत अरपा पैरी के धार का सामूहिक गायन करेंगे। इसके बाद पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर बाइक रैली झंडा बेनर के साथ बीटीआई चौक होते हुए कलेक्ट्रेट जायेगी।

रोहतास पुलिस की बड़ी कार्रवाई हत्याकांड में शामिल सुपारी किलर सहित तीन अपराध कर्मियों को किया गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता डेहरी

पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने अपने कार्यालय कक्ष में रविवार को प्रेस वार्ता में बताया कि सासाराम नगर थाना अंतर्गत 10 अक्टूबर को अज्ञात अपराध कर्मियों के द्वारा राजगृह बिंद उर्फ राजेंद्र प्रसाद मोहल्ला दलेलगंज अठ खम्भा थाना सासाराम नगर की गोली मारकर हत्या कर दिया गया था। इस संबंध में वादी के लिखित आवेदन के अधार पर सासाराम नगर थाना में कांड दर्ज किया गया था । एसपी ने बताया कि इस मामले को काफी गंभीरता से लेते हुए इस घटना में शामिल अपराध कर्मियों की त्वरित गिरफ्तारी के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सासाराम के नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक सह थाना अध्यक्ष सासाराम नगर कामाख्या नारायण सिंह एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों का एक विशेष टीम का गठन किया गया था। विशेष टीम के द्वारा इस घटना में शामिल अपराध कर्मियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी किया जा रहा था लेकिन पुलिस के भय से अपराध कर्मी भागे फिर रहे थे। इसी क्रम में मृतक के भतीजा रामा शंकर कुमार मोहल्ला दलेलगंज सासाराम को हिरासत में लेकर उनसे कड़ाई से पूछताछ किया गया ,जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि जमीनी विवाद को लेकर राजगृह बिंद उर्फ राजेंद्र प्रसाद को हत्या करवाने के लिए 90 हजार रुपये में गोलू कुमार ग्राम बेदा थाना सासाराम को सुपारी दी थी। हिरासत में लिए गए रामाशंकर कुमार की निशानदेही पर कांड में शामिल सुपारी किलर गोलू कुमार ग्राम बेदा थाना सासाराम को बेदा नहर से गिरफ्तार किया गया तथा गोलू कुमार की निशानदेही पर कांड में शामिल अन्य सुपारी किलर रोहित कुमार ग्राम बिलाढ़ी थाना दरिगांव को इनके घर से गिरफ्तार किया गया । एसपी ने बताया कि उपरोक्त दोनों सुपारी किलर के द्वारा पैसा लेकर राजगृह बिंद उर्फ राजेंद्र प्रसाद को गोली मारने की बात स्वीकार किया गया है । घटना में शामिल एक अन्य सुपारी किलर फरार है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार पुलिस के द्वारा छापामारी किया जा रहा है, जिसे जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।उन्होंने बताया कि उपरोक्त अपराध कर्मियों के द्वारा इस घटना में अपनी अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है तथा इन सभी का अपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है।

किसान चेतना मंच ने 8 सूत्रीय मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। जिले भर के किसानों ने जांजगीर के कचहरी चौक में किसान एकता मंच के बैनर तले एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने दो साल का बोनस बकाया होने पर नाराजगी जताई और राज्य सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया।

किसानों ने कहा कि राज्य में सरकार बनाने के पहले कांग्रेस नेताओं ने किसानों के पक्ष में जो वादे घोषणा पत्र में किये थे वो आज भी अधूरे हैं। किसानों ने पिछले 30 सितंबर को प्रदर्शन किया था और अपनी मांगों को शासन के समक्ष रखा था मगर आश्वासन के बावजूद मांग पूरा नहीं होने पर 27 अक्टूबर को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर आंदोलन की चेतावनी दी थी जिसके तहत आज जांजगीर के कचहरी चौक में धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान 8 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया जिसमें मुख्य रूप से -गौठानों में आवारा पशुओं को रखने की अनुमति गौठान समिति को देना, फौती दर्ज कराने किसानों को राजस्व कार्यालय के चक्कर काटने पड़ते हैं जिसमे दिक्कतों का सामना करना पड़ता है इस काम के लिए उन्हे 5000 से 10000 हजार रू खर्च करने पड़ते है जिसके निदान के लिए फौती दर्ज करने का अधिकार पूर्व की भांती पंचायतों को सौंपना, धान खरीदी प्रारंभ होने से पूर्व पर्याप्त बारदाना की व्यवस्था की जाए।

न्यूज गैलरी

प्रथम पृष्ट का शेष

अजय मिश्रा को कांग्रेस के दो कार्यकर्ताओं ने काले झंडे दिखाए और उनकी कार पर अंडे फेंके. कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 3 अक्टूबर को लखीमपुर खीरी के तिकुनिया में किसानों को रौंदे जाने की घटना के विरोध में अजय मिश्रा टेनी का विरोध किया.

गौरतलब है कि यूपी के लखीमपुर खीरी में 3 अक्टूबर को तिकुनिया में चार किसानों को रौंदे जाने के बाद भड़की हिंसा में एक पत्रकार समेत चार और लोगों की मौत हो गई थी. किसानों को रौंदे जाने के मामले में अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा मोनू मुख्य आरोपी हैं. किसान संगठन और विपक्षी दल अजय मिश्रा टेनी के इस्तीफे की मांग करते रहे हैं.

वर्षीय जुड़वां भाई शिवराम और शिव नाथ का जन्म सन 2000 में हुआ था. बताया जाता है कि इनके जैसे अनूठी शारीरिक बनावट के पूरे देश मे कही जन्म नहीं हुआ था जिसके कारण लोग इन्हें देखने दूर दूर से आते थे.

इधर, जुड़वां भाइयों की मौत के बाद इलाके में शोक की लहर है. घटना के बाद पुलिस मौके पर कई घंटों के इंतजार के बाद पहुंची. ग्रामीण आखिर मौत की वजह जानना चाहते थे लेकिन इस संदेहास्पद मौत का राज अब राज ही रह जाएगा. मीडिया के दखल के बाद जैसे-तैसे चौकी प्रभारी बीके सोम शमशान घाट पहुंचे जहां डेड बॉडी की शिनाख्त करने खुद ही डॉक्टर बन गए और मीडिया को ही डॉक्टर बन दोनों की नेचुरल डेथ करार देकर मामला रफादफा कर दिया. उन्होंने एक बार भी पोस्टमॉर्टम करवाकर मौत की असली वजह जानने की कोशिश तक नहीं की. हालांकि घर वालों का ये भी कहना है कि 1 दिन पहले दोनों बुखार हुआ था लेकिन अचानक से हुई मौत के बाद पूरा मामला ही संदिग्ध हो गया है.

मौत की असल वजह सामने नहीं आ पाई

हालांकि, शिवनाथ और शिवराम चर्चित होने के साथ साथ नशे के भी आदी हो गये थे. उनकी मौत को नशे से भी जोड़कर देखा जा रहा है लेकिन पोस्टमॉर्टम न होने से मौत की असल वजह सामने नहीं आ पाई. मौत की वजह अब तक ग्रामीणों के हलक से नीचे उतर नहीं पा रही है.

आपको बता दें कि शिवराम और शिवनाथ जुड़वां भाइयों की स्टोरी कई नेशनल और इंटरनेशनल टीवी शो में चली थी. स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इन भाइयों पर रिसर्च भी की थी. कई बार दोनों को शरीर से अलग करने की भी बात सामने आई थी, लेकिन शारीरिक बनावट की जटिलताओं की वजह से उन्हें अलग नहीं किया जा सका.

मर्चेंट और फैशन मॉडल मुनमुन धमेचा के साथ, मुंबई तट पर एक क्रूज जहाज पर ड्रग छापे के दौरान गिरफ्तार किए जाने के 25 दिन बाद, बॉम्बे हाईकोर्ट ने गुरुवार को जमानत दे दी थी।

याचिका में मंत्री नवाब मलिक का भी है जिक्र

वकील एमएल शर्मा की ओर से दायर इस जनहित याचिका में महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक की ओर से एनसीबी के अधिकारी समीर वानखेड़े और अन्य के खिलाफ लगाए गए आरोपों का उल्लेख किया गया है। वकील शर्मा ने पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग की है। याचिका में सीबीआई जांच की मांग के अलावा तत्काल मामले में 'सभी गवाहों को सुरक्षा' मुहैया कराने का निर्देश देने की भी मांग की गई है।

करने के लिए एकजुट होकर कार्य करें एवं प्रदेश और देश की प्रगति में सहभागी बनें।

वहीं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को एक नवम्बर राज्य स्थापना दिवस पर बधाई दी है। सीएम ने कहा है कि छत्तीसगढ़ अपने निर्माण का 21 वां वर्ष पूर्ण कर 22 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। हमारा युवा छत्तीसगढ़ ऊर्जा और आत्मविश्वास से भरा हुआ है। इस ऊर्जा का सही दिशा में इस्तेमाल करते हुए हमें छत्तीसगढ़ राज्य को एक मॉडल राज्य बनाना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' का संकल्प लेकर मजूबत इच्छाशक्ति के साथ आगे बढ़ रही है। राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति, संस्कार और संसाधनों को संरक्षित और सवंर्धित करने के साथ ही सुलभ और सुचारू प्रशासन व्यवस्था लागू करने की दिशा में कदम उठाए हैं। विकास प्रदेश के हर कोने और हर व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए नई प्रशासनिक ईकाइयों का गठन किया गया है।

तक पहुंचाया गया है. हमने राम का नाम गरीबों के काम के साथ जोड़कर आगे रखा. राम का नाम सत्ता प्राप्ति के लिए नहीं, बल्कि गरीबों की सेवा के लिए है. कार्यक्रम में यूपी सीएम ने बाबरी ढांचे को गुलामी का ढांचा बताया.

14 से 29 नवंबर तक महंगाई का विरोध करेगी कांग्रेस, बनाई रणनीति

रायपुर/नवप्रदेश। जनजागरण अभियान समिति की रविवार को राजीव भवन में बैठक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर 14 नवंबर से 29 नवंबर तक महंगाई के विरोध में होने वाले प्रदेशव्यापी अभियान की रूप रेखा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम की उपस्थिति में संपन्न हुयी। समिति के सभी सदस्यों इस महत्वपूर्ण जन जागरण अभियान समिति के आयोजन के लिये सुझाव लिया गया और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम के द्वारा दिशा निर्देश भी दिया गया। बहुत जल्द समिति के द्वार एआईसीसी के निर्देश और प्रदेश कांग्रेस के मार्गदर्शन में रूप रेखा एवं कार्य योजना पदयात्राओ के मार्ग जल्द तैयार की जायेगी। केन्द्र सरकार की विफलताओं महंगाई और राज्य सरकार की उपलब्धियों को प्रदेश से बूथ स्तर पर जन-जन तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। साथ ही प्रदेश कांग्रेस के सभी बड़े नेता और कांग्रेस के सभी मोर्चा संगठनों को जोड़कर उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। बैठक में प्रभारी महामंत्री संगठन चंद्रशेखर शुक्ला, खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, महामंत्री एवं समन्वयक पियुष कोसरे की उपस्थिति में तय की गयी।

घर के अंदर घुसकर आलमारी से नगदी व गहना चोरी, मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के डीडीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चंगोराभाठा में महिला घर में नहा रही इसी दौरान चोर दरवाजा खोलकर आलमारी में रखे गहने व नगदी 10 हजार रुपये चोरी कर लिया। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 380,457 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक यू चंगोराभांठा निवासी पवन साहू 37 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि प्रार्थी अपने परिवार के साथ मनहरण साहू के मकान में किराये से रहता 30 अक्टूबर को काम से गया था तभी उसकी पत्नी दुर्गा साहू ने फोन कर बताई कि घर में चोरी हो गया। वापस घर आने पर पता चला कि उसकी पत्नी दुर्गा साहू दोपहर करीबन 1.00 बजे अपने घर के दरवाजा को बंद कर नहाने के लिये छत में गई थी उसी समय दरवाजा खुलने का आवाज आया तब वह सोची की स्कूल से बच्चे आये है इसलिए उसने ध्यान नहीं दिया। जब वह नीचे आई तो देखा रूम का दरवाजा खुला हुआ है और आलमारी का सामान जमीन में बिखरा पड़ा है। आलमारी के लाकर में रखे पुरानी इस्तेमाली 2 नग सोने का मंगल सूत्र, 1 जोडी चांदी का पायल एवं नगदी 10,000 रुपये तथा आर्टिफिशीयल जूलरी 1 सेट नेकलेश नहीं था।

जेनेरिक दवाओं से आम आदमी को काफी राहत मिली : उपासने

■ ब्रांडेड दवाईयों से काफी सस्ती है और असरकारक है जनऔषधि की जेनेरिक दवाएं

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जन औषधि केन्द्र के माध्यम से आम आदमी को सस्ती दवाएं देने की दिशा में छत्तीसगढ़ सिख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन की पहल से अब रायपुर नगर के लोग काफी संख्या में लाभान्वित हो रहे हैं।

राष्ट्रीय एकता सप्ताह यूनिटी डे के अवसर पर कल महावीर नगर गुरूव्दारा में जन औषधि मित्र सम्मेलन को संबोधित करते हुए जनौषधि कल्याण जागरुकता समिति के राष्ट्रीय महामंत्री सचिदानंद उपासने ने कहा कि प्रधानमंत्री जनौषधि योजना के देशव्यापी अभियान से लोगों के दवाईयों के खर्च में काफी कमी आई है। इससे लोगों को काफी राहत मिली है। उन्होंने एसोसियेशन की सेवा भाव से चलाई जा रही डिस्पेंसरी की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे नेक कार्य सिक्ख धर्म की शिक्षा का हिस्सा है।

एसोसिएशन के संयोजक जीएस बॉम्बरा ने बताया कि छत्तीसगढ़ सिख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन का उद्देश्य सरबत का भला है। इसी उद्देश्य के अनुसार एसोसयेशन व्दारा 29 नवंबर 2018 से महावीर नगर गुरुव्दारा परिसर में गुरु अंगददेव साहिब मेडिकल शॉप का शुभारंभ किया गया है। जिसमें प्रधानमंत्री जन औषधि योजना के अंतर्गत सस्ती दर पर दवाईयों का विक्रय किया जा रहा है। इसके अतंर्गत 1450 जेनेरिक दवाईया तथा 250 उपकरण आते हैं। जेनेरिक दवाएं 50 प्रतिशत से भी ज्यादा सस्ती होती है।

छत्तीसगढ़ सिख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य सरदार बी.एस.सलूजा ने बताया कि वे लगातार जेनेरिक दवाइयों का ही उपयोग कर रहे हैं और पूरी तरह से स्वस्थ हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है किसी भी बीमारी के लिए जनौषधि केन्द्र की जेनेरिक दवाओं का उपयोग करें। यह दवाएं वैसी ही हैं जैसी ब्रांडेड दवाएं काम करती है। यह सस्ती होने के कारण आम आदमी के लिए खरीदना व उपयोग करना आसान है। उन्होंने कहा कि कि जेनेरिक दवाओं और ब्रान्डेड दवाओं की गुणवत्ता कोई अन्तर नहीं होता।

इस अवसर पर कोलंबिया इस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, रायपुर के छात्रों व जन औषधि के जागरूकता का प्रचार प्रसार करने वाले 40 सहयोगियों को टी-शर्ट एवं कैप वितरित की गई। कार्यक्रम में पांच सहयोगियों को जन औषधि मित्र एवं पांच को जन औषधि प्रबुद्ध नागरिक प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जन औषधि मित्र सम्मेलन में स्वामी आत्मानंद वार्ड के पार्षद अमर बंसल, छत्तीसगढ़ सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसियेशन के संयोजक सरदार जे.एस. बाम्बरा, आर.एस.आजमानी, दलजीत सिंह डडियाला, अवतार सिंह प्लाहा, कुलदीप सिंह छाबड़ा, लखिन्दर सिंह चावला, अमोलक सिंह, अजीत सिंह राजपाल, जगपाल सिंह, भूपिन्दर सिंह, संतोख सिंह,सुखबीर सिंह सिंघोत्रा उपस्थित थे।

कांग्रेस ने सरदार पटेल, इंदिरा गांधी का पुण्य स्मरण किया

रायपुर/नवप्रदेश। देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर दोनों नेताओं का पुण्य स्मरण करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि सरदार पटेल और स्व. इंदिरा गांधी दोनों ने देश की एकता और अखंडता के लिये पूरा जीवन दे दिया। सरदार पटेल ने रजवाड़ों के बंटे भारत को एककर अखंड भारत का निर्माण किया। इंदिरा जी ने बैंको के राष्ट्रीयकरण हरित क्रांति के माध्यम से देश को संपन्न बनाने में योगदान दिया। पंडित जवाहर लाल नेहरू के द्वारा रखे गये आधुनिक भारत की नींव पर इंदिरा गांधी ने मजबूत भारत का निर्माण किया। इस अवसर पर मंत्री कवासी लखमा, पूर्व मंत्री सत्य नारायण शर्मा, वरिष्ठ नेता गिरीश देवांगन, राजेन्द्र तिवारी, प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष अरूण सिंघानिया, प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री प्रशासन रवि घोष, प्रभारी महामंत्री संगठन चंद्रशेखर शुक्ला, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष महेन्द्र छाबड़ा, महामंत्री पियुष कोसरे, महामंत्री कन्हैया अग्रवाल, रायपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे, कांग्रेस विचार विभाग के अध्यक्ष हसन खान, मछुआ कांग्रेस के अध्यक्ष एमआर निषाद, अजय साहू, राजेश चौबे, मोहम्मद अली, दिलीप सिंह चौहान, अपर्ण फ्रांसिस सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

इस अवसर पर कांग्रेस विचार विभाग के अध्यक्ष हसन खान द्वारा स्व. इंदिरा गांधी के ऊपर लिखा गया एक बुकलेट का विमोचन भी किया गया।

झूठी वाह वाही लूटने के लिए किया आयोजन, आदिवासियों के लिए नहीं है कोई प्लान : अमित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ दिनांक 30 अक्टूबर 2021। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने भूपेश सरकार के द्वारा करोड़ों रुपया खर्च कर आदिवासियों के नाम पर राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव को महज एक ढकोसला करार देते हुए कहा एक तरफ तो छत्तीसगढ़ के आदिवासियों के हक, अधिकार और स्वामित्व का जल, जंगल, जमीन और जीवन खतरे में है, उनके पहाड़ियों और देवी देवता स्थल तक को नहीं छोड़ा जा रहा है वहीं फिर सरकार का यह कैसा जलसा है? और इससे आदिवासियों को क्या फायदा? हाल ही में कांकेर के 13 पंचायत के 58 गांव से हजारों ग्रामीण आदिवासी अपनी मांगों को लेकर पैदल राजधानी आते है पर सरकार को दिखाई नहीं देता है, आदिवासी कभी अपने पहाड़ियों के लिए तो कभी अपने देवी देवताओं के स्थल को बचाने के लिए आंदोलन करते है, कभी सिरगेल में आंदोलन करते पर सरकार को आदिवासियों की समस्या दिखाई नहीं देती है, बदले में उन्हें गोली मिलता है। उन्होंने कहा आज़ादी के 74 साल भी छत्तीसगढ़ में बूढ़ादेव के भक्त आदिवासी गुणवत्ता युक्त शिक्षा, सुलभ स्वास्थ्य, स्थायी रोज़गार, स्थायी बिजली, शुद्ध पेयजल, अच्छी सड़क और पौष्टिक आहार के लिए तरस रहे है, आदिवासी कुपोषित होकर अपनी जान गवां रहे है, राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र पंडो जनजाति का अस्तित्व खतरे में वहीं प्रदेश के सरकार के द्वारा देश विदेश के आदिवासी भाई बहन का नाच करवा रहे है और मंत्री ठुमके लगा रहे है।

अमित जोगी ने कहा भुपेश सरकार आदिवासियों के नाम पर सिर्फ झुठी वाहवाही लूटना चाहती है उनके पास आदिवासियों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए कोई ठोस एक्शन प्लान नहीं है आदिवासियों के दुर्दशा के लिए सरकार जिम्मेदार है।

छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस का रक्तदान शिविर, पीसीसी चीफ मोहन मरकाम हुए शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। भारत की पूर्व प्रधानमंत्री प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी जी एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर भारतीय युवा कांग्रेस के निर्देश पर छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के द्वारा राजधानी रायपुर स्थित राजीव भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, प्रभारी महामंत्रीद्वय रवि घोष, चंद्रशेखर शुक्ला, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील शुक्ला, खादी ग्रामोद्योग के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष महेंद्र छाबड़ा, पीयूष कोसरे स्वप्निल मिश्रा आदि नेता शामिल हुए।

प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पूर्णचंद कोको पाढ़ी ने मीडिया को बताया कि आज इंदिरा जी के शहादत और सरदार पटेल जी की जयंती के अवसर पर राजधानी रायपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें स्वप्निल मिश्रा, राहुल कर, महमूद अली, सार्थक शर्मा, योगेश तिवारी, मिथिलेश यादव, रोहित सिंह, गौतम यादव, चेतन चेलक, इकलाख खान, मेहुल नायडू आदि कार्यकर्ताओं ने कुल 100 यूनिट ब्लड डोनेट किया। इसके साथ ही कोरोना योद्धाओं के लिए सम्मान समारोह का भी आयोजन प्रदेश के सभी जिलों और विधानसभा में किया जाना निर्धारित है।

इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष सजमन बाघ, रेणु मिश्रा, आशीष द्विवेदी, अभिजीत तिवारी आदि उपस्थित रहे।

अवैध रुप से पटाका बेचते एक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के तेलीबांधा इलाके में अवैध रुप से घर के अंदर पटाखा रखकर बेचने की सूचना पर पुलिस ने 7 पेटी फटाखा जब्त की है। मिली जानकारी के मुताबिक 30 अक्टूबर की देररात घर के अंदर अवैध रुप से फटाखा बेचने की सूचना पर तेलीबांधा पुलिस ने गली नंबर 05 कन्या स्कूल के सामने पहुंच कर रेड की कार्रवाई कर विभिन्न प्रकार का फटाखा 7 पेटी जब्त की है, फटाखा की अनुमानित कीमत 50 हजार आंकी गई है।पकड़े गए आरोपी का नाम पुछने पर उसने अपना नाम अजय तोलानी 25 वर्ष निवासी तेलीबांधा बताया है। अवैध रुप से घर में विस्फोटक फटाखा रखकर बेचने के जुर्म में आरोपी के खिलाफ 286,9 बी (2) के तहत कार्रवाई की गई है।

1 जेसीबी एवं 3 बाइक चोरी, मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के अलग–अलग इलाके से 1 जेसीबी वाहन तथा 3 बाइक चोरी होने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक लाखेश्वर वर्मा पिता फेरहा राम वर्मा उम्र 49 वर्ष निवासी कृष्णा चौक खरोरा 30 अक्टूबर को खरोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैण्ड के पास ग्राम मांठ में खड़ी जेसीबी वाहन क्रमांक सीजी 04 एल 2030 गाड़ी को किसी ने चोरी कर लिया। चोरी गए गाड़ी की कीमत करीब 10 रुपये है।इसी तरह सरदार सबरजीत सिंह 23 वर्ष ने मकान नंबर आई/13, भावना नगर, खम्हारडीह रायपुर निवासी सिविललाईन्स थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि वह 30 अक्टूबर को दोपहर करीब 1.30 बजे सब्जी मार्केट ईरानी डेरा के पास पण्डरी में सड़क किनारे अपनी बाइक होण्डा शाईन क्रमांक सीजी04/एमक्यू/3928 खड़ी करके सब्जी खरीद 15 मिनट बाद सब्जी लेकर वापस आया तब उसकी बाइक खड़े किये स्थान पर नही मिली। किसी ने बाइक जिसकी अनुमानित कीमत 32000 रुपये है,चोरी कर लिया।मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है। इसी तरह हाउसिंग बोर्ड कालोनी, दोंदेखुर्द, रायपुर निवासी सौरभ सेंडे 25 वर्ष ने 30 अक्टूबर को थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि वह रविभवन में 28 अक्टूबर को हिरो कपंनी का एच एफ डिलक्स ग्रे ब्लैक/रैड का क्रमांक सीजी 12 एपी 9241 से रविभवन के अंडर ग्राउण्ड पार्किंग में खड़ा कर लांक करके रविभवन के अंदर चला गया, वापस घर जाने के लिये शाम 05.10 बजे आया तो देखा खड़ी किये हुये स्थान पर मोटर सायकिल नही थी, कोई अज्ञात चोर चोरी कर लिया।मामले की रिपोर्ट पर गोलबाजार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है। वहीं गुढ़ियारी पहाड़ी चौक निवासी पंचू मंडल ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि से 06 माह पूर्व एक्टिवा रंग लाल क्रमांक सीजी 04एमजे4511 को 23 अक्टूबर को खमतराई में अपने परिचित राकेश से मिलने गया था। शाम 05-30 बजे मुलाकात कर गाडी को बाबा कंस्ट्रेक्शन के सामने खमतराई में खड़ी कर बाजू के पान दुकान में पान गुटखा लेने चले गया 10 मिनट करीबन वापस आया तब गंतव्य स्थान पर एक्टीवा नही था किसी ने चोरी कर लिया। मामले की रिपोर्ट खमतराई थाने में 30 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सेंट्रल पुल में उसना चावल लेने और बारदाना देने मोदी शाह को कब लिखेंगे पत्र?

■ भाजपा शासित राज्यों में किसानों की स्थिति ठीक नहीं छत्तीसगढ़ में किसान खुशहाल भाजपा के लिए यही पीड़ा

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय से पूछा मोदी शाह को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ से सेंट्रल पुल में उसना चावल लेने एवं मांग के अनुसार बारदाना देने की मांग कब करेंगे? भाजपा नेताओं को दिल्ली जाकर मोदी शाह के सामने किसानों की बात रखने में शायद डर लगता होगा तो उन्हें राजभवन जाकर राज्यपाल महोदया जी के माध्यम से केंद्र सरकार के नाम सेंट्रल पूल में उसना चावल लेने और मांग के अनुसार बारदाना देने का मांग पत्र सौपना चाहिए। यदि भाजपा के नेता राजभवन भी नहीं जा सकते तो कम से कम छत्तीसगढ़ के सम्मानित मीडिया को बुलाकर उन के माध्यम से केंद्र सरकार से छत्तीसगढ़ से उसना चावल लेने और मांग के अनुसार बारदाना देने की अपील तो कर सकते हैं। किसानों के नाम से राजनीति करने वाले भाजपा और भाजपा के सांसद हकीकत में किसान विरोधी कृत्यों में ही लगे हुए हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार किसानों को धान की कीमत 2500 रु. प्रति क्विंटल दे रही है। समर्थन मूल्य के अतिरिक्त राशि को राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से 4 किश्तों में किसानों के खाते में सीधा ट्रांसफर किया जा रहा है। ऐसे में भाजपा नेताओं को मात्र धान खरीदी के नाम से राजनीति करने की सूझ आ रही है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार देश की पहली सरकार है जो अपने राज्य के किसानों को उनकी उपज का सबसे ज्यादा कीमत दे रही है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से धान, मक्का, गन्ना, कोदो, कुटकी, रागी, दलहन, तिलहन, फलदार वृक्ष और सब्जी लगाने वाले किसानों को प्रोत्साहन राशि दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार सहित भाजपा शासित राज्यों में किसानों की स्थिति ठीक नहीं है। भाजपा शासित राज्यों में किसान अपने फसल को औने पौने दाम में बेचने मजबूर हैं। धान को 800 से 1100 रु. प्रति क्विंटल के दर पर बेच रहे हैं। छत्तीसगढ़ के किसान को धान की कीमत 2500 रु. प्रति क्विंटल मिल रहा है।

किसान खुशहाल हो रहे

जानकारी पुरुषों में इनफर्टिलिटी की बढ़ती चुनौती, योग और संयमित दिनचर्या–आहार से मिल सकती है राहत

सीएमई में चिकित्सकों ने जेनेटिक्स कारणों को समझाया

■ अधिक से अधिक शोध और अनुसंधान से मेल इनफर्टिलिटी का कर सकते हैं मुकाबला

रायपुर/नवप्रदेश। पुरुषों में बढ़ती इनफर्टिलिटी की समस्या को चिकित्सकों ने चुनौतीपूर्ण बताते हुए सलाह दी है कि नियमित योग, संतुलित आहार और दिनचर्या और अनपैक्ड फूड का अधिक से अधिक सेवन इस चुनौती का मुकाबला करने में मदद कर सकता है। इसके साथ ही चिकित्सकों ने पुरुषों की इनफर्टिलिटी पर अधिक से अधिक शोध और अनुसंधान करने पर जोर देते हुए कहा है कि इससे आने वाली पीढ़ियों को इस चुनौती से बचाया जा सकता है।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान विभाग के एनोटॉमी विभाग के तत्वावधान में आयोजित 'जेनेटिक्स एंड इनफर्टिलिटी' विषय पर नेशनल सीएमई का उद्घाटन करते हुए निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने बताया कि एम्स में इस प्रकार की समस्या को लेकर बड़ी संख्या में रोगी पहुंच रहे हैं। उन्होंने एम्स में मेल इनफर्टिलिटी के उपचार से संबंधित सुविधाओं का उल्लेख करते हुए चिकित्सकों से इस दिशा में और अधिक अनुसंधान करने का अनुरोध किया जिससे भविष्य में आने वाली चुनौतियों का मुकाबला किया जा सके।

मुख्य अतिथि एम्स दिल्ली की एनोटॉमी विभाग की प्रो.(डॉ.) रीमा दादा ने अपनी प्रस्तुति में पुरुषों के जीन में होने वाले बदलावों से प्रजनन तंत्र पर पड़ने वाले असर और शुक्राणुओं की संख्या और गतिशीलता में कमी के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि 50 प्रतिशत मेल इनफर्टिलिटी का कारण जेनेटिक होता है।

उनका कहना था कि यदि जीन में हो रहे परिवर्तनों पर विस्तार से शोध किया जाए तो भविष्य में इस समस्या को दूर किया जा सकता है। उन्होंने मेल इनफर्टिलिटी की चुनौती का मुकाबला करने के लिए संयमित दिनचर्या और आहार पर जोर दिया।

एमजीएम मेडिकल कालेज मुंबई की एनाटॉमी विभागाध्यक्ष डॉ. अंजलि सबनीस ने क्रोमोसोम आधारित केरियोटाइपिंग वेयर इट स्टैंडस टुडे विषय पर प्रस्तुति देते हुए मेल इनफर्टिलिटी के उपचार को भविष्य की चुनौती बताया।

एम्स के एनोटॉमी विभागाध्यक्ष डॉ. के. विजय कुन्नौरी का कहना था कि बायोलॉजीकल मैथ्ड्स से इस चुनौती का आसानी से मुकाबला किया जा सकता है। आयोजन सचिव डॉ. मनीषा बी. सिन्हा ने मेल इनफर्टिलिटी के जेनेटिक कारणों के बारे में जानकारी दी। सीएमई में डीन प्रो. एस.पी. धनेरिया, प्रो. सरिता अग्रवाल, डॉ. मृत्युजंय राठौड़, डॉ. सौमित्र त्रिवेदी, डॉ. ए.यू. सिद्दकी, डॉ. अमित त्रिपुड़े, डॉ. धर्म राठिया, राहुल उइके सहित बड़ी संख्या में चिकित्सकों ने भाग लिया। सीएमई का आयोजन हाइब्रिड मोड में ऑन लाइन और ऑफ लाइन किया गया था जिसमें लगभग 500 चिकित्सकों ने भाग लिया।

अरूण भद्रा को कारण बताओ नोटिस दिया

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा विगत दिनों किए अनुशासत्मक कार्यवाही पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस प्रभारी पीएल पुनिया एवं वरिष्ठ नेताओं पर सोशल मीडिया पर कांग्रेस के पूर्व महामंत्री अरूण भद्रा द्वारा अनर्गल टिप्पणी करने पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मामला संज्ञान में लेते हुए सार्वजनिक रूप से टिप्पणी करने पर उक्त मामले को अनुशासनहीनता की परिधि में मानते हुए भद्रा को कारण बताओ नोटिस दिया है। तीन दिवस के अंदर लिखित जवाब प्रेषित नहीं करने पर एक पक्षीय अनुशासत्मक कार्यवाही की जाएगी। उक्त कारण बताओ नोटिस कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री प्रशासन रवि घोष ने जारी किया है।

सार समाचार

राज्यपाल ने सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर रन फॉर यूनिटी को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया

शिमला । राज्यपाल ने सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर रन फॉर यूनिटी को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया. राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने आज यहां सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान से रन फॉर यूनिटी को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। ऐतिहासिक रिज मैदान से आरम्भ की गई रन फॉर यूनिटी दौड़ में भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया जिसमें खिलाड़ी, खेल प्रेमी, पुलिस बल के कर्मी, विद्यार्थी तथा अन्य शामिल थे। हिमाचल प्रदेश स्टेट रेडक्रॉस सोसायटी तथा जिला शिमला प्रशासन द्वारा आयोजित इस दौड़ का समापन द मॉल तथा छोटा शिमला से होते हुए पुनः रिज मैदान पर हुआ। राज्यपाल के सचिव प्रियतु मण्डल, उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी और पुलिस अधीक्षक डॉ. मोनिका भुटुंगरू भी इस अवसर पर उपस्थित थीं।

झारखंड में दो नक्सली समर्थक गिरफ्तार, 13 वॉकी टॉकी सेट और दो मोटरसाइकिल बरामद

चतरा। प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) को रविवार को उस समय बड़ा झटका लगा जब पुलिस ने नक्सलियों के दो समर्थकों विशुन गंझू और पिंटू गंझू को गिरफ्तार कर लिया और उनके पास से 13 वॉकी टॉकी तथा दो मोटरसाइकिल बरामद की गयी। पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि सिमरिया अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) अशोक प्रियदर्शी के नेतृत्व में गठित लावालौंग थाना पुलिस की टीम ने जोजवारी गांव के समीप से इन दोनों नक्सली समर्थकों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों नक्सली समर्थकों के पास से विभिन्न कंपनियों के 13 वॉकी-टॉकी सेट, दो मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन जब्त किया गया है। इससे पहले 28 अक्टूबर को हंटरगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने टीएसपीसी के तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया था और उनके पास से एके 47 राइफल और 20 गोलियां बरामद की गयी थी।

उत्तराखंड के चकराता में भयानक सड़क हादसा, खाई में गाड़ी गिरने से 14 लोगों की मौत 4 घायल

देहरादून। उत्तराखंड के चकराता में रविवार को एक वाहन के खाई में गिरने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। दुर्घटना की खबर फैलने के तुरंत बाद बचाव कार्य शुरू हो गया और अधिकारियों जान गवाने वालों की संख्या की पुष्टि की। स्थानीय निवासियों की मदद से राहत प्रयासों को अंजाम देने के लिए आपातकालीन प्रतिक्रियाकर्ता मौके पर मौजूद हैं। यह हादसा उत्तराखंड में देहरादून जिले के चकराता क्षेत्र में बुल्हाड़-बायला मार्ग पर हुआ। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के बारे में अन्य जानकारियां अभी जुटायी जा रही हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने तथा परिजनों को इस असीम दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। उन्होंने जिला प्रशासन को तेजी से राहत एवं बचाव कार्य करने और घायलों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए है। इस बीच, दुर्घटना की सूचना मिलते ही राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और चकराता के स्थानीय विधायक प्रीतम सिंह भी घटनास्थल के लिए रवाना हो गए।

एनसीसी के महानिदेशक ने राजस्थान के सीमावर्ती इलाकों में कोर के विस्तार की समीक्षा की

जोधपुर (राजस्थान)। एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह ने राजस्थान के बाड़मेर में शनिवार को सीमावर्ती इलाकों में कोर के विस्तार की समीक्षा की। लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने जोधपुर से बाड़मेर के उत्तरलाई एयरबेस तक एनसीसी के हल्के विमान से उड़ान भरी। उनके साथ राजस्थान एनसीसी के उप महानिदेशक एयर कोमोडोर एल. के. जैन भी थे। एनसीसी के महानिदेशक को कमांडिंग आफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल आर. एस. कुशवाहा ने सीमावर्ती इलाकों में एनसीसी के विस्तार और विभिन्न प्रशिक्षण एवं प्रशासनिक कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने बाड़मेर में सरकारी पीजी कॉलेज का दौरा किया और कैडेट तथा कर्मचारियों से बातचीत की।

सबरीमाला तीर्थयात्रा की व्यवस्था समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएगी : मंत्री

पथनमथिट्टा (केरल)। केरल देवस्वओम मंत्री के राधाकृष्णन ने शनिवार को कहा कि वार्षिक सबरीमाला तीर्थयात्रा के लिए व्यवस्था समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएगी। मंत्री पथनमथिट्टा, कोझयम और इडुक्की जिलों में व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए यहां के पास पम्पा में आयोजित एक उच्च स्तरीय मूल्यांकन बैठक के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विभिन्न सरकारी विभागों को एक संयुक्त कार्य योजना तैयार करने और वार्षिक तीर्थयात्रा मौसम से पहले इसे सरकार को सौंपने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा, 'व्यवस्था समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएगी।' इस साल भी महामारी के कारण तीर्थयात्रा को डिजिटल कतार के माध्यम से अनुमति दी गई है। हमने मंदिर में तीर्थयात्रियों की संख्या को प्रति दिन 25,000 तक सीमित कर दिया है। इस बार 10 लाख से अधिक भक्तों ने पहले ही तीर्थयात्रा के लिए पंजीकरण कराया है।' उन्होंने कहा कि इस साल 470 केएसआरटीसी बसें तीर्थयात्रियों के लिए चलेंगी, जिनमें से 140 बसें निलक्कल और पम्पा आधार शिविरों के बीच श्रृंखलाबद्ध सेवा का संचालन करेंगी।

यूपी की जनता से प्रियंका गांधी का वादा, बोलीं अगर सत्ता में आये तो मछली पालन को कृषि का दर्जा दिया जाएगा

लखनऊ (उप्र) (एजेंसी)। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश मामलों की प्रभारी प्रियंका गांधी वाद्रा ने रविवार को कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर मछली पालन को कृषि का दर्जा दिया जाएगा और मछली पालन तथा बालू खनन में निषादों को उनका अधिकार वापस दिया जाएगा। प्रियंका गांधी वाद्रा ने इसके अलावा कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाओं को सरकारी बस में मुफ्त यात्राओं और आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं को कम से कम दस हजार रुपये का मानदेय देने की भी घोषणा की।

रविवार को गोरखपुर में कांग्रेस की प्रतिज्ञा रैली में अपने संबोधन की शुरुआत भोजपुरी में करते हुए प्रियंका गांधी वाद्रा ने सत्तारूढ़ भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि ''धर्म और जाति के नाम पर आपकी भावनाओं और आपकी आस्था के साथ खिलवाड़ किया गया है।'' उन्होंने कहा, ''इस सच्चाई को पहचानिये कि एक नेता का सबसे बड़ा धर्म सेवा होता है। आज सरदार पटेल का जन्मदिन और इंदिरा (गांधी) जी जैसी नेता का शहादत दिवस है। इंदिरा जी ने आपको दिखाया कि उनके लिए देश से बड़ा कुछ नहीं। जो आस्था आपने उनमें रखी उसी आस्था के लिए उन्होंने अपना जीवन दे दिया। उन्होंने कहा, ''जब हम स्कूल जाते थे तो उनसे मिलकर जाते थे, आज ही के दिन उन्होंने मेरे भाई से कहा कि अगर मुझे कुछ हो जाएगा तो रोना मत।

वह जानती थीं कि उनकी हत्या हो जाएगी लेकिन वह कभी पीछे नहीं हटीं क्योंकि उनके लिए देश और आपकी आस्था से बढ़कर कुछ नहीं था। अगर आज मैं आपके सामने खड़ी हूं तो यह उन्हीं की सीख है, मैं कभी आपकी आस्था नहीं तोड़ सकती हूं. प्रियंका गांधी वाद्रा ने कहा, ''मैं कांग्रेस की प्रतिज्ञा उसी आस्था से रखना चाहती हूं, मैं कहना चाहती हूं कि जो प्रतिज्ञा है वह पूरी होगी,अगर हमारी सरकार आएगी तो मछली पालन को कृषि का दर्जा दिया जाएगा। जो सुविधाएं और छूट कृषि के लिए है वह सब मछली पालन में लागू होंगी। बालू खनन और मछली पालन में निषाद समाज को उनका अधिकार वापस दिया जाएगा।'' वाद्रा ने सरकार बनने पर हर साल तीन सिलेंडर मुफ्त देने का भी वादा किया। इसके अलावा बीमारी में दस लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज का भी वचन दिया।

उन्होंने गुरु गोरखनाथ के गुरु, गुरु मत्स्येंद्र नाथ के नाम पर विश्वविद्यालय की स्थापना की घोषणा करते हुएकिसानों का पूरा कर्ज माफ करने, गेहूं और धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2500 रुपये प्रति क्विंटल, गन्ना मूल्य 400 रुपये प्रति क्विंटल, 20 लाख युवाओं को नौकरी देने, 12वीं पास छात्राओं को स्मार्ट फोन और मोबाइल तथा स्नातक पास छात्राओं को स्कूटी दिये जाने का हाल में दिये वचन को दोहराया। उन्होंने साथ ही कहा कि कांग्रेस 40 फीसद महिलाओं को विधानसभा चुनाव में टिकट देगी। उन्होंने इसके अलावा वादा किया कि कांग्रेस की सरकार बनी तो अन्ना पशुओं (छुट्टा जानवरों) की समस्या का पूर्ण समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा, ''कुछ लोग भाजपा से मिले होने का आरोप लगाते हैं लेकिन मैं इस मंच से कह रही हूं कि मर जाऊंगी, जान दे दूंगी, लेकिन कभी भाजपा से मिलावट नहीं करूंगी।'' प्रियंका गांधी वाद्रा ने कहा कि कबीर दास कहते थे कि 'साईं इतना दीजिए जामें कुटुंब समाय' लेकिन भाजपा की मंशा यह है कि जनता से लूट लूट कर पूंजीपतियों को पहुंचाएं, महंगाई इतना बढ़ाओ कि जनता त्राहि-त्राहि चिल्लाए। उन्होंने कहा, ''ये कहते हैं कि 70 साल में कांग्रेस ने क्या किया, मैं कहती हूं 70 साल में जो कांग्रेस ने बनाया उसे सात वर्षों में इन लोगों ने बेच दिया।''उन्होंने राज्य में गरीबों, पिछड़ों, बुनकरों, किसानों, महिलाओं, दलितों और ब्राह्मणों के उत्पीड़न का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा, ''अमित शाह (केंद्रीय गृह मंत्री)का कल भाषण सुन रही थी, अमित शाह कह रहे थे कि उत्तर प्रदेश में अब अपराधियों को दूरबीन लेकर ढूंढना पड़ता है, लेकिन उनके साथ कौन खड़ा था, अजय मिश्रा टेनी (गृह राज्य मंत्री), मैं कह रही हूं दूरबीन छोड़िए, चश्मा लगाइए, क्या गरीब की कोई सुनवाई नहीं है।'' उल्लेखीय है कि लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में अजय मिश्रा का पुत्र आशीष मिश्रा मुख्य आरोपी है जिसमें में चार किसानों समेत आठ लोगों की मौत हो गई थी। उन्होंने कहा, ''यहां पर जलभराव की जो समस्या है आपने देखा होगा कि मुख्यमंत्री बनने से पहले योगी जी आते थे और जबसे मुख्यमंत्री बने हैं हवाई जहाज से उड़ कर चले जाते हैं। उनकी सरकार ने जन जन की रोटी खत्म की है।'' प्रियंका गांधी ने कहा, ''कोरोना में जो ऑक्सीजन मांग रहा था उसके खिलाफ कार्रवाई की गई। कहा जाता था कि जमीन जब्त कर लेंगे। मदद नहीं मिली, सहायता नहीं मिली। नदी में लाशें बह रही थीं लेकिन सरकार की तरफ से कोई मदद नहीं आई।

नवाब मलिक अपने दावे पर कायम, कहा- समीर वानखेड़े जन्म से मुस्लिम हैं

मुंबई। (एजेंसी)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता और महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक ने रविवार को कहा कि वह अपने दावों पर कायम हैं कि स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े जन्म से मुस्लिम हैं और उन्होंने सरकारी नौकरी पाने के लिए फर्जी प्रमाण पत्र पेश किया था। मलिक ने पत्रकारों से कहा कि वह जाति या धर्म की लड़ाई नहीं लड़ रहे हैं, बल्कि इस बात पर प्रकाश डाल रहे हैं कि कैसे ''फर्जी'' जाति प्रमाण पत्र पर सरकारी नौकरी प्राप्त की गई। मलिक पिछले कई दिनों से वानखेड़े को निशाना बना रहे हैं। वानखेड़े के नेतृत्व में एनसीबी की टीम ने इस महीने की शुरुआत में यहां एक क्रूज जहाज पर छापेमारी की थी और इस दौरान कथित तौर पर नशीले पदार्थ की बरामदगी हुई थी। मंत्री ने बार-बार दावा किया है कि दो अक्टूबर को क्रूज जहाज पर की गई कार्रवाई ''फर्जी'' थी। छापे के दौरान अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान समेत अन्य लोगों को पकड़ा गया था। वानखेड़े ने इससे पहले मंत्री द्वारा उनके ऊपर लगाए गए आरोपों का खंडन किया था। रविवार को मलिक ने दावा किया कि भले ही वानखेड़े मुस्लिम थे लेकिन जब उन्होंने मुंबई हवाई अड्डे पर कुछ बॉलीवुड हस्तियों को रोका, तब सुर्खियों में आने के बाद ''2015 से अपनी पहचान बदलनी'' शुरू कर दी। राकांपा नेता ने कहा, ''अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर दाऊद वानखेड़े (एनसीबी अधिकारी के पिता) डी के वानखेड़े और बाद में ज्ञानदेव बने।

यास्मीन वानखेड़े (एनसीबी अधिकारी की बहन) जैस्मीन बन गई और उसने अपने पति को तलाक दे दिया, जो एक मुस्लिम है और अब यूरोप में बस गया है।'' मलिक ने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष अरुण हलदर के इस बयान पर भी आपत्ति जताई कि वानखेड़े ने कभी धर्मांतरण नहीं किया। मलिक ने कहा, ''हलदर भले ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता हों, लेकिन उनकी नियुक्ति संवैधानिक पद पर हुई है। उन्हें मीडिया के सामने आने और यह टिप्पणी करने के बजाय कि वानखेड़े ने धर्मांतरण नहीं किया है, उन्हें क्या जानकारी दी गई है, इसके सभी तथ्यों को सत्यापित करना चाहिए। अपनी रिपोर्ट तैयार करनी चाहिए और इसे संसद में प्रस्तुत करना चाहिए। कोई व्यक्ति जो अनुसूचित जाति से नहीं है, वह लाभ का दावा नहीं कर सकता।'' मलिक ने कहा, ''समीर वानखेड़े ने कभी धर्म परिवर्तन नहीं किया क्योंकि वह जन्म से मुसलमान हैं। उनके पिता ने धर्म परिवर्तन किया था और दोनों बच्चे पैदाइशी मुस्लिम हैं। मैं जाति और धर्म की लड़ाई नहीं लड़ रहा हूं, बल्कि इस बात पर प्रकाश डाल रहा हूं कि फर्जी जाति प्रमाण पत्र पर सरकारी नौकरी कैसे मिली।

प्रधानमंत्री मोदी की केदारनाथ यात्रा के दौरान धार्मिक स्थलों पर साधुओं का जुटान करेगी भाजपा

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पांच नवंबर को होने वाली केदारनाथ यात्रा को भक्तिमय बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों की योजना बनाई है, जिसमें चारों धाम, 12 ज्योतिर्लिंगों और देश के प्रमुख मंदिरों में साधुओं को आमंत्रित किया जाना शामिल है।

प्रधानमंत्री पांच नवंबर को केदारनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे और उसके बाद वह आदि शंकराचार्य की समाधि का उद्घाटन करेंगे। वह आदि शंकराचार्य की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे। प्रधानमंत्री के इस दौरे को ऐतिहासिक बताते हुए भाजपा सूत्रों ने बताया कि पार्टी प्रधानमंत्री के इस दौरे के मद्देनजर राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। इसके लिए पार्टी ने चारों धामों, 12 ज्योतिर्लिंगों और देश भर के 87 प्रमुख मंदिरों में साधुओं और श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया है। ये 87 मंदिर वो हैं, जहां शंकराचार्य अपनी यात्राओं के दौरान गए थे। सूत्रों ने बताया कि इन सभी स्थानों पर बड़े-बड़े एलईडी स्क्रीन लगाए जाएंगे, ताकि लोग प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देख सकें। वर्ष 2013 में उत्तराखंड में आई भीषण बाढ़ में शंकराचार्य की समाधि क्षतिग्रस्त हो गई थी। इस समाधि का पुनर्निर्माण किया गया है। संपूर्ण पुनर्निर्माण कार्य प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हुआ है, जिन्होंने परियोजना की प्रगति की लगातार समीक्षा और निगरानी की है। प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि अगले साल फरवरी महीने में वहां विधानसभा के चुनाव होने हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री कई प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे और एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

जीका वायरस के उपचार और नियंत्रण के लिए उचित प्रबंध करें अधिकारी: योगी आदित्यनाथ

लखनऊ। (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीका वायरस के उपचार और बचाव के संबंध में अधिकारियों को उचित प्रबंधन का निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा दस्तक अभियान को पूरी सक्रियता से संचालित किया जाए। रविवार को जारी सरकारी बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने अपने पांच कालिदास मार्ग स्थित सरकारी आवास पर एक बैठक में संचारी रोगों के नियंत्रण के लिए उठाए जा रहे कदमों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जीका वायरस के कुछ मामले कानपुर नगर में मिले हैं और इस बीमारी को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा एवं उपचार का उचित प्रबंध किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जीका वायरस मच्छरों से फैलता है इसलिए मच्छरों से बचाव ही इससे सुरक्षा है। उन्होंने मच्छर जनित रोगों के नियंत्रण हेतु बचाव एवं जागरूकता कार्य को प्रभावी ढंग से जारी रखने के निर्देश देते हुए कहा कि यह कार्रवाई जीका वायरस की रोकथाम में उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने निगरानी कार्य को तत्परता से किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, सैनिटाइजेशन, फॉगिंग तथा लार्वा रोधी छिड़काव कार्य लगातार किया जाए।

यह कार्रवाई कोविड-19 के साथ-साथ जीका वायरस तथा अन्य संचारी रोगों के नियंत्रण में उपयोगी रहेगी। उल्लेखनीय है कि कानपुर में पिछले हफ्ते जीका वायरस संक्रमण का पहला मामला सामने आया और वायु सेना में तैनात एक अधिकारी इस रोग से संक्रमित पाया गया। स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वायु सेना के एक वारंट अधिकारी की जीका वायरस के लिए जांच की गयी और उनके संक्रमित होने की पुष्टि हुई। इसके बाद कई और मामले सामने आये।

दल-बदलू लोगों के इस पार्टी से उस पार्टी में जाने से किसी का जनाधार बढ़ने वाला नहीं : मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने अपनी पार्टी के निलंबित छह विधायकों के समाजवादी पार्टी में शामिल होने के एक दिन बाद रविवार को तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही आए दिन दल-बदलू लोगों का इस पार्टी से उस पार्टी में जाने का दौर शुरू हो गया है लेकिन इससे किसी भी पार्टी का जनाधार बढ़ने वाला नहीं है। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने रविवार को दलबदलुओं को 'बरसाती मेंढक' करार देते हुए ट्वीट किया, ''उत्तर प्रदेश विधानसभा आम चुनाव नजदीक आने पर अब फिर से आए दिन दलबदलू लोगों के इस पार्टी से उस पार्टी में आने-जाने का दौर शुरू हो गया है किन्तु इससे किसी भी पार्टी का जनाधार बढ़ने वाला नहीं है, बल्कि इससे उन्हें हानि ही होगी। अतः बसपा के लोग ऐसे बरसाती मेंढकों को पार्टी से दूर ही रखें। उन्होंने सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा, ''केवल दलबदलू ही नहीं बल्कि बरसाती मेंढकों की तरह अनेक ऐसी पार्टियों के नाम भी लोगों को सुनने को मिल रहे हैं जिनके नाम अब तक देखे-सुनने को नहीं मिले थे। सत्ता लोलुपता के ऐसे खेल को जनता खूब समझती है तथा इससे उन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला है। परिवर्तन अटल है। गौरतलब है कि शनिवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की मौजूदगी में सीतापुर सदर से भाजपा विधायक राकेश राठौर और बसपा के निलंबित विधायक असलम राइनी (भिनगा), सुषमा पटेल (मड़ियाहू), हर गोविंद भार्गव (सिधौली), हाकम लाल बिंद (हंडिया), मुजतबा सिद्दीकी (फूलपुर) और असलम अली चौधरी (धौलाना) ने सपा की सदस्यता ग्रहण की।

समाजवादी शासन में खुद पर हुए अत्याचार भूली नहीं हैं उत्तर प्रदेश की महिलाएं: स्मृति ईरानी

लखनऊ। (एजेंसी)। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने शनिवार को समाजवादी पार्टी (सपा) पर हमला करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की महिलाएं और लड़कियां इस पार्टी के शासनकाल में खुद पर होने वाले अत्याचार को भूली नहीं हैं। स्मृति ने लखनऊ की बाबा भीमराव आंबेडकर यूनिवर्सिटी में आयोजित 'धरोहरः कुशल हाथों की सफल उड़ान' कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कुछ राजनीतिक दल चुनाव की रणबेला में अपने आप को एक नए स्वरूप में प्रस्तुत करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन फर्क यह है कि वो राजनीति के लिए प्रयास कर रहे हैं और हम राजनीति से ओत-प्रोत होकर समाज कल्याण में अपने आप को समर्पित कर रहे हैं।

उन्होंने सपा संस्थापक मुलायम सिंह द्वारा वर्ष 2014 में लड़कों से गलती हो जाती है , वाले बयान की तरफ इशारा करते हुए कहा जो लोग आज चुनाव के समय रणभूमि में उतर कर राजनीति करना चाहते हैं, उनसे कहना चाहती हूं की उत्तर प्रदेश की महिला भूली नहीं वो मंजर, जब उसकी प्रताड़ना होती थी, क्योंकि एक विशेष राजनीतिज्ञ उत्तर प्रदेश में सरकार चला रहे थे, जिनका दुस्साहस इतना था की वो कहते थे की लड़के हैं लड़कों से तो गलती हो जाती है। स्मृति ने कहा, ''उत्तर प्रदेश की महिलाएं भूली नहीं हैं जब सूर्यास्त के बाद खुले में शौच करने को मजबूर थीं क्योंकि उसके घर में शौचालय बनाने की किसी ने जहमत नहीं उठाई थी।

महिलाएं थाने जाने से भी डरती थी, लेकिन आज भाजपा सरकार में हर एक थाने में महिला हेल्प डेस्क और 'एंटी रोमियो स्क्वॉड' की स्थापना कर महिलाओं के खिलाफ अपराध को रोकने का काम हो रहा है।'' गौरतलब है कि मुलायम सिंह यादव ने अप्रैल 2014 में लोकसभा चुनाव के लिये मुरादाबाद में आयोजित एक जनसभा में कहा था कि सामूहिक बलात्कार के मामले में फांसी की सजा नहीं देनी चाहिए। उन्होंने कहा था, 'लड़के तो लड़के हैं, उनसे गलतियां हो जाती हैं।' उन्होंने वादा किया था कि केंद्र की सत्ता में आने पर ऐसा कानून बनाएंगे जिससे फांसी दिलाने वाले कानून का दुरुपयोग रोका जा सके। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी की मौजूदगी में 'धरोहरः कुशल हाथों की सफल उड़ान' के दौरान 4200 महिला बुनकर-कारीगरों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली। भाजपा के बुनकर प्रकोष्ठ की सह संयोजक व उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ डिज़ाइन एंड रिसर्च की अध्यक्ष क्षिप्रा शुक्ला ने बताया कि केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने इस अवसर पर 'हेलो कमल शक्ति मोबाइल ऐप'की भी शुरुआत की। इसके माध्यम से अब महिलाएं संगठन से सीधे संवाद कर सकेंगी। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के 26 जिलों से 4200 से अधिक महिला कारीगरों और बुनकरों ने प्रतिनिधित्व किया। अनुसूचित जनजाति - थारू समाज के 550 महिलाओं भी कार्यक्रम में शामिल हुईं। उत्तर प्रदेश के एमएसएमई राज्यमंत्री चौधरी उदयभान सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से जिन करोड़ों लोगों को फायदा हुआ है, उसकी एक झलक आज कार्यक्रम में शामिल हुई है। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। हस्तकला, कारीगरी व महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को भी इस दौरान सम्मानित किया गया।

दीपावली की खरीदारी के कारण नहीं हो रहा कोरोना प्रोटोकॉल का पालन, बाजारों में बेफिक्रे दिखें लोग

नयी दिल्ली (एजेंसी)। देश में जब दीपावली की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं, तब कोविड-19 प्रोटोकॉल के अनुपालन की चर्चाओं के बीच सिर्फ दो प्रतिशत भारतीयों को लगता है कि मास्क लगाना कोविड-19 से बचाव का एक प्रभावी उपाय है जबकि केवल तीन प्रतिशत महसूस करते हैं कि उनके इलाकों और जिलों में लोग आपस में दूरी रखने के मानदंडों का पालन कर रहे हैं। एक सर्वेक्षण से यह बात सामने आयी है।

समुदाय आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म लोकल सर्किल्स द्वारा किये गए सर्वेक्षण के दौरान देश के 366 जिलों में 20,000 से अधिक नागरिकों से 39,000 से अधिक प्रतिक्रियाएं मिलीं, जिन्होंने बताया कि कैसे लोग त्योहारों के मौसम और यात्रा के दौरान मास्क लगाने और आपस में दूरी जैसे नियमों का पालन कर रहे हैं। सैंतालीस प्रतिशत उत्तरदाता टियर 1 जिलों से, 30 प्रतिशत टियर 2 जिलों से और 23 प्रतिशत टियर 3, 4 और ग्रामीण जिलों से थे। उत्तरदाताओं में 65 प्रतिशत पुरुष थे, जबकि 35 प्रतिशत महिलाएं थीं। सर्वेक्षण में पाया गया कि केवल दो प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि उनके क्षेत्र, जिले या शहर में 90 प्रतिशत से अधिक लोग मास्क लगाने के नियम का अनुपालन करते हैं और केवल 16 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि यात्रा के दौरान हवाई अड्डों, स्टेशनों और बस स्टैंड आदि पर मास्क लगाना प्रभावी है।

सितंबर में लोकल सर्किल द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार, 13 प्रतिशत नागरिकों ने महसूस किया कि उनके क्षेत्र, जिले या शहर में मास्क नियम का अधिक पालन हो रहा है, जबकि 30 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने महसूस किया कि यात्रा के दौरान मास्क लगाना प्रभावी है। नवीनतम सर्वेक्षण में, केवल तीन प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि उनके क्षेत्र, जिले या शहर में आपस में दूरी का अनुपालन प्रभावी है और नौ प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि यात्रा के दौरान आपस में दूरी का अनुपालन अब न के बराबर है। सितंबर के सर्वेक्षण के अनुसार, बस छह प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा था कि उनके क्षेत्र, जिले या शहर में आपस में दूरी का अनुपालन अधिक था।

जहरीली शराब कांड
नहीं थम रहा मौत का सिलसिला

सरैया के बाद सकरा में दो की मौत, कई बीमार छुपकर करा रहे इलाज

मुजफ्फरपुर। जिले में जहरीली शराब का कहर जारी है। सरैया के बाद अब सकरा प्रखंड के बारियारपुर ओपी के बाजी राउत गांव के दो युवकों की मौत जहरीली शराब पीने से हो गई। वहीं, एक का इलाज चल रहा है। मृतक अशोक पंडित (38) व संत कुमार पंडित (36) उर्फ टुनटुन पंडित थे। अशोक की मौत शुक्रवार की देर रात स्थानीय अस्पताल में हुई। अशोक पंडित की पत्नी ने शराब पीने से मौत की बात कही है। पुलिस के पहुंचने से पहले ही परिजनों ने शव का दाह संस्कार कर दिया। संत कुमार की मौत शनिवार को ससुराल वैशाली के जंदाहा के एक अस्पताल में हुई। ससुर ने देसी शराब पीने से संत कुमार की मौत की बात कही है। परिजन उसका शव लेकर गांव पहुंचे। डीएसपी ईस्ट ने गांव पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। डीएसपी ने बताया कि एक अन्य की भी मौत की जानकारी है। छानबीन हो रही है। शराब से सरैया में दो दिनों में छह की मौत हो चुकी है। एसएसपी ने सरैया थानेदार रविंद्र कुमार यादव व प्रभारी थानेदार मो. कलामुद्दीन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। तीन चौकीदार भी निलंबित किए गए हैं। जहरीली शराब से दो युवकों की मौत के बाद सकरा के बरियापुर ओपी के बाजी राउत गांव में दहशत व मातम का आलम है। इलाके में कई चचाएं हैं। दोनों

मृतकों के परिजन भी शराब पीने से मौत की बात कह रहे हैं। अशोक पंडित की पत्नी चंदू देवी ने बताया कि गुरुवार को संत कुमार झोपड़ी बनाने के लिए अशोक को घर से बुलाकर ले गया था। वहां खुद भी शराब पी और अशोक को भी पिलाई। देर शाम दोनों घर लौटे। रात आठ बजे अशोक की तबीयत खराब होने लगी। उल्टी व पेट दर्द होने लगा। उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शुक्रवार देर रात दम तोड़ दिया। इधर, संत कुमार की भी रात में ही तबीयत खराब होने लगी। उसे भी उल्टी, दस्त और पेट दर्द होने लगा। गांव के कुछ लोग उसे वैशाली के जंदाहा स्थित उसके ससुराल में छोड़ गए। ससुर दिनेश्वर पंडित ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। पत्नी मनीषा भी पहुंची व जानकारी दी। ससुर ने बताया कि दामाद की तबीयत शराब पीने के बाद बिगड़ी थी। बता दें कि दो दिन पहले भी एक गांव में तीन युवकों ने शराब पी थी। तीनों की आंख की रौशनी चली गई। सरैया शराब कांड का तार मुजफ्फरपुर सेंट्रल जेल में बंद एक माफिया से जुड़ रहा है। शनिवार को पुलिस की एक टीम ने जेल जाकर करजा इलाके के शराब माफिया से एक घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। पुलिस को शराब की खेप मंगवाने से संबंधित सुराग भी मिला है। इसे लेकर मुजफ्फरपुर पुलिस वैशाली व पटना पुलिस के सहयोग से पटना व वैशाली के दियारा में छापेमारी करने में जुटी है। हालांकि, देर रात तक पुलिस को सफलता हाथ नहीं लग सकी है। सरैया में शराब कांड से जिले में हड़कंप मचा है। दो दिनों में छह मौत के बाद शनिवार को भी एक सरकारी कर्मचारी की संदिग्ध स्थिति में मौत होने से प्रशासनिक महकमे में खलबली मच गई। हालांकि, उसकी जहरीली शराब से मौत की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। एक ग्रामीण चिकित्सक सहित दो की गंभीर स्थिति में इलाजरत होने की भी सूचना है। इधर, पुलिस, उत्पाद, खुफिया सहित अन्य विभागों की टीमें सरैया के अलग-अलग गांवों में ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही हैं। बीते 24 घंटे में पुलिस ने वार्ड सदस्य सहित दो दर्जन को हिरासत में लिया है। इनसे पूछताछ की जा ही है। उत्पाद विभाग की टीम व जैतपुर ओपी पुलिस ने रेपुरा के मलंग चौक स्थित तीन दुकानों पर एक साथ धावा बोला। दो दुकान बंद थी, जबकि एक दुकानदार दुकान छोड़कर फरार हो गया। टीम ने बंद दुकानों के ताले तोड़कर तलाशी ली। इस दौरान अनोज कुमार की होटल से दो बोतल शराब मिली, जबकि राम एकबाल साह की दुकान से शराब की एक बोतल, कुछ खाली बोतल व एक रैपर सहित 48400 रुपये बरामद किए गए। वैशाली सांसद वीणा देवी ने रूपौली गांव जाकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। परिजनों से घटना की जानकारी ली और उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान सांसद ने कहा कि यह कांड पूरी तरह से प्रशासनिक विफलता का परिणाम है। स्थानीय प्रशासन अगर तत्पर रहता तो आज बच्चों के सिर से पिता का साया नहीं उठता। उन्होंने कहा कि दोषियों पर कार्रवाई के लिए सरकार तक बात पहुंचाई जाएगी। संसद में भी वह सवाल उठाएंगी। मुजफ्फरपुर जिला राजद का प्रतिनिधि मंडल सरैया के रूपौली पहुंचा। पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। मौके पर जिलाध्यक्ष रमेश गुप्ता ने कहा कि बिहार में शराबबंदी फेल है। जहरीली शराब धड़ल्ले से बिक रही है। पूर्व विधान पार्षद गणेश भारती ने कहा कि शराब धंधेबाज व माफिया बेलगाम हैं। महासचिव जयशंकर प्रसाद यादव ने कहा कि शराब बेचने वालों का मनोबल बढ़ा हुआ है। नेताओं ने मृतकों के आश्रितों को बीस-बीस लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल में शंकर यादव, रामबाबू साह, रणधीर गुप्ता व राजनाथ चंद्रवंशी भी थे। सरैया में जहरीली शराब से मौत के विरोध में एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) ने प्रतिरोध मार्च निकाला। एसडीपीओ कार्यालय, सरैया थाना व मुख्य बाजार एनएच 722 होते हुए प्रतिरोध मार्च सरैया चौराहा पहुंचा। यहां नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रखंड सचिव योगेंद्र राम ने कहा कि जब बिहार में शराबबंदी है तो फिर हर गांव व चौक-चौराहों पर धड़ल्ले से शराब कैसे बिक रही है। किसके संरक्षण में शराब की बिक्री हो रही है। उन्होंने सरकार से पीड़ित परिजनों को मुआवजा देने की मांग की।

मुजफ्फरपुर में कश्मीर से फल लेकर पहुंचे चालक से लूटपाट

गुस्साए कारोबारियों ने किया एनएच जाम, व्यवसायियों का आरोप- पुलिस नहीं लेती एक्शन

मुजफ्फरपुर। अहियापुर में रविवार अहले सुबह बदमाशों ने कश्मीर से फल लेकर पहुंचे चालक से चाकू के बल पर लूटपाट किया। विरोध करने पर सिर व पैर समेत कई जगहों पर चाकुओं से गोंद दिया। घटना से गुस्साए लोगों ने बाजार समिति के पास हाइवे को जाम कर दिया है। कारोबारियों ने पुलिस के खिलाफ आक्रोश जताया। घटना को लेकर आक्रोशित कारोबारियों ने सड़क पर टायर जलाकर विरोध-प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। सड़क पर दोनों तरफ से ट्रक खड़ी कर हाईवे जाम कर दिया। दो घंटे तक हाईवे जाम रहा। इसके बाद पुलिस के समझाने पर कारोबारियों ने जाम हटाया। कारोबारियों का आरोप है कि बीते सप्ताह भी ट्रक चालक के साथ लूटपाट हुई थी। फिर, दुकान में भी लूटपाट की गई थी।

इन मामलों में पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया, पुलिस की कार्रवाई केवल ऋक्षक्ष तक सीमित हो चुकी है। अहियापुर पुलिस न तो बाजार समिति में गश्ती करती है। और न ही बदमाशों को पकड़ पा रही है। इस कारण बाहर से आने वाले ट्रक चालक में भय है। आक्रोशित कारोबारियों ने कहा की शुक्रवार देर रात करीब ढाई बजे जम्मू से स्थानीय चालक फल लेकर पहुंचा था। उनके साथ एक पंजाब के भी चालक थे। कहा कि देर बदमाशों ने चाकू की नोक पर उससे 10 हजार रुपये व मोबाइल लूट लिए। विरोध करने पर सिर से लेकर पांव तक कई जगह चाकुओं से गोद दिया। इसमे चालक गिरधारी लाल गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए रङटउ्र भेजा गया। जहां उसकी स्तिथि नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद से ट्रक चालक व कारोबारियों में भाड़ी आक्रोश है। कहा कि बीते सप्ताह भी ट्रक चालक के साथ लूटपाट हुई थी। फिर, दुकान में भी लूटपाट की गई थी। घटना को लेकर एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इसमे दो शातिरों को कारोबारियों ने ही पकड़ कर पुलिस को सौंपा था। इधर, घटना कि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है। आक्रोशित कारोबारियों को समझाया इसके बाद जाम हटाया गया।

पटना एम्स से इलाज के दौरान कैदी फरार

पटना। एम्स में इलाज के दौरान शनिवार को एक कैदी शौचालय के रास्ते से फरार हो गया। कैदी के फरार होने की सूचना से एम्स अस्पताल में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। काफी प्रयास के बाद भी जब कैदी का कोई अता पता नहीं चला तो सिपाही ने इसकी सूचना कारा अधीक्षक को दी। सूचना मिलते ही जेल अधीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने कैदी के फरार होने पर फुलवारीशरीफ थाने में लिखित आवेदन दिया। दरअसल, पटना के बेउर जेल में बंद शंभू कुमार (31 वर्ष) मुंह के कैंसर बीमारी से ग्रसित था। शंभू कुमार का इलाज पटना के पीएमसीएच में चल रहा था। इस दौरान शनिवार को पीएमसीएच से इलाज के लिए पटना के एम्स रेफर किया गया । एम्स पहुंचने के बाद कैदी शंभू कुमार ने सिपाही से शौचालय जाने की बात कही। जब उसे शौचालय लेकर आया गया तो कैदी शंभू कुमार शौचालय के पीछे के रास्ते से फरार हो गया। कैदी के भागने की सूचना मिलते ही सिपाही रंजन पासवान ने इसकी सूचना का जेल अधीक्षक को दी। जेल अधीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि

अजय कुमार पर पटना के गोपालपुर थाने में कई मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि शंभू कुमार पिता अजय सिंह गोपालपुर भीलवाड़ा का रहने वाला है। शंभू कुमार के पहचान के लिए बाएं हाथ के पंजे पर तिल का निशान और अदाएं कनपटी पर जख्म का दाग बताया गया है। उन्होंने बताया कि शंभू पर पटना के गोपालपुर थाने में लूट हत्या सहित लगभग 4 से अधिक मामले दर्ज हैं। पिछले कुछ दिनों से तबीयत खराब होने के बाद उसे इलाज के लिए पटना के पीएमसीएच भेजा गया था। शनिवार को एंटी जांच के लिए पटना के एम्स एक सिपाही के अभिरक्षा में उसे भेजा गया था। जहां शौचालय के रास्ते कैदी शंभू कुमार फरार हो गया ।

बेगूसराय के लेफ्टिनेंट ऋषि कश्मीर में शहीद

■ 29 नवंबर को थी बहन की शादी, 22 को आने वाले थे, साल भर पहले हुई थी जॉइनिंग

बेगूसराय। जम्मू-कश्मीर में शनिवार शाम हुए ब्लास्ट में बेगूसराय के लेफ्टिनेंट ऋषि कुमार शहीद हो गए। घटना की सूचना मिलते ही बेगूसराय में मातम पसर गया। ऋषि कुमार बेगूसराय जिला मुख्यालय के प्रोफेसर कॉलोनी निवासी राजीव रंजन के पुत्र थे। एक साल पहले सेना जॉइन की थी। वह मूलतः लखीसराय के पिपरिया के निवासी थे। कई दशक पूर्व से ही जीडी कॉलेज के समीप पिपरा रोड में घर बना कर रह रहे थे। दादा जी के रिफाइनरी में कार्यरत रहने के कारण यहीं बस गए थे। पार्थिव शरीर रविवार दोपहर तक बेगूसराय पहुंचने की संभावना है। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शहीद के पिता ने बताया कि टेलीफोन पर तकरीबन 7:30 बजे सूचना मिली। पिता ने यह भी कहा कि 4 दिन पहले ही मां से बात की थी। बोला था- बहन की शादी में छुट्टी लेकर आ रहा हूं। घटना की सूचना मिलने के बाद सेना में ही कार्यरत ऋषि के रिश्तेदार मौके पर पहुंच चुके हैं। इधर, इकलौते पुत्र के शहीद होने की खबर के बाद से ही पूरा परिवार बेहाल है। ऋषि अपने दो बहनों के इकलौते भाई और पिता के दो भाइयों में इकलौते चिराग थे। परिजनों ने बताया कि हम सभी ऋषि के छोटी बहन की 29 नवंबर को होने वाली शादी की तैयारी कर रहे थे। 22 नवंबर को ऋषि बहन की शादी में शामिल होने के लिए आने वाले थे। बताया जा रहा है कि ऋषि कुमार शनिवार की शाम अपने टीम के साथ बॉर्डर इलाके सुंदरवन सेक्टर के रजौरी नौशेरा में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान शाम करीब छह बजे विस्फोट में ऋषि समेत दो अधिकारियों की मौत हो गई। कई गंभीर रूप से घायल हो गए। कंपनी कमांडर ने शनिवार की देर शाम करीब 7:30 बजे पिता को फोन पर घटना की सूचना दी। सूचना के अनुसार सेना की टीम घटना के कारणों की जांच कर रही है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि आईईडी विस्फोट था या माइंस विस्फोट।

गबन के आरोपी अधिवक्ता की जमानत खारिज

पटना। हाईकोर्ट ने पैसे के गबन करने के आरोप में अपीलार्थी अधिवक्ता संतोष कुमार मिश्रा की जमानत हेतु प्रार्थना को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति राजीव रंजन प्रसाद की एकल पीठ ने उक्त आदेश को पारित किया। इसके साथ ही कोर्ट ने कोर्ट के आदेश की प्रति को बिहार स्टेट बार कॉउन्सिल को भेजने का आदेश भी दिया हैगबन के आरोपी अधिवक्ता की जमानत खारिज ताकि आरोपों को देखते हुए कॉउन्सिल के सक्षम अधिकारी कानून के मुताबिक उचित कार्रवाई कर सके। दरअसल, अपीलार्थी ने अधिवक्ता के तौर पर ललन पासी की ओर से क्षतिपूर्ति को लेकर पटना रेलवे ट्रिब्यूनल में रेलवे एक्ट की धारा 125 व 16 के तहत एक केस फाइल किया था। ट्रिब्यूनल ने 3 जनवरी, 2017 को ललन पासी के दावे को स्वीकार करते हुए 8 लाख रुपये बैंक के खाते में ट्रांसफर करने का आदेश दिया। साथ ही साथ दावेदार को 9 फीसदी के दर से ब्याज देने का भी आदेश दिया था। 4 लाख रुपये मृत की माँ संझरिया देवी के खाते में जाना था।

इस राशि में से 30 फीसदी तीन वर्षों के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट के रूप में जमा किया जाना था। याचिकाकर्ता को एक अधिवक्ता के रूप में ललन पासी और श्रीमती संझरिया देवी के सेविंग एकाउंट का ब्योरा देने को कहा गया था। इन दोनों के नाम से एक जॉइंट एकाउंट खोला गया जिसमें 11 सितंबर, 2017 को 10, 52, 000/- रुपये ट्रांसफर किये गए। अपीलार्थी ने दावेदार के अधिवक्ता होने का फायदा उठाते हुए चेक को भुनाते हुए 5, 50,000/ - रुपये निकाल लिए। अपीलार्थी की पत्नी ने भी दूसरे चेक को भुना कर ललन पासी के जॉइंट एकाउंट से 4, 50, 000 रुपये भुना ली। इसके अलावा भी अपीलार्थी द्वारा 52, 000 / - रुपये निकाले गए। ये राशि ललन पासी और संझरिया देवी को इकलौता पुत्र गोरख पासी की मृत्यु की वजह से क्षतिपूर्ति के रूप में दी गई थी। अपीलार्थी की पत्नी गीता देवी को जमानत मिल चुका। उक्त अपील के जरिए अपीलार्थी ने बक्सर के एडिशनल डिस्ट्रीक्ट एंड सेशन्स जज - 1 द्वारा 23 जुलाई , 2021 को पारित किए गए आदेश को रद्द करने का आग्रह किया था। मामला डुमरांव पी एस केस नंबर - 107/ 2019 से निकले एस सी / एस टी केस नंबर - 146 / 2020 से जुड़ा हुआ है। आई पी सी की धारा 406 व 420 में कांड दर्ज हुआ था। बाद में आई पी सी की धारा 467, 468, 471 व 120 (बी) तथा एस सी - एस टी एक्ट की धारा 3(आर) (एस) जोड़ा गया था।

संक्षिप्त -समाचार

गुस्साए पोस्टमैन ने ग्रामीणों के आधार कार्ड जलाए

पटना। बिहार के छपरा में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला मुखिया पद का चुनाव हार गई तो उसके पोस्टमैन पति ने डाकघर में रखे हुए आधार कार्ड को जला दिया। इस पूरे मामले का किसी गांव वाले ने वीडियो बना लिया। वीडियो सामने आने के बाद आरोपी पोस्टमैन पलट गया। अब वह कह रहा है कि उसने आधार कार्ड नहीं जलाए। हालांकि, वीडियो में दिख रहा है कि आधार कार्ड की साइज के ही कार्ड को बंडल से निकालकर जला रहा है। यह आधार कार्ड गांव वालों के थे और बंटने के लिए आए थे। मामला इसुआपुर प्रखंड का है। यहां 24 अक्टूबर को मतदान हुआ था और 26 अक्टूबर को नतीजे आए थे। वीडियो में जो पोस्टमैन आधार कार्ड जलाता हुआ दिख रहा है उसका नाम शैलेंद्र सिंह है। शैलेंद्र की पत्नी सुमन देवी ने यहां से मुखिया पद का चुनाव लड़ा था। हालांकि, वह चुनाव हार गई। चुनाव में सुमन को महज 144 वोट मिले। बताया जा रहा है कि इस बात से शैलेंद्र गांव वालों से खुन्नस खा गया। वह अगले दिन शाम को यानी 27 अक्टूबर की शाम को डाकघर पहुंचा। वहां उसने आग जलाई और एक-एक करके आधार जैसे कार्ड वाले लिफाफे आग में डालकर जलाने लग गया। इसका वीडियो वायरल हो गया। वीडियो के बारे में जब पोस्टमैन शैलेंद्र से बात की गई तो आधार कार्ड जलाने से साफ इनकार कर दिया। उसने कहा कि मैंने आधार कार्ड नहीं जलाए हैं। ऐसे में अब वीडियो की जांच के बाद ही सही तथ्य सामने आ पाएंगे। इस बारे में डाकघर के अधिकारियों से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

हर्ष फायरिंग करने वाले सावधान! फिर टेढ़ी हुई पुलिस की नजर, एसपी बोलेः होगी सख्त कार्रवाई

पटना। भोजपुर में शादी-विवाह सहित अन्य समारोह में हर्ष फायरिंग करने वाले सावधान हो जायें। ऐसे लोगों पर पुलिस की नजर एक बार फिर टेढ़ी हो गयी है। पुलिस अब हर्ष फायरिंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। ऐसा करने वालों पर प्राथमिकी की जायेगी और जेल भेजा जायेगा। इसे लेकर भोजपुर पुलिस ने जिलावासियों से हर्ष फायरिंग नहीं करने की अपील की है। कहा गया है कि अक्सर देखा जा रहा है कि जिले में शादी-विवाह, जन्मोत्सव, जुलूस, धार्मिक उत्सव सहित अन्य समारोह में कुछ लोगों द्वारा उत्साह में फायरिंग की जा रही है। इससे जान-माल की क्षति के साथ ही लोगों में भय और गुस्सा भी देखा जा रहा है। ऐसे में हर्ष फायरिंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। एसपी विनय तिवारी ने बताया कि हर्ष फायरिंग करना पूरी तरह गैरकानूनी है। इस मामले में नामजद प्राथमिकी दर्ज करते हुये फायरिंग करने वालों को जेल भेजा जायेगा। वहीं हर्ष फायरिंग में अगर लाइसेंसी हथियार का इस्तेमाल करने की पुष्टि हुई, तो अनुज्ञप्ति रद्द किया जायेगा। हर्ष फायरिंग में मौत होने पर सभी संबंधित पक्षों को जिम्मेदार बताते हुए केस किया जायेगा। बता दें कि जिले में हर साल हर्ष फायरिंग में लोगों की जान जा रही है। शादी समारोह में खूब हर्ष फायरिंग की जाती है। एक बार फिर शादी-विवाह का मौसम शुरू होने वाला है। इसे देखते हुए पुलिस तैयारी में जुट गयी है। अभी कुछ रोज पहले ही तरारी प्रखंड इलाके में पंचायत चुनाव का रिजल्ट आने के बाद हर्ष फायरिंग की गयी थी। उसमें एक व्यक्ति जख्मी हो गया था।

सरकार ने दो महीने में 26 बीडीओ पर की कार्रवाई, किसी को मिली चेतावनी तो किसी की रुकी वेतन वृद्धि,

पटना। कार्य में कोताही बरतने, गड़बड़ी करने और लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के यहां सुनवाई के दौरान उपस्थित नहीं होने वाले प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) पर सरकार ने सख्ती दिखाते हुए उनपर कड़ी कार्रवाई की है। यही वजह है कि पिछले दो माह में 26 बीडीओ को ग्रामीण विकास विभाग द्वारा दंड दिया गया है। ऐसी कार्रवाई निरंतर की जा रही है। किन्हीं को चेतावनी तो कइयों की वेतन वृद्धि रोकी गई है। विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि योजनाओं के क्रियान्वयन में शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी। ऐसे बीडीओ पर विभाग की नजर है। मंत्री ने माना है कि बार-बार हिदायत देने के बाद भी कई बीडीओ ऐसे हैं जो लापरवाही बरतते हैं। इनकी लापरवाही से योजनाओं के क्रियान्वयन में देरी होती है और जनता को योजना का का पूरा लाभ नहीं मिल पाता है।

वहीं लोक शिकातयत निवारण पदाधिकारी के यहां सुनवाई में उपस्थित नहीं होने से लोगों की शिकायतों का निष्पादन समय पर नहीं हो पाता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी लोक शिकायत निवारण कानून के तहत होने वाली सुनवाई में उपस्थित नहीं होने वाले पदाधिकारियों को चिह्नित कर कार्रवाई करने का निर्देश ह्यजनता के दरबार में मुख्यमंत्रीह्ल कार्यक्रम में दिया था। रोहतास जिले के दावथ प्रखंड के बीडीओ शिवेश कुमार और पूर्वी चंपारण के तुरकौलिया के बीडीओ राजेश भूषण को लोक शिकायत पदाधिकारी के यहां सुनवाई में अनुपस्थित रहने के कारण कड़ी चेतावनी का दंड दिया गया है। इसी प्रकार नालंदा, भागलपुर, गया, औरंगाबाद, सीतामढ़ी, मधुबनी, अरवल, भोजपुर, जमुई, शेखपुरा आदि जिलों के बीडीओ पर कार्रवाई हुई है।

बिहार उपचुनावः तेजस्वी बोले- हर जाति और वर्ग ने राजद के पक्ष में किया मतदान, बड़ा होगा जीत का अंतर

पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने दावा किया है कि उपचुनाव में आखिरकार जीत जनता की हो गई। उपचुनाव की दोनों सीटों पर लड़ाई तीर और लालटेन की नहीं, जनता और सरकार के बीच थी। जीत का अंतर भी बड़ा होगा। हर जाति और वर्ग के लोगों ने राजद उम्मीदवारों के पक्ष में वोट किया है। तेजस्वी यादव शनिवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनता सरकार से ऊब चुकी है।

उन्होंने आरोप लगाया कि महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, लालफीताशाही सब चरम पर है। सरकार ने प्रशासन का पूरा दुरुपयोग किया। पीडीएस डीलर को तंग किया गया, लेकिन सारे हथकंडे नाकाम हो गये। एक सवाल के जवाब में तेजस्वी ने आरोप लगाया कि आनंद मोहन को परेशान किया जा रहा है। अगर मोबाइल मिला है तो इसके लिए दोषी कौन है। वह अनशन पर बैठे हैं। उनकी सजा पूरी हो गई है, लेकिन उन्हें छोड़ा नहीं जा रहा है। यह भी आरोप लगाया कि कुशेश्वरस्थान में मेरे कार्यकताओं के घर पुलिस को भेजा जा रहा है। लेकिन, क्या होगा। सरकार से ऊबी जनता ने पहले ही मन बनाया था। चुनावी सभाओं में बड़ी संख्या में महिलाएं भाग ले रही थीं। उसी हिसाब से उन लोगों ने वोट भी किया है।

जब हो चेहरे पर स्टाइलिश

मैटेलिक मेकअप – आजकल फैशन में मैटेलिक मेकअप है, इसमें पूरे चेहरे पर मैटेलिक गोल्ड, सिल्वर और कॉपर रंगों पर प्रयोग किया जाता है। मेकअप करते समय सबसे पहले चेहरे पर वाटरप्रूफ बेस लगाया जाता है ताकि चेहरे पर मेकअप लंबे समय तक बरकरार रहे। फिर आपके रंग को ध्यान में रख कर मैटेलिक मेकअप लगाया जाता है। इसमें ब्राइट कलर का ही अधिक प्रयोग किया जाता है। मैटेलिक मेकअप लेट नाइट पार्टियों में ज्यादा फबता है क्योंकि इसमें चेहरा एकदम शाइनी लुक देता है।

सिलिकॉन मेकअप – सिलिकॉन अभी नया मेकअप लुक है, जिसमें चेहरे पर सिलिकॉन प्रोडक्ट का इस्तेमाल किया जाता है। यह मेकअप उन युवतियों के लिए अच्छा है, जिनकी ड्राई स्किन है, इसमें चेहरे पर लिक्विड स्प्रे किया जाता है। फिर चेहरे पर माइक्रो फाउंडेशन लगाया जाता है। अधितर भारतीय युवतियों की स्किन तैलीय है, इसलिए सिलिकॉन मेकअप बेहतर ऑप्शन है, जिसमें आप अपने चेहरे को नया लुक दे सकती हैं। इस मेकअप में चेहरे पर सबसे पहले मैट मेकअप किया जाता है, फिर उसके ऊपर शाइनिंग लुक दिया जाता है। यह मेकअप वाटरप्रूफ है, इसलिए आराम से 15-17 घंटे तक आपकी खूबसूरती बरकरार रहती है।

ईवनिंग मेकअप- ईवनिंग पार्टी हो और आप का मेकअप हो नेचुरल तो रंग कुछ फीका लगेगा। ऐसी पार्टी में मेकअप कैजुअल पार्टी से डिफरेंट होना चाहिए। यानी मेकअप ऐसा करें जो आपको ग्लैमरस लुक दे। ईवनिंग पार्टी के लिए मेकअप में ब्राइट व ग्लासी शेड्स वाले प्रसाधनों का इस्तेमाल करें। जब भी मेकअप करें तो पहले चेहरे को अच्छी तरह साफ कर लें और बेस के रूप में चेहरे की कंसीलिंग करें। कंसीलर त्वचा की रंगत से मेलखाता होना चाहिए। उसके बाद आई मेकअप करें। हाई लाइटनर के तौर पर गोल्ड व सिल्वर शैडो को मिक्स कर आंखों की ऊपरी तरफ ब्लेंड करें। ब्लैक आईशैडो का बेस आईलिड पर लगाएं। उसके बाद ड्रेस से मैचिंग आईशैडो जैसे ब्राउन व पिंक क्रीज व ब्रो पर लगाएं। शैडो का टच निचली आईलिड पर भी दें। अगर पलके घनी नहीं है, तो फाल्स आईलैशेज लगाएं और उस पर मसकारा लगाएं। चिकबोन पर लाइट पिंक ब्लशर का टच दें। होंठों पर पहले लिपब्रश की मदद से डधार्क आउटलाइनिंग बनाएं फिर क्रीमी लिपस्टिक लगाएं और चमक के लिए होंठों के मध्य में लिपग्लास का टच दें। हो गया आपका ईवनिंग मेकअप तैयार। पार्टी से लौटने के बाद मेकअप रिमूव करना न भूलें।

डिस्को मेकअप – डिस्कोथेक में जाने के लिए आपका मेकअप होना चाहिए लांग स्टे और परफेक्ट क्योंकि वहां लाइटिंग बहुत ज्यादा होती है। इसलिए मेकअप जितना भड़कीला व चमकीला होगा, अदाएं भी उतनी ही मोहक लगेंगी। ऐसी वेस्टर्न ड्रेसज सलेक्ट करें जोकि सेक्सी लुक दें। जिनके कलर्स डार्क हों, सीक्वेंस व बीड्स वर्क किया गया हो, साथ ही स्टोल या फर आढ़ा जा सके।

शिमरी, ग्लासी मेकअप आजकल ट्रेंड में है इसलिए आंखों और होंठों के मेकअप को खासकर हाईलाइट करें। हेयरस्टाइल चेंज लाने के लिए विग, कलर स्ट्रिक्स या हेयर एक्सटेंशन करा सकती हैं। शोल्डर, आर्मलेट व बैक पर बने बॉडी टैटू देंगे यूनीक लुक।

रैम्प मेकअप- आजकल फैशन में रैम्प मेकअप है, इसमें मेकअप को इस तरह किया जाता है, जैसा कि रैम्प पर चलने वाली मॉडल करती हैं। रैम्प मेकअप फैंटेसी मेकअप का दूसरा नाम है। अगर आप ने क्रिएटिव ड्रेस पहनी है, तो आप वाइल्ड लुक जैसा मेकअप कर सकती है। वह भी नीट होना चाहिए। फूहड़ता से दिया गया कोई भी लुक भद्दा ही लगेगा। मौसम को ध्यान रखते हुए समर में पेस्टल या सौफ्ट लुक ही होना चाहिए। विंटर कलेक्शन में डार्क मेकअप और हॉट कलर ही इस्तेमाल करें। अगर कपड़े पारंपरिक है, तो लुक भी क्लासिक व स्टाइलिश होना चाहिए। अगर रात की पार्टी में जा रही है, तो ब्राइट, ग्लौसी व शाइनी मेकअप कर सकती हैं।

वैसे आजकल ग्लौसी व शाइनी मेकअप फैशन में है। हैवी आईमेकअप के बाद लिप कलर हल्का होना चाहिए। यदि दोनों पर गहरा रंग लगाना हो तो आंखों को डार्क आईशैडो से डिफाइन करके लाइट शेड से हाईलाइट करें और मैचिंग की लिपस्टिक लगा कर ग्लौस लगाएं। ऐसे में ब्लश भी थोड़ा डार्क ही होना चाहिए ताकि फीचर अलग-अलग डिफाइन हो सकें। शैडो लगाने के बाद काजल पेंसिल से पलकों पर लाइनर लगाएं और कॉटन बड से हलका सा मिक्स करें। इससे आंखें बड़ी व सुंदर लगती हैं।

सिर्फ मां क्यों बने बेस्ट फ्रेंड

पेरेंटिंग कठिन काम है, पर सच्चाई भी है कि टीनएज मुश्किल दौर है। इस उम्र में बच्चों को स्पेशल केयर की जरूरत होती है। वैसे, कहा जाता है कि पेरेंटिंग लंबी प्रक्रिया है। इसके पहले चरण में पेरेंट्स को सबसे ज्यादा जिम्मेदार बनना पड़ता है। दूसरे चरण में चुनौती और भी बढ़ जाती है, क्योंकि आपको अपने टीनएज बच्चे को स्वतंत्रता देते हुए नजर रखनी होती है। यदि आप ऐसा करने में सफल हो जाती हैं, तो आपके और बच्चे के बीच कभी दूरी नहीं पैदा होगी। आप कब उसकी मां से बेस्ट फ्रेंड बन जाएंगी, आपको भी पता नहीं चलेगा।

- मॉडर्न बनना और इसके लिए अपने बच्चे को कुछ हद तक स्वतंत्रता देना तो ठीक है, पर उसे खुली छूट देना अच्छा नहीं है। यदि बच्चा दी गई छूट का गलत फायदा नहीं उठा रहा है, तो उसे जरूर छूट दें। नियम-कायदे में थोड़ा-बहुत बदलाव करती रहें।
- इस उम्र में बच्चे और पेरेंट्स के बीच कम्यूनिकेशन गैप आ जाता है, इसलिए आप जितना बोलती हैं, उससे दोगुना बच्चे की बात भी सुनें। यदि आप उसकी बातें सुनना बंद कर देंगी, तो वह पूरी तरह से आपसे कट जाएगा।
- स्कूल के दिनों को याद करें। ऐसा करने से धैर्य-क्षमता बढ़ेगी। जब आप अपने बच्चे की स्थिति को बेहतर तरीके से समझ पाएंगी तो उसे बेहतर तरीके से डील कर सकेंगी।
- अपने बच्चे की पढ़ाई में सहयोग करें। अमूमन, जब बच्चे छोटे होते हैं, तो पेरेंट्स उनकी पढ़ाई-लिखाई में अपनी सक्रियता दिखाते हैं, पर बाद में ऐसी स्थिति नहीं रहती। अगर आप अपने बच्चे की पढ़ाई में अपना सहयोग जारी रखेंगे, तो इससे आपको पता रहेगा कि उसकी जिंदगी में क्या चल रहा है।
- टीचर से मिलते रहें। टीचर से बच्चे को आपको सही गाइडेंस तो मिलेगी ही, साथ ही यदि बच्चे के व्यवहार में बदलाव आ रहा है, तो यह भी पता चल जाएगा।
- बच्चों को जन्म से ही सभी चीजों के बारे में मालूम नहीं होता, पेरेंट्स ही उन्हें इन चीजों के बारे में सिखाते हैं। टाइम मैनेज करना और इस तरह की अन्य लाइफ स्किल उन्हें सिखाना आपकी जिम्मेदारी है। आपकी मदद से वह जिंदगी की चुनौतियों का बेहतर तरीके से सामना कर पाएगा।
- अपने लाड़ले को दोस्ती करने के लिए प्रेरित करें। अच्छे दोस्त किसी टीनएजर के लिए बहुत जरूरी होते हैं, इसलिए अपने बच्चे से उसके दोस्तों को घर आमंत्रित करने के लिए कहें। ऐसा करने से आप अपने बच्चे के दोस्तों और कैसे लोगों के साथ समय बिताता है, जान पाएंगी।
- अपने बच्चे को यह महसूस करवाएं कि वह स्वभाव से स्पेशल है। ट्रेंडी कपड़े पहनने या स्टाइल को फॉलो करने से वह खास नहीं बन जाता। सभी विषयों पर उससे खुलकर बातें करें। ऐसा करने से वह किसी विषय पर आपसे बात करने में हिचकेगा नहीं और आप दोनों के रिश्ते के बीच पारदर्शिता कायम रहेगी।

फैशन में फिर आया कफ्तान

यह तो आप ने सुना ही होगा कि फैशन दोबारा लौट कर आता है, फिर चाहे वह ज्वेलरी हो या कपड़े। 60 के दशक में हिप्पियो का खास परिधान 'कफ्तान' एक बार फिर लौट आया है। कफ्तान जहां पहले एथनिक ड्रेस के रूप में पहचाना जाता था, वहीं आज युवतियां इसे मॉडर्न ड्रेस के रूप में पसंद कर रही है। पहले यह पांव तक पहना जाता था पर अब इसका साइज छोटा हो गया है। कफ्तान बिलकुल ढीली-ढाली ड्रेस है, जो देखने में बहुत कुछ कुर्ती से मिलती जुलती है। बाजार में यह दो वेरायटी में मिल रहे हैं, जिसमें शॉर्ट और लॉन्ग कफ्तान है। शॉर्ट कफतान घुटने तक होता है, जिसे जींस, कैपरी या स्कर्ट के साथ पहना जा सकता है। वहीं लॉन्ग कफ्तान एड़ियों तक होता है, जिसे चूड़ीदार पायजामे के साथ पहना जाता है। फैशन डिजाइनर कविता भरतिया कहती हैं कि आज कल युवतियां नए फैशन को बहुत अहमियत दे रही है, इसलिए बाजार में जो भी नया ट्रेंड आता है। वह उसे अपनाने से परहेज नहीं करती है। कफ्तान भी बहुत अलग तरह की ड्रेस है, जो युवतियों को भीड़ से अलग बनाता है क्योंकि यह फैशन एकदम नया है इसलिए अभी मेरे पास इतने ज्यादा कस्टमर तो नहीं आ रहे है, जो कफ्तान की डिमांड कर रहे हैं। मगर कुछ कॉलेज जाने वाली लड़कियों ने जरूर डिमांड की है।

अगर आप पार्टी वियर कफ्तान खरीदना या डिजाइन करवा रही है तो इस बात का ध्यान रखे कि यह थोड़ा शाइनी लुक में हो। इसके लिए आप सिल्वर या गोल्ड फैब्रिक का प्रयोग कर सकती हैं। अगर प्लेन फैब्रिक ले रहे है तो उस हैवी बीडेड वर्क या गोल्ड थ्रेड से वर्क करवा सकती हैं। अगर घर में पहनने के लिए कफ्तान ले रहे हैं तो मौसम को देखते हुए कॉटन और जॉर्जट फैब्रिक का ही कफ्तान खरीदें। अगर रंगों की बात की जाये तो डिजाइनर हल्के रंगों का ही ज्यादा प्रयोग कर रहे है, जिसमें गुलाबी, पीच, सफेद और आसमानी रंग खास है। अगर कफ्तान पर किए गए, वर्क की बात की जाए तो इसमें आपको ढेरो वेरायटी देखी जा सकती है, जिसमें प्रिटेंड, एम्ब्रॉयडरी वर्क, स्टीकर वर्क फैशन में है। प्रिटेंड वर्क में वेजिटेबल पैटर्न वर्क कर सकते हैं जिसमें सब्जियों से छपाई की जाती है। एम्ब्रॉयडरी वर्क में लखनवी और क्रोशिया वर्क करवा सकते हैं, मगर ध्यान रखे कि पार्टी वियर कफ्तान बनाते समय रेशमी धागों का इस्तेमाल करें।

भेलपूरी

सामग्री : 200 ग्राम कुरमुरा (बाजार में रेडीमेड उपलब्ध), आधा कप बारीक सेब, 1 प्याज बारीक कटा हुआ, 1 टेबलस्पून हरी धनिया बारीक कटी हुई, 1 टीस्पून हरी मिर्च बारीक कटी हुई, 1 टेबलस्पून हरी चटनी, 1 टेबलस्पून इमली-खजूर की चटनी, 2 टेबलस्पून उबले हुए आलू और नमक स्वादानुसार।

विधि : आलू को मसल लें। कुरमुरे में बारीक कटे हुए प्याज, हरी मिर्च, हरी चटनी, इमली-खजूर की मीठी चटनी और आलू डालकर अच्छी तरह से मिला लें, ऊपर से सेब और हरी धनिया डालकर सर्व करें।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): आपके पूंजीगत निवेशों से भी लाभ होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेगें। पदोन्नति मिलने का योग हैं। आमदनी में वृद्धि होगी। यात्रा में सावधानी बरतें। क्षमता से अधिक कार्य करने से मर्ज बिगड़ सकता है। मनचाहा स्थानान्तरण मिल सकता है। अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहें। शुभांक-2-5-6

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। बौद्धिक कार्यों में दक्षता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मन: स्थिति से अधिक प्रभावित रहेगा। शुभांक-३-४-७

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): पुरूषार्थ और कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक समय उपलब्धिकारक रहेगा। शुभांक-4-5-6

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष से सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। शुभांक -4-6-8

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): निकटस्त व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में बाधा को दूर करेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-5-6

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-5-7-8

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभांक-1-5-8

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): विवादों व मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग मिलेगा। स्वयं को अधिक सक्रिय पाएंगे। शुभांक-3-5-7

मकर (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-2-5-8

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): हरि करे सो खरी अत: हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। शुभांक-3-4-6

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंग। धार्मिक कार्य में समय व धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। शुभांक-2-4-7

काकुरो पहेली - 2273



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

काकुरो -2272 का हल



दानवीर कर्ण-33

कर्ण ने कहा इन्हें तोड़कर ले लीजिये,
इस पर कृष्ण ने कहा,
ये काम मैं कैसे कर सकता हूं,
दान देनेवाला अपने हाथों से देता है,
खुद से मैं कैसे ले सकता हूं।

तब कर्ण ने सामने पड़े पत्थर से,
अपने दांतों को तोड़ डाला
और स्वर्ण दांतों को कर्ण ने,
उस ब्राह्मण को सौंप डाला।

यह है महान कर्ण की दानवीरता,
की अंतिम और अमर कहानी
कर्ण से बड़ा इस दुनिया में,
ना होगा कोई महान दानी ।

कन्हैया प्रसाद गुंजन, रांची

फिल्म वर्ग पहेली- 2273



बायें से दायें:-

१. अमिताभ, सलमान, हेमा, महिमा की फिल्म-४
४. बी.आर. चोपड़ा की फिल्म 'निकाह' की नायिका कौन थी-३
६. अशोककुमार, संजीवकुमार, सुमिता सान्याल की फिल्म-४
७. फिल्म 'चाँद का टुकड़ा' में श्रीदेवी के साथ नायक कौन था-४
९. अयूब खान, आयशा जुल्का की 'ओ सरफि री ओ' गीत वाली फिल्म-३
११. 'अंख लड़ती है तो लड़ने दे' गीत वाली संजयदत्त, मनीषा रवीना की फिल्म-२
१२. अर्जुन रामपाल, जायेदखान, अमीषा की 'मैं इश्क उसका' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'बड़े नाजुक दौर से' गीत वाली अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
१५. जॉन अब्राहम, उदिता गोस्वामी की 'अपनी चाहतों पे' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'एरी रे एरी क्या है पहेली' गीत वाली ऋतिक, जैकी, करीना की फिल्म-२
२०. अक्षय, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की 'तेरा ये देख के' गीत वाली फिल्म-३
२२. फिल्म 'पूरब और पश्चिम' का निर्माता निर्देशक, नायक कौन था-३
२४. सुनीलदत्त, वहीदा, आशा पारेख की 'इतना ना मुझसे तू प्यार बढ़ा' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'चप्पा चप्पा चरखा' गीत वाली चंद्रचूड़सिंह, अरशद वारसी, रवि गोसाई, तब्बू की फिल्म-३
२६. 'मिलती है जिंदगी में' गीत वाली फिल्म 'आँखें' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
२८. फिल्म 'राजाजी' में गोविंदा के साथ नायिका कौन थी-३
३१. अमिताभ, शशि, स्मिता की 'आज रपट जायें तो' गीत वाली फिल्म-३,३

ऊपर से नीचे:-

१. संजयदत्त, इंद्रकुमार, मनीषा की फिल्म-२
२. बॉबी देओल, रानी की 'मिलने से डरता है दिल' गीत वाली फिल्म-३
३. 'गुड मार्निंग इंडिया' गीत वाली फिल्म-२
४. कमल हासन, श्रीदेवी की 'ऐ जिंदगी गले गला ले' गीत वाली फिल्म-३
५. राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
६. 'दिल में छुपा के प्यार का' गीतवाली फिल्म-२
७. 'जो तुमको हो पसंद' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
८. देव आनंद, माला सिन्हा की 'जारे जारे उड़ जारे पंछी' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'भैया मेरे पापा को' गीत वाली मनोज बाजपेयी, रवीना टंडन की फिल्म-२
१२. अजय, मास्टर सत्यजीत, अलका की 'एक तेरा साथ हमको' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'चोरों को सारे नजर' गीत वाली फिल्म-२,३
१६. नाना, अजय, फरदीन, रेखा, उर्मिला की 'ये सर्द आहें मेरी' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'आज उनसे पहली मुलाकात होगी' गीत वाली राकेश रोशन, हेमा की फिल्म-३,२
१८. राकेश रोशन, जयाप्रदा की 'तुम संग प्रीत लगाई सजना' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'तुम्हे जिंदगी के उजाले मुबारक' गीत वाली धर्मेन्द्र, मीना कुमारी की फिल्म-३
२३. प्रशांत, ऐश्वर्या राय की फिल्म-२
२७. 'मैं राजू दीवाना' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'शोले' में धर्मेन्द्र के किरदार का नाम?-२
३०. अमिताभ वाली संजय लीला की फिल्म जिसमें रानी मुखर्जी मूक-बधिर बनी है-२

फिल्म वर्ग पहेली- 2272

सूडोकु -2273

4	6		3		8	9		7
	1		9		6		5	4
						8		
	4		5				8	
2		5		4		6		1
	3				1		7	
		3						
5	9		7		2		6	
7		6	4		3		9	2

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -2272 का हल

5	7	2	3	8	4	1	9	6
8	6	1	9	2	5	7	3	4
3	9	4	1	6	7	5	8	2
2	5	7	4	1	3	8	6	9
4	8	6	5	9	2	3	7	1
1	3	9	6	7	8	4	2	5
6	2	3	7	4	1	9	5	8
9	4	5	8	3	6	2	1	7
7	1	8	2	5	9	6	4	3

शब्द पहेली -2273



बाएँ से दाएँ

1.जानकारी-4
4.मांसाहार का उलट-4
8.'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9.कायाकल्प-5
10.पिता के छोटे भाई-2
13.कहानी लिखने वाला-5
15.नाम रखना-5
17.बेवक्त,अकाल-5
20.प्रयास,कोशिश-5
23.टोंटी,नलका-2
24.कामदेव,पुष्कर-2,3
25.डर,भय-4
28.शोर-शराबा-4
29.बेवफा,व्यभिचारी-4

ऊपर से नीचे

2.बिंदु,बिंदी,शून्य-2
3.गोलाकार-3
4.सम्मिलित होना-3,2
5.घाटा,नुकसान-2
6.मूर्ख,बेवकूफ-4
7.बिना कारण,बेवजह-4
11.राजा की पत्नी-2
12.वहम,संदेह-2
14.दुर्घटना-3
16.खाना बनाने की जगह,किचन-3
17.एकाएक, सहसा-4
18.अलमस्त-2
19.कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20.आरामदायी-5
21.सम्मान-2
22.भलमानसता-4
26.सद्,अच्छा-2
27.मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

शब्द पहेली -2272 का हल

जलवायु वार्ता में निकलेगी डेढ़ डिग्री पर बढ़ने की राह? बड़े लक्ष्य का ऐलान कर सकता है भारत

नई दिल्ली। ब्रिटेन के ग्लास्गो में रविवार से शुरू होने जा रही जलवायु वार्ता कॉप-26 में यदि कार्बन उत्सर्जन में कटौती के नए लक्ष्य तय नहीं होते हैं तो इससे भविष्य में विश्व के समक्ष जलवायु संकट बढ़ सकता है। जिस प्रकार से दुनिया के तमाम देश अपनी सुविधानुसार अलग-अलग किस्म के लक्ष्य निर्धारित कर रहे हैं, उसके चलते सबसे बड़ा सवाल यह पैदा होता है कि क्या इस सम्मेलन से डेढ़ डिग्री की राह पर चलने का रास्ता निकलेगा? आईपीसीसी की छठी रिपोर्ट के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग को काबू करने के लिए मौजूदा प्रयास नाकाफी हैं। वे दो डिग्री या उससे ज्यादा वृद्धि की ओर अग्रसर हैं। जबकि रिपोर्ट यह कहती है कि दुनिया को बड़े जलवायु खतरों से बचने के लिए तापमान वृद्धि डेढ़ डिग्री तक सीमित रखनी होगी। लेकिन इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी देशों को नए सिरे से कार्बन उत्सर्जन में कमी के अपने लक्ष्यों को निर्धारित करना होगा।

नेट जीरो उत्सर्जन पर बनेगी बात?

अध्ययन यह संकेत करते हैं कि यदि 2050 तक शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य रखा जाए तो तापमान बढ़ोतरी को डेढ़ डिग्री तक सीमित करना संभव हो सकता है। लेकिन यह लक्ष्य इतना आसान नहीं है। हालांकि अमेरिका, चीन समेत 39 देश इस लक्ष्य का ऐलान कर चुके हैं। सम्मेलन में कुछ और देश इसका ऐलान कर सकते हैं। भारत और अन्य देशों पर भी इस सम्मेलन में नेट जीरो के ऐलान करने का दबाव है लेकिन विकासशील देशों के लिए इतना कठिन लक्ष्य निर्धारित करना आसान नहीं होगा। इसलिए एक सहमति यह बन सकती है कि विकसित देश नेट जीरो के लक्ष्य घोषित करें और विकासशील देश अपने उत्सर्जन के पूर्व घोषित लक्ष्यों को और बढ़ाएं। जबकि गरीब देशों को अपनी इच्छानुसार कदम उठाने की छूट दी जा सकती है।

पीएम मोदी बोले-

सरदार पटेल हमेशा मजबूत, समावेशी, संवेदनशील भारत चाहते थे, एकजुट होने पर लक्ष्य होगा पूरा

गांधीनगर। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के केवडिया में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर पुष्पांजलि अर्पित की है। इसके साथ ही इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सरदार पटेल को याद किया। पीएम ने कहा कि सरदार पटेल ना केवल इतिहास बल्कि सभी भारतीयों के दिलों में बसते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सरदार पटेल हमेशा मजबूत, समावेशी, संवेदनशील भारत चाहते थे, एकजुट होने पर लक्ष्य पूरा होगा।

सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के केवडिया में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर पुष्पांजलि अर्पित की है। आज गृह मंत्री इस मौके पर केवड़िया में सरदार वल्लभ भाई पटेल को समर्पित 182 मीटर ऊंची प्रतिमा के पास राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में शामिल हुए हैं। शाह कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे। इस खास मौके पर परेड भी आयोजित हुई। अपने संबोधन में पीएम ने आगे कहा कि सरदार पटेल हमेशा मजबूत, समावेशी, संवेदनशील भारत चाहते थे। हमारा लक्ष्य तभी पूरा हो सकता है जब हम एकजुट रहें।

- पीएम ने कहा कि बीते वर्षों में जो अनेक रिफॉर्म किए गए हैं उनका सामूहिक परिणाम है कि भारत निवेश का एक आकर्षक डेस्टिनेशन बन गया है। आगे कहा कि आजाद भारत के निर्माण में सबका प्रयास जितना तब प्रासंगिक था, उससे कहीं अधिक आजादी के इस अमृतकाल में होने वाला है। आजादी का ये अमृतकाल, विकास की अभूतपूर्व गति का है, कठिन लक्ष्यों को हासिल

करने का है। ये अमृतकाल सरदार साहब के सपनों के भारत के नवनिर्माण का है।

- इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 7 वर्षों में देश ने दशकों पुराने अवांछित कानूनों से मुक्ति पाई है। राष्ट्रीय एकता को संजोने वाले आदर्शों को नई ऊंचाई दी है। जम्मू-कश्मीर हो, पूर्वोत्तर हो या हिमालय का कोई गांव आज सभी प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं।

- इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें ये याद रखना है कि नाव में बैठे हर मुसाफिर को नाव का ध्यान रखना ही होता है। हम एक रहेंगे तभी आगे बढ़ पाएंगे, देश अपने लक्ष्यों को तभी प्राप्त कर पाएगा। इसके साथ ही आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत सिर्फ एक भौगोलिक इकाई नहीं है बल्कि आदर्शों, संकल्पनाओं, सभ्यता, संस्कृति के उदार मानकों से परिपूर्ण राष्ट्र है। धरती के जिस भूभाग पर हम 130 करोड़ से अधिक भारतीय रहते हैं वो हमारी आत्मा, सपनों, आकांक्षाओं का अखंड हिस्सा है। अमित शाह ने कहा कि आज सरदार पटेल की जन्म जयंती है। मैं पूरे देश में करोड़ों देशवासियों को बताना चाहता हूं- सदियों में कभी कोई एक ही सरदार बन पाता है, वो एक सरदार सदियों तक अलख जगाता है।

सरदार पटेल को देश आज कर रहा याद, राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने किया नमन-इस दौरान अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस का विशेष महत्व है। आज का राष्ट्रीय एकता दिवस आजादी का अमृत महोत्सव का दिन है। आजादी के बाद अंग्रेजों ने जाते समय देश को कई टुकड़ों में बंटने की साजिश रची थी, लेकिन सरदार पटेल ने उस साजिश को नाकाम किया और अखंड भारत बनाने का संकल्प लिया। गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर केवड़िया में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में सशस्त्र सीमा बल ने वुशू मार्शल आर्ट का भी प्रदर्शन किया।

-बता दें कि इस कार्यक्रम में अमित शाह के अलावा भारतीय हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह ,जल, थल, वायुसेना के अधिकारी, ओलंपिक, एशियन व विविध खेलों में मेडल विजेता खिलाड़ियों के साथ पुलिस अधिकारी-कर्मचारी भी शिरकत कर रहे हैं।

बीजेपी को लगातार झटके दे रहीं दीदी, आज राजीब बनर्जी टीएमसी में करेंगे वापसी

नई दिल्ली। बंगाल में बीजेपी को एक और बड़ा झटका लगने जा रहा है। इसी साल ममता सरकार में मंत्रीपद छोड़कर बीजेपी का दामन थामने वाले राजीब बनर्जी आज टीएमसी में वापसी करने वाले हैं। लंबे वक्त से उनकी वापसी की अटकलें लगाई जा रही थी। अब खबर है कि पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी की त्रिपुरा रैली के दौरान राजीब बनर्जी टीएमसी जॉइन करेंगे। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, राजीब बनर्जी आज त्रिपुरा में होने वाली अभिषेक बनर्जी की रैली के दौरान टीएमसी में शामिल होंगे। राजीब बनर्जी इसी साल बीजेपी में शामिल हुए थे। वह पिछली बंगाल सरकार में मंत्री थे और इस्तीफा देकर उन्होंने बीजेपी जॉइन की थी। हालांकि, बंगाल विधानसभा चुनावों में टीएमसी की प्रचंड

जीत के बाद से ही राजीब बनर्जी के सुर बदल गए थे। उन्होंने खुलकर बीजेपी की नीतियों का विरोध करना शुरू कर दिया था और बीजेपी की बैठकों से भी दूरी बना ली थी, जिसके बाद से ही यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि बनर्जी टीएमसी में वापसी कर सकते हैं। बनर्जी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2011 और 2016 में लगातार दो बार दोमजुर विधानसभा सीट पर जीत दर्ज की थी। हालांकि, ममता के साथ रिश्तों में आई कड़वाहट के बीच राजीव ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2021 से ठीक पहले 29 जनवरी 2021 को टीएमसी छोड़ी दी थी।

मानसिक परेशानी से हर कोई अलग तरह से लड़ता है.. एक तराजू में न तौलें, ऐसा कहकर रद्द कर दिया हाईकोर्ट का आदेश

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आत्महत्या करने वालों को कमजोर दिल नहीं मानना चाहिए। हर व्यक्ति बिगड़े मानसिक स्वास्थ्य से अपनी तरह से लड़ता है, सभी को एक तराजू में तौलकर उनकी पीड़ा कमतर नहीं आंकनी चाहिए। शीर्ष कोर्ट ने इसके साथ ही खुदकुशी के लिए उकसाने में एफआईआर खारिज करने के कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया। हाईकोर्ट ने इस मामले में आरोपी सरकारी अधिकारी पर दर्ज एफआईआर यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि मृतक ड्राइवर था, सड़क हादसों में लोगों को मरते, अपाहिज होते देखता था, कमजोर दिल नहीं था। दोस्तों-रिश्तेदारों से बातचीत करता था। यह सब सामान्य व्यक्ति के व्यवहार हैं, किसी गंभीर तनाव से गुजर रहे व्यक्ति के नहीं। मामले को जारी रखना न्याय का उपहास होगा। आरोपी को लंबी सुनवाई से गुजरना होगा। इसके खिलाफ अपील मंजूर करते हुए जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस बीवी नागरत्ना की पीठ ने कहा, हाईकोर्ट ने सुनवाई के बजाय धारणा के अनुसार कार्रवाई की। सुनवाई में आरोपों की सच्चाई जाननी चाहिए थी। पर, जांच भी रोक दी गई। यह अपने क्षेत्राधिकार का उल्लंघन है।

सुप्रीम कोर्ट-सभी को एक सांचे में फिट नहीं कर सकते

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हाईकोर्ट यह मान कर चला कि सामान्य तौर पर मनुष्य का व्यवहार कैसा होना चाहिए और कैसा नहीं? आत्महत्या करने का फैसला करने वाले व्यक्ति को 'कमजोर' करार दिया, लेकिन इस पारंपरिक सोच को व्यवहार विज्ञानी खारिज करते हैं कि 'सभी मनुष्य एक जैसा व्यवहार करते हैं।'

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, व्यक्तित्वों में फर्क होता है। इसी से लोगों का अलग व्यवहार तय होता है। कोई व्यक्ति मानसिक या शारीरिक संकट से कैसे निपटता है, प्रेम, दुख, हानि, खुशी-कैसे अभिव्यक्त करता है, यह मानव मन व मस्तिष्क के अलग-अलग पहलू तय करते हैं। सब एक सांचे में फिट नहीं हो सकते।

शीर्ष अदालत ने कहा-यह कहना कि अवसाद या तनाव में व्यक्ति को कैसा व्यवहार करना चाहिए था, मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की गंभीरता को कम आंकना है।

काला धन ड्राइवर से करवाता था सफेद-इस मामले में आरोप है कि बंगलूरू का भूमि अधिग्रहण अधिकारी अपने ड्राइवर के बैंक खाते व फोन नंबर का उपयोग कर काला धन सफेद करता था। मना करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ने 12 पेज का सुसाइड नोट लिख खुदकुशी कर ली। आत्महत्या के लिए उकसाने में अधिकारी गिरफ्तार हुआ। बाद में बेल मिल गई। 29 मई 2020 को हाईकोर्ट ने एफआईआर भी रद्द कर दी।

राकेश टिकैत की केंद्र को चेतावनी

किसानों को जबरन बॉर्डरों से हटाया तो देशभर में सरकारी दफ्तरों को गल्ला मंडी बना देंगे

नई दिल्ली। केंद्र के तीन नए कृषि कानूनों को लेकर गतिरोध अब भी बरकरार है। कानूनों को रद्द कराने पर अड़े किसान इस मुद्दे पर सरकार के साथ आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर चुके हैं। कृषि कानूनों के विरोध में आंदोलन कर रहे भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के नेता राकेश टिकैत ने रविवार को केंद्र सरकार को चेतावनी दी है कि अगर किसानों को बॉर्डरों से जबरन हटाने की कोशिश हुई तो वे देशभर में सरकारी दफ्तरों को गल्ला मंडी बना देंगे। टिकैत ने कहा कि हमें पता चला है कि प्रशासन जेसीबी की मदद से यहां टेंट को गिराने की कोशिश कर रहा है, अगर वे ऐसा करते हैं तो किसान पुलिस थानों, डीएम कार्यालयों में अपने टेंट लगाएंगे। टिकैत ने शनिवार को कहा था कि ललितपुर में एक और किसान रघुवीर पटेल ने खाद न मिलने से दुखी होकर आत्महत्या कर ली। केंद्र व राज्य सरकार किसानों को आत्महत्या के अंधे कुएं में धकेल रही है। सरकार हठधर्मिता छोड़े, वरना संघर्ष और तेज होगा। संयुक्त किसान मोर्चा ने टीकरी बॉर्डर पर बैरिकेड हटाने और दिल्ली-हरियाणा मार्ग के एक रास्ते को खोले जाने के बाद शनिवार को कहा कि अगर केंद्र को पूरी तरह से रास्ते खोलने हैं तो उसे कृषि कानूनों पर किसानों की मांग को पूरा करने के लिए बातचीत का रास्ता भी खोलना चाहिए। केंद्र के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने कहा कि किसानों ने कभी सड़कों को अवरुद्ध नहीं किया। शनिवार को 11 महीने बाद प्राधिकारों ने टीकरी सीमा पर लगे बैरिकेड हटाने के बाद दिल्ली से हरियाणा जाने वाली सड़क का एक मार्ग खोल दिया।

दिहाड़ी मजदूर ने आठ साल पहले किया था आवेदन, अब तक नहीं मिला राशन कार्ड, नाराज हाईकोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

नई दिल्ली। उच्च न्यायालय ने एक दैनिक वेतनभोगी मजदूर को आठ वर्ष पूर्व आवेदन करने के बावजूद राशन कार्ड जारी न करने पर कड़ी नाराजगी जताई है। अदालत ने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार से जवाब तलब किया है। दरअसल दिल्ली सरकार ने अदालत को बताया कि केंद्रीय अथारिटी द्वारा तय राशन कार्ड जारी करने की सीमा तय करने के कारण राशन कार्ड जारी नहीं किया जा रहा क्योंकि तय सीमा के तहत कार्ड जारी किए जा चुके है।

न्यायमूर्ति रेखा पल्ली के समक्ष पेश दिल्ली सरकार ने बताया कि 2011 की जनगणना के आधार पर केंद्र ने 72 लाख राशन कार्डों की सीमा तय की है जो पूरी हो चुकी है। अदालत एक दैनिक वेतनभोगी मजदूर की याचिका पर सुनवाई कर रही है

जिसने अपने परिवार के सभी सदस्यों के नाम के साथ राशन कार्ड जारी करने का अनुरोध किया है। अदालत ने इस महीने की शुरुआत में दिल्ली सरकार से पूछा था कि दैनिक वेतनभोगी मजदूर को राशन कार्ड जारी करने के लिए आवेदन आठ साल से क्यों लंबित है दिल्ली सरकार के अधिवक्ता गौतम नायर ने अदालत को बताया कि इस मामले में दिल्ली सरकार व अन्य एजेंसियों की कोई गलती नहीं है और केंद्र सरकार द्वारा तय सीमा का उल्लंघन कर ज्यादा राशन कार्ड जारी नहीं किए जा सकते। उन्होंने कहा इस मुद्दे पर केंद्र सरकार ही जवाब दे सकती है। अदालत ने उनके तर्क को स्वीकार करते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर पूरी स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया है। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए पांच जनवरी 2022 की तारीख तय की है। याची ने कहा कि उसने सितंबर 2013 को अपने व परिवार के नाम पर राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन किया था।

वह दक्षिणी दिल्ली की झुग्गी में रहती है और उसके पति के नाम पर 2005 में राशन कार्ड जारी किया गया था लेकिन 2013 में उसे रद्द कर दिया गया। अधिकारियों को बार-बार ज्ञापन देने के बावजूद अब नए सिरे से राशन कार्ड जारी नहीं किया जा रहा। कार्ड के अभाव में उन्हें सस्ती दरों का राशन नहीं मिल पा रहा और यह उनके अधिकारों का हनन है।

दिवाली व छठ के लिए रेलवे ने शुरू की 15 स्पेशल ट्रेन

नई दिल्ली। त्यौहार पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए भारतीय रेलवे ने 15 स्पेशल ट्रेन शुरू करने का ऐलान किया है। दिवाली और छठ पर यात्रियों को इससे काफी सुविधा होगी। ये गाड़ियां यात्रियों को कंफर्म टिकट उपलब्ध कराने में मददगार होंगी। कोरोना के चलते ट्रेनों में वेटिंग टिकट पर यात्रा पर रोक है। इससे बचने के लिए रेलवे हर दिन नई-नई गाड़ियां शुरू कर रहा है। इसी कड़ी में 15 स्पेशल ट्रेन शुरू हो रही हैं जो भागलपुर, दरभंगा, जोगबनी, सहरसा आदि स्टेशनों के लिए खुलेंगी। वापसी में ये ट्रेनें बिहार के इस स्टेशनों से दिल्ली पहुंचेंगी।

भागलपुर-आनंद विहार त्योहार विशेष एक्सप्रेस

03759/03760 भागलपुर-आनंद विहार त्योहार विशेष एक्सप्रेस ट्रेन 1 नवंबर से शुरू हो रही है। भागलपुर से हर सोमवार को और आनंद विहार से हर मंगलवार को यह ट्रेन चलेगी। भागलपुर से 9 बजे चलकर अगले दिन 11.05 में आनंद विहार पहुंचेगी। वहीं आनंद विहार से 18.15 बजे खुलकर अगले दिन 19.40 बदे भागलपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन सुलतनागंज, जमालपुर, अभयपुर, किऊल, पटना, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं, वाराणसी, सुलतानपुर जं, लखनऊ और मुरादाबाद स्टेशन पर रुकेगी. इस ट्रेन में 2 टियर, 3 टियर एसी और स्लीपर के साथ आरक्षित सेकंड क्लास के डिब्बे होंगे।

दिल्ली जंक्शन-दरभंगा जंक्शन त्योहार विशेष एक्सप्रेस

06996/06995 दिल्ली जंक्शन-दरभंगा जंक्शन त्योहार विशेष एक्सप्रेस ट्रेन के 4 फेरे चलेंगे। यह ट्रेन दिल्ली से रात को 12.15 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 21.30 बजे दरभंग पहुंचेगी। 06996 दिल्ली जंक्शन से और 06995 दरभंगा से शुक्रवार और सोमवार को चलेगी। यह ट्रेन मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोरखपुर, नरकटियागंज, रक्सौल और सीतामढ़ी स्टेशनों पर रुकेगी। इसमें द्वितीय श्रेणी के आरक्षित डिब्बे होंगे।

नई दिल्ली-जोगबनी नई दिल्ली त्योहार स्पेशल एक्सप्रेस

02500/02499 नई दिल्ली-जोगबनी नई दिल्ली त्योहार स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन के दो फेरे चलेंगे। नई दिल्ली से यह ट्रेन 11.05 में प्रस्थान करेगी और अगले दिन 6 बजे जोगबनी पहुंचेगी। जोगबनी से यह ट्रेन रात 9 बजे चलेगी और नई दिल्ली शाम 4 बजे पहुंचेगी। नई दिल्ली से यह ट्रेन शुक्रवार को और जोगबनी से शनिवार को चलेगी। यह ट्रेन मुरादाबाद, आजमगढ़, मऊ, बलिया, छपरा, हाजीपुर, बरौनी, नवगछिया, कटिहार और पूर्णिया जंक्शन स्टेशनों पर रुकेगी. इसमें सभी डिब्बे द्वितीय श्रेणी आरक्षित होंगे।

दिल्ली जंक्शन-सहरसा जंक्शन-दिल्ली जंक्शन त्योहार स्पेशल एक्सप्रेस

04986/04985 दिल्ली जंक्शन-सहरसा जंक्शन-दिल्ली जंक्शन त्योहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी के 2 फेरे चलेंगे। दिल्ली से यह ट्रेन 15.30 में खुलकर अगले दिन 17.00 बजे सहरसा पहुंचेगी। सहरसा से 19.00 प्रस्थान कर यह ट्रेन 19.15 बजे दिल्ली पहुंचेगी. दिल्ली से शुक्रवार को और सहरसा से शनिवार को ट्रेन चलेगी। यह ट्रेन मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, गोरखपुर, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया और बख्तियारपुर जंक्शन पर रुकेगी. इसमें सभी डिब्बे द्वितीय श्रेणी के आरक्षित होंगे।

सरहिंद-सहरसा-अंबाला छावनी त्योहार स्पेशल

04598/04597 सरहिंद-सहरसा-अंबाला छावनी त्योहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी के 6 फेरे चलेंगे। सरहिंद से 12.10 बजे और सहरसा से 20.30 में यह ट्रेन चलेगी। सरहिंद से शुक्रवार, शनिवार, रविवार (5,6, 7 नवंबर) को और सहरसा से शनिवार, रविवार, सोमवार (6,7,8 नवंबर) को ट्रेन चलेगी. यह ट्रेन राजपुरा, सहारनपुर, मुरादाबाद, खगड़िया, बख्तियारपुर स्टेशनों पर रुकेगी। सभी डिब्बे सेकंड क्लास आरक्षित होंगे।



काशी विश्वनाथ के अनसुने रहस्य

बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक ज्योतिर्लिंग काशी में है जिसे बाबा विश्वनाथ कहते हैं। काशी को बनारस और वाराणसी भी कहते हैं। शिव और काल भैरव की यह नगरी अद्भुत है जिसे सप्तपुरियों में शामिल किया गया है। दो नदियों 'वरुणा' और 'असि' के मध्य बसे होने के कारण इसका नाम 'वाराणसी' पड़ा। आओ जानते हैं बाबा काशी विश्वनाथ के 10 अनसुने रहस्य।

त्रिशुल की नोक कर बसी है काशी

पुरी में जगन्नाथ है तो काशी में विश्वनाथ। भगवान शिव के त्रिशुल की नोक पर बसी है शिव की नगरी काशी।

भगवान शिव की सबसे प्रिय नगरी

भगवान शंकर को यह गद्दी अत्यन्त प्रिय है इसीलिए उन्होंने इसे अपनी राजधानी एवं अपना नाम काशीनाथ रखा है।

विष्णु की तभोभूमि

विष्णु ने अपने चिन्तन से यहां एक पुष्कर्णी का निर्माण किया और लगभग पचास हजार वर्षों तक वे यहां घोर तपस्या करते रहे।

सदाशिव ने की उत्पत्ति काशी की

शिवपुराण अनुसार उस कालरूपी ब्रह्म सदाशिव ने एक ही समय शक्ति के साथ 'शिवलोक' नामक क्षेत्र का निर्माण किया था। उस उत्तम क्षेत्र को 'काशी' कहते हैं। यहां शक्ति और शिव अर्थात कालरूपी ब्रह्म सदाशिव और दुर्गा यहां पति और पत्नी के रूप में निवास करते हैं।

ब्रह्मा विष्णु और महेष की उत्पत्ति

कहते हैं कि यहीं पर सदाशिव से पहले विष्णु, फिर ब्रह्मा, रुद्र और महेष की उत्पत्ति हुई।

काशी में मिलता है मोक्ष

ऐसी मान्यता है कि वाराणसी या काशी में मनुष्य के देहावसान पर स्वयं महादेव उसे मुक्तिदायक तारक मंत्र का उपदेश करते हैं। इसीलिए अधिकतर लोग यहां काशी में अपने जीवन का अंतिम वक्त बीताने के लिए आते हैं और मरने तक यहीं रहते हैं। इसके काशी में पर्याप्त व्यव्था की गई है। यह शहर सप्तमोक्षदायिनी नगरी में एक है।

उत्तरकाशी भी काशी

उत्तरकाशी को भी छोटा काशी कहा जाता है। ऋषिकेश उत्तरकाशी जिले का मुख्य स्थान है। उत्तरकाशी जिले का एक भाग बड़कोट एक समय पर गढ़वाल राज्य का हिस्सा था। बड़कोट आज उत्तरकाशी का काफी महत्वपूर्ण शहर है। उत्तरकाशी की भूमि सदियों से भारतीय साधु-संतों के लिए आध्यात्मिक अनुभूति की और तपस्या स्थली रही है। महाभारत के अनुसार उत्तरकाशी में ही एक महान साधु जड़ भारत ने यहां घोर तपस्या की थी। स्कंद पुराण के केदारखंड में उत्तरकाशी और भागीरथी, जाह्नवी व भीलगंगा के बारे में वर्णन है।

ज्योतिर्लिंग

द्वादश ज्योतिर्लिंगों में प्रमुख काशी विश्वनाथ मंदिर अनादिकाल से काशी में है। ह स्थान शिव और पार्वती का आदि स्थान है इसीलिए आदिलिंग के रूप में अविमुक्तेश्वर को ही प्रथम लिंग माना गया है। इसका उल्लेख महाभारत और उपनिषद में भी किया गया है। 1460 में वाचस्पति ने अपनी पुस्तक 'तीर्थ चिंतामणि' में वर्णन किया है कि अविमुक्तेश्वर और विशेश्वर एक ही शिवलिंग है।

विष्णु की पुरी

पुराणों के अनुसार पहले यह भगवान विष्णु की पुरी थी, जहां श्रीहरि के आनंदाश्रु गिरे थे, वहां बिंदु सरोवर बन गया और प्रभु यहां 'बिंधुमाधव' के नाम से प्रतिष्ठित हुए। महादेव को काशी इतनी अच्छी लगी कि उन्होंने इस पावन पुरी को विष्णुजी से अपने नित्य आवास के लिए मांग लिया। तब से काशी उनका निवास स्थान बन गई।

धनुषाकारी है यह नगरी

पतित पावनी भागीरथी गंगा के तट पर धनुषाकारी बसी हुई है जो पाप-नाशिनी है।

हिन्दू धर्म में क्यों महत्व है लाल रंग का

वैज्ञानिकों के अनुसार रंग तो मूलतः पांच ही होते हैं- कला, सफेद, लाल, नीला और पीला। काले और सफेद को रंग मानना हमारी मजबूरी है जबकि यह कोई रंग नहीं है। इस तरह तीन ही प्रमुख रंग बच जाते हैं- लाल, पीला और नीला। आपने आग जलते हुए देखी होगी- उसमें यह तीन ही रंग दिखाई देते हैं। हिन्दू धर्म में इन तीनों ही रंगों को महत्व है, क्योंकि इन्हीं में हरा, केसरिया, नारंगी आदि रंग समाए हुए हैं। लाल रंग के अंतर्गत सिंदुरिया, केसरिया या भगवा का उपयोग भी कर सकते हैं।

- हिन्दू धर्म अनुसार लाल रंग उत्साह, सौभाग्य, उमंग, साहस और नवजीवन का प्रतीक है। लाल रंग उग्रता का भी प्रतीक है।
- यह रंग अग्नि, रक्त और मंगल ग्रह का रंग भी है।
- हिन्दू धर्म में विवाहित महिला लाल रंग की साड़ी और हरी चूड़ियां पहनती है।
- प्रकृति में लाल रंग या उसके ही रंग समूह के फूल अधिक पाए जाते हैं।
- लाल रंग माता लक्ष्मी को पसंद है। मां लक्ष्मी लाल वस्त्र पहनती हैं और लाल रंग के कमल पर शोभायमान रहती हैं।
- रामभक्त हनुमान को भी लाल व सिन्दूरी रंग प्रिय हैं इसलिए भक्तगण उन्हें सिन्दूर अर्पित करते हैं।
- मां दुर्गा के मंदिरों में आपको लाल रंग की ही अधिकता दिखाई देगी।
- लाल के साथ भगवा या केसरिया सूर्योदय और सूर्यास्त का रंग भी है।
- यह रंग चिरंतन, सनातनी, पुनर्जन्म की धारणाओं को बताने वाला रंग है।
- विवाह के समय दुल्हन लाल रंग की साड़ी ही पहनती है और दूल्हा भी लाल या केसरी रंग की पगड़ी ही धारण करता है, जो उसके आने वाले जीवन की खुशहाली से जुड़ी है।
- केसरिया रंग त्याग, बलिदान, ज्ञान, शुद्धता एवं सेवा का प्रतीक है। शिवाजी की सेना का ध्वज, राम, कृष्ण और अर्जुन के रथों के ध्वज का रंग केसरिया ही था। केसरिया या भगवा रंग शौर्य, बलिदान और वीरता का प्रतीक भी है।
- सनातन धर्म में केसरिया रंग उन साधु-संन्यासियों द्वारा धारण किया जाता है, जो मुमुक्षु होकर मोक्ष के मार्ग पर चलने लिए कृतसंकल्प होते हैं। ऐसे संन्यासी खुद और अपने परिवारों के सदस्यों का पिंडदान करके सभी तरह की मोह-माया त्यागकर आश्रम में रहते हैं। भगवा वस्त्र को संयम, संकल्प और आत्मनियंत्रण का भी प्रतीक माना गया है।

पूजाघर में रखी गरुड़ घंटी के राज

मंदिर के द्वार पर और विशेष स्थानों पर घंटी या घंटे लगाने का प्रचलन प्राचीन काल से ही रहा है। मंदिर या घर के पूजाघर में आपने देखा होगा गरुड़ घंटी को। आओ जानते हैं इस घंटी के राज और पूजाघर में रखने के 5 फायदे।

- हिंदू धर्म अनुसार सृष्टि की रचना में ध्वनि का महत्वपूर्ण योगदान मानता है। ध्वनि से प्रकाश की उत्पत्ति और बिंदु रूप प्रकाश से ध्वनि की उत्पत्ति का सिद्धांत हिंदू धर्म का ही है। इसीलिए घंटी रूप में ध्वनि को मंदिर या पूजाघर में रखा जाता है।
- जब सृष्टि का प्रारंभ हुआ तब जो नाद था, घंटी की ध्वनि को उसी नाद का प्रतीक माना जाता है।
- घटी के रूप में सृष्टि में निरंतर विद्यमा नाद ओंकार या की तरह है जो हमें यह मूल तत्व की याद दिलाता है।
- घंटियां 4 प्रकार की होती हैं :- 1.गरूड़ घंटी, 2. द्वार घंटी, 3 हाथ घंटी और 4.घंटा।
- गरूड़ घंटी छोटी-सी होती है जिसे एक हाथ से बजाया जा सकता है।
- द्वार घंटी द्वार पर लटकी होती है। यह बड़ी और छोटी दोनों ही आकार की होती है।
- हाथ घंटी पीतल की ठोस एक गोल प्लेट की तरह होती है जिसको लकड़ी के एक गद्दे से ठोककर बजाते हैं।
- घंटा बहुत बड़ा होता है। कम से कम 5 फुट लंबा और चौड़ा। इसको बजाने के बाद आवाज कई किलोमीटर तक चली जाती है।
- भगवान गुरुढ़ के नाम पर है गुरुढ़ घंटी जिस का मुख गुरुण के समान ही होता है। भगवान गरुड़ को विष्णु का वाहन और द्वारपाल माना जाता है। अधिकतर मंदिरों में मंदिर के बाहर आपको द्वार पर गरुड़ भगवान की मूर्तिं मिलेगी। दक्षिण भारत के मंदिरों में अक्सर इसे देखा जा सकता है।
- घंटी या घंटे को काल का प्रतीक भी माना गया है। ऐसा माना जाता है कि जब प्रलय काल आएगा तब भी इसी प्रकार का नाद यानि आवाज प्रकट होगी

फायदे

- घंटी विशेष प्रकार का नाद होता है जो आसपास के वातावरण को शुद्ध करता है। इससे वातावरण हमेशा शुद्ध और पवित्र बना रहता है। ऐसा कहते हैं कि घंटी बजाने से वातावरण में एक कंपन पैदा होता है। इस कंपन के वायुमंडल में फैलने से जीवाणु, विषाणु इस तरह के सूक्ष्म जीव आदि नष्ट हो जाते हैं और वातावरण शुद्ध हो जाता है।
- घर के पूजाघर या मंदिर में प्रात: और संध्या को ही आरती करते वक्त घंटी बजाने का नियम है। वह भी लयपूर्ण। इससे हमारा मन शांत होकर तनाव हट जाता है।
- जिन स्थानों पर घंटी बजने की आवाज नियमित आती है वहां से नकारात्मक शक्तियां हटती है। नकारात्मकता हटने से समृद्धि के द्वारा खुलते हैं। इससे सभी तरह के वास्तुदोष भी दूर हो जाते हैं।
- स्कंद पुराण के अनुसार घंटी बजाने से मानव के सौ जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं।
- यह भी कहा जाता है कि घंटी बजाने से देवताओं के समक्ष आपकी हाजिरी लग जाती है।

तुंगविद्या की वीणा की धुन पर नाचते थे श्रीकृष्ण

पौराणिक ग्रंथों के अनुसार श्रीजी राधारानी की 8 सखियां थीं। अष्टसखियों के नाम हैं- 1.ललिता, 2.विशाखा, 3.चित्रा, 4. इंदुलेखा, 5.चंपकलता, 6.रंगदेवी, 7.तुंगविद्या और 8.सुदेवी। राधारानी की इन आठ सखियों को ही ''अष्टसखी'' कहा जाता है। श्रीधाम वृंदावन में इन अष्टसखियों का मंदिर भी स्थित है। आओ इस बार जानते हैं तुंगविद्या के बारे में संक्षिप्त जानकारी।

- सखी तुंगविद्या नृत्य तथा गायन करके श्रीराधा और कृष्ण का मनोरंजन करती हैं।
- इन्हें माता पार्वती गौरी मां का अवतार माना जाता है।
- तुंगविद्या सखी 18 वेद विद्याओं में पारंगत है।
- ये वीणा बजाना भी जानती हैं और नाट्यशास्त्र एवं रसशास्त्र में भी कुशल है।
- इनकी माता का नाम मेघा, पिता का नाम पुष्कर और पति का नाम बालिश है। कुछ जगहों पर इनके पिता का नाम अंगद एवं माता का नाम ब्रह्मकर्णी बताया जाता है।
- कहते हैं कि श्रीकृष्ण तुंगविद्या की विणा पर नाचते थे।
- बरसाना से दक्षिण दिशा में छह किलोमीटर दूर सखी तुंग विद्या का गांव डभाला है। वहीं बरसाना से 8 किलोमीटर दक्षिण दिशा में स्थित राकोंली गांव रंगदेवी सखी का गांव है।
- पहाड़ी पर इनका मंदिर है। तुंगविद्या सखी पीले रंग के परिधान धारण कर भक्तों को दर्शन देती हैं।
- इनका जन्म भाद्रपद शुक्लपक्ष पंचमी को हुआ था।
- राधाजी से पांच दिन छोटी हैं रंगदेवी और तीन दिन बढ़ी है तुंग विद्या।

कुल देवी या देवता को 4 उपाय से मनाएं और संकटों से मुक्ति पाएं

भारत में कई समाज या जाति के कुलदेवी और देवता होते हैं। भारतीय लोग हजारों वर्षों से अपने कुलदेवी और देवता की पूजा करते आ रहे हैं। हालांकि आजकल अधिकतर परिवार ने अपाने कुलदेवी और कुल देवताओं को पूजना या उनको याद करना छोड़ दिया है। संभवत: इसी के कारण वे घोर संकट में घिरे हुए हैं। यदि ऐसा है तो 4 उपाय करें और संकटों से मुक्ति पाएं।

- जन्म, विवाह आदि मांगलिक कार्यों में कुलदेवी या देवताओं के स्थान पर जाकर उनकी पूजा की जाती है या उनके नाम से स्तुति की जाती है। कुलदेवी की कृपा का अर्थ होता है सौ सुनार की एक लोहार की। बिना कुलदेवी कृपा के किसी के कुल का वंश ही क्या कोई नाम, यश आगे बढ़ नहीं सकता। अत: कुल देवी और देवता के लिए प्रतिदिन सुबह और शाम को भोग निकालें और उनके नाम का उच्चारण करें। स्थान का नाम भी नहीं मालूम हो तो तो हे माता कुलदेवी और कुलदेवता आपकी सदा विजयी हो। दुर्गा माता की जय, भैरू महाराज की जय।
- एक ऐसा भी दिन होता है जबकि संबंधित कुल के लोग अपने देवी और देवता के स्थान पर इकट्ठा होते हैं। जिन लोगों को अपने कुलदेवी और देवता के बारे में नहीं मालूम है या जो भूल गए हैं, वे अपने कुल की शाखा और जड़ों से कट गए हैं। कुलदेवी या कुल देवता के स्थान से आपके पूर्वजों का पता लगता है। जिसे यह नहीं याद है वे भैरू महाराज और दुर्गा माता के मंदिर में जाकर उनके नाम का भोज चढ़ाएं और पूजा करें।
- कुल देवी या देवता के स्थान पर जाकर एक साबूत नींबू लें और उसको अपने उपर से 21 बार वार कर उसे दो भागों में काटकर एक भाग को दूसरे भाग की दिशा में और दूसरे भाग को पहले भाग की दिशा में फेंक दें। इसके बाद कुलदेवी या देवता से क्षमा मांग कर वहां अच्छे से पूजा पाठ करें या करवाएं और सभी को दान-दक्षिणा दें।
- कुलदेवता की पूजा करते समय शुद्ध देसी घी का दीया, धूप, अगरबत्ती, चंदन और कपूर जलाना चाहिए साथ ही प्रसाद स्वरूप भोग भी लगाना चाहिए। कुलदेवता को चंदन और चावल का टीका अर्पण करते समय ध्यान रखें की टूटे हुए या खंडित चावल ना हो। कुलदेवता को हल्दी में लिपटे पीले चावल पानी में भिगोकर अर्पण करना शुभ माना जाता है। पूजा के समय पान के पत्ते का बहुत महत्व है जिसके साथ सुपारी, लौंग, इलायची और गुलकंद भी अर्पण करना चाहिए। कुलदेवी या देवता को पुष्प चढ़ाते हुए आपको इन्हें पानी में अच्छी तरह से धोना चाहिए। सभी देवी-देवताओं की पूजा जिस तरह सुबह-शाम की जाती है, उसी तरह कुलदेवी और देवता की पूजा भी दीपक जलाकर करनी चाहिए।

चरणामृत सेवन के चमत्कारिक फायदे

हिन्दू धर्म में पंचामृत या चरणामृत के साथ तुलसी का सेवन जरूरी है। हर मंदिर में आपको चरणामृत तो मिलेगा पर पंचामृत कम ही मिलेगा। पंचामृत किसी तीज त्योहार पर बनाया जाता है। हालांकि कुछ मंदिरों में प्रतिदिन ही पंचामृत का प्रसाद बंटता है। आओ जानते हैं कि क्या है चरणामृत सेवन के लाभ।

कैसे बनता चरणामृत : तांबे के बर्तन में चरणामृतरूपी जल रखने से उसमें तांबे के औषधीय गुण आ जाते हैं। चरणामृत में तुलसी पत्ता, तिल और दूसरे औषधीय तत्व मिले होते हैं। मंदिर या घर में हमेशा तांबे के लोटे में तुलसी मिला जल रखा ही रहता है।

चरणामृत लेने के नियम : चरणामृत ग्रहण करने के बाद बहुत से लोग सिर पर हाथ फेरते हैं, लेकिन शास्त्रीय मत है कि ऐसा नहीं करना चाहिए। इससे नकारात्मक प्रभाव बढ़ता है। चरणामृत हमेशा दाएं हाथ से लेना चाहिए और श्रद्धाभक्तिपूर्वक मन को शांत रखकर ग्रहण करना चाहिए। इससे चरणामृत अधिक लाभप्रद होता है।

चरणामृत सेवन के **चमत्कारिक फायदे :**

- शास्त्रों में कहा गया है- अकालमृत्युहरणं सर्वव्याधिविनाशनम्। विष्णो पादोदकं पीत्वा पुनर्जन्म न विद्यते।।

अर्थात : भगवान विष्णु के चरणों का अमृतरूपी जल सभी तरह के पापों का नाश करने वाला है। यह औषधि के समान है। जो चरणामृत का सेवन करता है उसका पुनर्जन्म नहीं होता है।

- चरणामृत का जल का सेवन करने से कभी भी कैंसर नहीं होगा और न ही किसी भी प्रकार का अन्य रोग।
- तुलसी का पौधा एक एंटीबायोटिक मेडिसिन होता है। इसके सेवन से शरीर की प्रतिरोधक क्षमता में बढ़ोतरी होती है, बीमारियां दूर भागती हैं और शारीरिक द्रव्यों का संतुलन बना रहता है।
- आयुर्वेद की दृष्टि से चरणामृत स्वास्थ्य के लिए बहुत ही अच्छा माना गया है। आयुर्वेद के अनुसार तांबे में अनेक रोगों को नष्ट करने की क्षमता होती है।
- आयुर्वेद के अनुसार यह पौरूष शक्ति को बढ़ाने में भी गुणकारी माना जाता है।
- तुलसी के इस रस से कई रोग दूर हो जाते हैं और इसका जल मस्तिष्क को शांति और निश्चिंतता प्रदान करता हैं।
- स्वास्थ्य लाभ के साथ ही साथ चरणामृत बुद्धि, स्मरण शक्ति को बढ़ाने भी कारगर होता है।

सार समाचार

सिंगापुर में कोरोनावायरस के 3,112 नए मामले

सिंगापुर। सिंगापुर में शनिवार को कोरोनावायरस के 3,112 नए मामले सामने आए, जिससे देश में कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 1,95,211 हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय (एमओएच) ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, नए मामलों में से, 2,608 समुदाय में थे, 500 प्रवासी श्रमिक छात्रावास में थे और चार बाहरी मामले थे। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, कोरोनावायरस के वर्तमान में कुल 1,627 मामले हैं। 267 मामले सामान्य वार्ड में हैं, जिन्हें ऑक्सीजन की आवश्यकता है। 69 मामले अस्थिर हैं और आईसीयू में निगरानी में हैं। कोरोना संक्रमण के कारण जटिलताओं से चौदह संक्रमितों की मौत हो गई, जिससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 394 हो गई। मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि सिंगापुर में पात्र व्यक्ति 30 अक्टूबर से सिनोवैक-कोरोनावैक वैक्सीन ले सकते हैं। इसके बाद 23 अक्टूबर को सिंगापुर सरकार के बहु-मंत्रालय कार्यबल की घोषणा के बाद 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम (एनवीपी) में टीका शामिल करने की घोषणा की गई। और जो फठअ के टीके लगाने में असमर्थ हैं। एमओएच ने कहा कि उसके अध्ययन से पता चला है कि टीकाकरण बूस्टर कोविड -19 संक्रमण और गंभीर बीमारी के खिलाफ महत्वपूर्ण अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करते हैं।

पाकिस्तान में साइबर हमला, बैंक सेवाओं को किया बाधित

नई दिल्ली। अधिकारियों ने नेशनल बैंक ऑफ पाकिस्तान (एनबीपी) पर एक साइबर हमले का पता लगाया है, जिसने बैंक की सेवाओं को बाधित किया है। डॉन न्यूज ने बैंक के एक बयान के हवाले से कहा, 29 अक्टूबर की देर रात और 30 अक्टूबर की सुबह, एनबीपी के सर्वर पर एक साइबर हमले का पता चला, जिसने बैंक की कुछ सेवाओं को प्रभावित किया। इसमें कहा गया है कि प्रभावित प्रणालियों को ठीक करने के लिए तत्काल कदम उठाए गए है। बैंक के बयान में कहा, किसी भी ग्राहक या वित्तीय डेटा से समझौता नहीं किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय संसाधनों सहित उद्योग के अग्रणी विषय विशेषज्ञों का उपयोग कर के उपचार के प्रयास जारी हैं। अभी भी ग्राहकों के लिए एनबीपी की सेवाएं बाधित हैं, हम समस्याओं को दूर करने के लिए काम कर रहे हैं और विश्वास है कि आवश्यक ग्राहक सेवाएं सोमवार सुबह तक बहाल कर दी जाएंगी। हम इस असामान्य स्थिति में अपने ग्राहकों की समझदारी के लिए आभारी हैं। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है। एसबीपी ने एक ट्वीट में कहा, एनबीपी ने कोई डेटा उल्लंघन या वित्तीय नुकसान नहीं देखा है। यह कहते हुए कि किसी अन्य बैंक ने ऐसी घटना की सूचना नहीं दी है। केंद्रीय बैंक ने कहा, एसबीपी बैंकिंग प्रणाली की सुरक्षा और सुदृढ़ता सुनिश्चित करने के लिए स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहा है।

फिलिस्तीन ने आपातकाल की समयसीमा को बढ़ाया

रामल्लाह। फिलस्तीन ने कोरोना वायरस से संबंधित आपात स्थिति को ताजा मामलों और मौतों में कमी के बावजूद एक और महीने के लिए बढ़ा दिया है। समाचार एजेंसी ने राज्य मीडिया के हवाले से बताया कि फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास द्वारा जारी एक फरमान में, आपातकाल की स्थिति को शनिवार से तुरंत प्रभावी कर दिया गया ताकि वायरस के प्रसार को रोका जा सके। फिलिस्तीनी क्षेत्रों में कोरोनावायरस के पहले मामलों की खोज के बाद पहली बार मार्च 2020 में आपातकाल की स्थिति जारी की गई थी और तब से हर महीने इसे बढ़ाया या फिर से घोषित किया गया है। राज्य मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अब्बास ने सक्षम अधिकारियों से कोरोनावायरस से उत्पन्न जोखिमों का सामना करने, सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा करने और सुरक्षा और स्थिरता प्राप्त करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करने का आह्वान किया। इस बीच, फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि बीते 24 घंटे में कोरोनावायरस के 210 मामले सामने आए जबकि 7 लोगों की मौत हो गई है। बयान में कहा गया है कि पिछले कुछ हफ्तों की तुलना में हाल के दिनों में मौतों और नए मामलों में गिरावट आई है।

म्यांमार में कोरोनावायरस के 499,321 मामले सामने आए

यांगून,। म्यांमार में बीते 24 घंटे में कोरोनावायरस के 716 नए मामले सामने आए, जिससे कोरोना मामलों की संख्या बढ़कर 4,99,321 हो गई है। ये आंकड़े स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति से सामने आए। विज्ञप्ति में कहा गया है कि शनिवार को दैनिक परीक्षण पॉजिटिविटी दर 3.82 प्रतिशत दर्ज की गई और कोरोना के अब तक 48.4 लाख से ज्यादा नमूनों का परीक्षण किया गया है। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, बीते 24 घंटे में कोरोनावायरस से 20 नई मौत हुई हों, जिससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 18,664 हो गई है, जबकि कोरोना से कुल 4,66,317 संक्रमित ठीक हो चुके हैं। कोविड -19 की रोकथाम, नियंत्रण और उपचार पर म्यांमार की केंद्रीय समिति ने शनिवार को महामारी विरोधी उपायों की अवधि नवंबर के अंत तक बढ़ाने की घोषणा की। घोषणा में कहा गया है कि वायरल बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए संबंधित संघ स्तर के सरकारी संगठनों और मंत्रालयों द्वारा पहले जारी किए गए सभी आदेशों, घोषणाओं, निर्देशों पर विस्तार लागू होगा।

140 अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को लीबिया से उनके देश भेजा गया

त्रिपोली। इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) ने कहा कि उसने 140 अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को उनके मूल देश वापस भेज दिया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी के हवाले से कहा कि चिकित्सा शर्तों के साथ नौ सहित अन्य प्रवासियों को पिछले हफ्ते बेंगाजी से बांग्लादेश लौटने में मदद की गई थी। बयान में कहा गया है, बांग्लादेश के दूतावास इन प्रवासियों को सुविधा और समर्थन दिया गया। लौटने वाले प्रवासियों की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें परामर्श सेवाएं और सुरक्षा जांच के साथ-साथ व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण और कोविद -19 परीक्षण प्रदान किए गए। 2011 के बाद से लीबिया असुरक्षा और अराजकता का सामना कर रहा है, जिससे उत्तरी अफ्रीकी देश उन अवैध प्रवासियों के लिए प्रस्थान का पसंदीदा बिंदु बन गया है।

जी-20 शिखर सम्मेलन से जुड़े महत्वपूर्ण घटनाक्रम

रोम (एजेंसी)।

जी-20 देशों के शिखर सम्मेलन में नेताओं ने 15 प्रतिशत वैश्विक न्यूनतम कॉरपोरेट कर को लागू करने के लिए ऐतिहासिक समझौते को व्यापक समर्थन दिया है। इसका उद्देश्य बहुराष्ट्रीय कंपनियों को कम दर वाले देशों का उपयोग करके करों से बचने से रोकना है। मेजबान देश इटली के अधिकारियों ने बताया कि नेताओं ने शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र के दौरान शनिवार को प्रस्ताव पर बात की। रविवार के समापन वक्तव्य में इसके लिए औपचारिक अनुमोदन के बाद देश अपनी ओर से न्यूनतम कर लागू करेंगे। इस समझौते में कहा गया है कि यदि किसी अन्य देश में कंपनी के मुनाफे पर कम कर लगाया जाता है, तो जिन देश में उन कंपनी के मुख्यालय हैं वे कंपनी के कर को 15 प्रतिशत तक बढ़ा देंगे। आज की डिजिटल और वैश्विक अर्थव्यवस्था में मुनाफा कॉपीराइट और ट्रेडमार्क जैसे अमूर्त साधनों से कमाया जा सकता है। एक महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या अमेरिकी संसद इस समझौते के अनुपालन के लिए कानून पारित करेगी, क्योंकि दुनिया की 2,000 सबसे बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों में से 28 प्रतिशत कंपनियां अमेरिका में हैं। ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कहा है कि उन्होंने संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन शिखर सम्मेलन से पहले चीन के कार्बन-उत्सर्जन कम करने के लक्ष्यों को बढ़ाने के लिए राष्ट्रपति शी चिनफिंग पर दबाव डाला है। हालांकि, उनका प्रयास बहुत सफल नहीं हुआ है। गौरतलब है कि चीन ने इस सप्ताह अपने जलवायु लक्ष्यों का एक अद्यतन संस्करण जारी किया, जिसमें 2060 तक शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन तक पहुंचने और 2030 तक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को कम करने का वादा किया गया। रविवार को जॉनसन स्कॉटलैंड में दो सप्ताह के जलवायु सम्मेलन में विश्व नेताओं की मेजबानी करेंगे। अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन ने कहा है कि उन्होंने अपनी फ्रांसीसी समकक्ष ब्रिगिट मैक्रों के साथ मुलाकात की। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने मुलाकात की ताकि तनाव को कम किया जा सके। जी-20 देशों के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इन देशों के नेता रोम में हैं। फ्रांस ने दुनिया के सबसे गरीब देशों को टीके की 6.7 करोड़ खुराक दान की है, जिससे यह अमेरिका के बाद दूसरा देश बन गया है जिसने संयुक्त राष्ट्र समर्थित कोवैक्स वैक्सीन पहल में सबसे अधिक योगदान दिया है। फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-यवेस ले द्रियां ने कहा कि फ्रांस ने टीका दान के संबंध में अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा किया है, जिससे 45 से अधिक देशों को लाभ हुआ है, जिसमें अफ्रीका के लगभग 30 देश शामिल हैं। फ्रांस ने 2022 के मध्य तक और छह करोड़ खुराक देने का वादा किया है। रोम में जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले जुटे हुए स्वास्थ्य और वित्त मंत्रियों ने कोविड-19 टीके की कमी के साथ महामारी से निपटने को लेकर चिंता जाहिर की। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रमुख क्रिस्टलीना जॉर्जिवा ने शुक्रवार को कहा कि टीकाकरण को गति देने के प्रयासों में 20 अरब डॉलर की कमी है, जो कि वर्ष के अंत तक दुनिया के 40 प्रतिशत और अगले वर्ष के मध्य तक 70 प्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य को पूरा करने के लिए आवश्यक है।

प्रधानमंत्री मोदी और जी20 के अन्य नेताओं ने रोम में ऐतिहासिक ट्रेवी फाउंटेन का दौरा किया

रोम। (एजेंसी)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को जी20 शिखर सम्मेलन से इतर विश्व के अन्य नेताओं के साथ यहां प्रसिद्ध ट्रेवी फाउंटेन का दौरा किया। यह फव्वारा इटली के सबसे अधिक देखे जाने वाले स्मारकों में से एक है और पर्यटकों द्वारा काफी पसंद किया जाता है। ऐतिहासिक फव्वारे ने उन कई फिल्मकारों को आकर्षित किया है, जिन्होंने बारोक कला-शैली वाले इस स्मारक को रूमानी स्थल के प्रतीक के रूप में लोकप्रिय बनाया है। जी20 इटली ने ट्वीट किया, जी20 के प्रतिनिधिमंडल के प्रमुखों ने जी20 रोम सम्मेलन के दूसरे दिन की शुरुआत शहर के एक प्रतीकात्मक स्थान ट्रेवी फाउंटेन की सैर के साथ की, जो दुनिया के सबसे खूबसूरत फव्वारों में से एक है। लगभग 26.3 मीटर ऊंचा और 49.15 मीटर चौड़ा, यह शहर का सबसे बड़ा बारोक फव्वारा है और दुनिया के सबसे प्रसिद्ध फव्वारों में से एक है। प्रसिद्ध फव्वारे का दौरा करने के बाद मोदी स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज के साथ द्विपक्षीय वार्ता में भाग लेंगे। वह सतत विकास पर एक सत्र और एक अन्य कार्यक्रम में भी भाग लेंगे। प्रधानमंत्री इटली के प्रधानमंत्री मारियो द्रेगी के निमंत्रण पर 30 से 31 अक्टूबर तक रोम में जी20 शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। इटली पिछले साल दिसंबर से जी20 की अध्यक्षता कर रहा है।

ग्लासगो में जलवायु सम्मेलन धरती को बचाने का अंतिम मौका : प्रिंस चार्ल्स

रोम। (एजेंसी)।

प्रिंस चार्ल्स ने विश्व के नेताओं से बच्चों की हताशा भरी अपील पर ध्यान देने का अनुरोध किया है, जो जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों का सामना करेंगे। उन्होंने कहा कि स्कॉटलैंड के ग्लासगो में रविवार से आरंभ हुआ संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन ''सचमुच में पृथ्वी को बचाने का अंतिम मौका है।'' चार्ल्स ने रोम में बैठक कर रहे जी20 नेताओं से कहा कि उनके पास भविष्य की पीढ़ियों की जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा, ''उन बच्चों की आवाज सुनना असंभव नहीं है जो आपको धरती के रक्षक मानते हैं, उनके भविष्य की जिम्मेदारी आपके हाथों में है।'' पर्यावरण संरक्षण के पैरोकार चार्ल्स ने कहा, '' सरकारों को नेतृत्वकारी भूमिका निभानी चाहिए लेकिन हम जो समाधान चाहते हैं उसकी कुंजी निजी क्षेत्र के पास है। '' चार्ल्स ग्लासगो सीओपी-20 सम्मेलन में सोमवार को जी20 नेताओं का स्वागत करने वाले हैं।इसमें उनकी मां महारानी एलिजाबेथ द्वितीय (95) शरीक होने वाली थी, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है।

ईरान ने सीरिया प्रतिबंध समाप्त करने का आह्वान किया

तेहरान(एजेंसी)।

संयुक्त राष्ट्र में एक ईरानी दूत ने सीरिया के खिलाफ पश्चिमी प्रतिबंधों को हटाने और सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन द्वारा यमन पर घेराबंदी को समाप्त करने का आह्वान किया है। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र में ईरान की उप स्थायी प्रतिनिधि जहरा इरशादी ने कहा कि यह काफी चिंताजनक है कि संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार, सीरिया में शरणार्थियों और विस्थापित लोगों की संख्या बढ़ रही है।

इरशादी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की तीसरी समिति से कहा कि इस प्रवृत्ति के अंतर्निहित कारणों को दूर करने के उद्देश्य से प्रयासों को दोगुना किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वहीं यमन मुद्दा वैश्विक स्तर पर सबसे गंभीर मानवीय संकट बना हुआ है, जिसमें लाखों लोगों को मानवीय सहायता की आवश्यकता है।

इस त्रासदी को समाप्त करने के लिए स्थितियां प्रदान करने और इस संकट का शांतिपूर्ण समाधान लाने के लिए, इस राष्ट्र पर लगाई गई अमानवीय नाकाबंदी को पूरी तरह से और तुरंत हटा दिया जाना चाहिए, मार्च 2021 में, सऊदी के नेतृत्व वाले गठबंधन ने राष्ट्रपति अब्द-रब्बू मंसूर हादी का समर्थन करने के लिए हौथियों के खिलाफ यमन में युद्ध ने अपना छठा वर्ष पूरा कर लिया है। यमन सितंबर 2014 से गृहयुद्ध में फंसा है जब हौथी मिलिशिया ने राष्ट्रपति हादी की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार को राजधानी सना से बाहर कर दिया था। इस बीच, सीरिया के खिलाफ प्रतिबंध, जो 2011 के गृहयुद्ध के बाद से तेज हो गए हैं, के परिणामस्वरूप सीरिया की आबादी पर व्यापक प्रभाव पड़ा है।

वैज्ञानिकों का दावा,अब अपने यूरिन से भी कर सकेंगे स्मार्ट फ़ोन चार्ज

आज के समय में जब हमारी निर्भरता अपने स्मार्ट फ़ोन पर बढ़ती जा रही है तो ऐसे में मोबाइल फ़ोन की बैटरी की चार्जिंग को ले कर हम सब सबसे ज्यादा फ़िक्रमंद रहते हैं। स्मार्टफोन की चार्जिंग को लेकर वैज्ञानिक एक चौकाने वाला दावा कर रहे हैं नए शोध के अनुसार अब पेशाब से चार्ज किया जा सकेगा स्मार्टफोन। बीबीसी में प्रकाशित खबर के मुताबिक, ब्रिटेन के वैज्ञानिक कुछ ऐसे शोध में लगे हैं, जिससे पेशाब को करंट में बदला जा सकता है ब्रिटेन के ब्रिस्टल रोबोटिक्स लैब के वैज्ञानिक पेशाब को करंट में बदलने के प्रोजेक्ट पर कर रहे हैं काम।

जाने आखिर क्या कहती है रिपोर्ट

रिपोर्ट्स के अनुसार 2 लीटर यूरीन से करीब 40 मिली वाट तक बिजली का उत्पादन किया जा सकता है। स्मार्टफोन चार्ज करने के अलावा इस बिजली का प्रयोग लाइट जलाने में भी किया जा सकता है। शोध के दौरान वैज्ञानिकों ने इलेक्ट्रो-एक्टिव माइक्रोऑर्गेनिस्म को बड़ी मात्रा स्टोर किया, ये माइक्रोऑर्गेनिस्म खराब, गंदे पानी और पेशाब में पनपते हैं। इन माइक्रोऑर्गेनिस्म से इलेक्ट्रॉन डेवलप होता है। इन्ही इलेक्ट्रॉन का उपयोग बिजली उत्पादन के लिए किया जा सकता है। हालांकि ये शोध कब तक फ़लीभूत होगा ये कहना अभी जल्दबाज़ी होगी। फिर भी ये तो कहा ही जा सकता है कि प्रक्रिया काफी लंबी चल सकती है।

लीबिया के संयुक्त सैन्य आयोग ने विदेशी बलों की वापसी को लेकर की चर्चा

नयी दिल्ली। (एजेंसी)।

काहिरा, 31 अक्टूबर (आईएएनएस)। लीबिया के 5 प्लस 5 संयुक्त सैन्य आयोग (जेएमसी) ने मिस्र की राजधानी काहिरा में संयुक्त राष्ट्र प्रायोजित वार्ता का एक नया दौर शुरू किया है, ताकि विदेशी सेनाओं की वापसी की योजनाओं पर चर्चा की जा सके। एक रिपोर्ट में मिस्र की आधिकारिक अहराम ऑनलाइन समाचार वेबसाइट के हवाले से कहा कि दो दिवसीय बैठक में लीबिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत जान कुबिस और पड़ोसी देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

8 अक्टूबर को जिनेवा में हुई बैठक के बाद, जेएमसी ने लीबियाई क्षेत्र से सैनिकों, विदेशी लड़ाकों और विदेशी सेनाओं की संतुलित और क्रमिक वापसी के लिए एक व्यापक कार्य योजना पर हस्ताक्षर किए है। इन टैक को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2510 (2020) द्वारा समर्थन दिया गया था, जिसमें दोनों पक्षों को स्थायी युद्धविराम के लिए एक समझौते पर पहुंचने का आह्वान किया गया था। लीबिया में 2011 में पूर्व नेता मुअम्मर गद्दाफी को सत्ता से बेदखल करने और उनकी हत्या के बाद से गृह युद्ध चल रहा है। फरवरी में, लीबिया के युद्धरत गुटों ने 24 दिसंबर को आम चुनाव होने तक देश को चलाने के लिए संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में एक अंतरिम सरकार बनाने पर सहमति व्यक्त की थी।

अफगान किसानों को जकात चुकाने के लिए मजबूर कर रहा है तालिबान

नई दिल्ली (एजेंसी)।

अफगानिस्तान में नकदी की तंगी से जूझ रहा तालिबान शासन देश के संकटग्रस्त किसानों को उनकी जमीन और फसल पर तथाकथित दान या जकात कर चुकाने के लिए मजबूर कर रहा है, जिसमें भुगतान को इस्लामिक कानून के तहत एक दायित्व बताया गया है। यह जानकारी आरएफई/आरएल की रिपोर्ट के जरिये मिली है।

युद्ध, सूखा और कोविड-19 ने पूरे अफगानिस्तान के किसानों को तबाह कर दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अब, पिछले एक साल में फसल उगाने की कोशिश में पैसा गंवाने वाले इन किसानों का कहना है कि तालिबान उन्हें एक और गंभीर झटका दे रहा है।

किसानों का कहना है कि तालिबान के कर संग्रहकताओं ने उनकी संपत्ति के मूल्य का अनुमान लगाया है कि उन्हें उस मूल्य पर 2.5 प्रतिशत कर देना होगा। तालिबान अपने धर्मार्थ करों को इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक के रूप में सही ठहराता है जिन्हें सभी मुसलमानों के लिए दायित्व माना जाता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि जकात दयालुता या उदारता से धर्मार्थ उपहार देने के स्वैच्छिक कार्य से अलग है। यह उन लोगों के लिए अनिवार्य है जो एक निश्चित राशि से अधिक आय अर्जित करते हैं, और यह एक व्यक्ति की आय के साथ-साथ उनकी संपत्ति के मूल्य पर आधारित है। जकात जमा करने वालों को उनके काम का मुआवजा भी दिया जाता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि कर के आलोचकों में इस्लामिक विद्वान और सहायता कर्मी शामिल हैं, जो इस बात पर ध्यान देते हैं कि यह प्रथा मुस्लिम दुनिया में गरीबी को कम करने में विफल रही है। उनका तर्क है कि धन अक्सर बर्बाद और कुप्रबंधित होता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि तालिबान की कर वसूली प्रक्रिया तब शुरू हुई जब स्थानीय आतंकवादियों ने स्थानीय मस्जिदों और आवासीय परिसर की दीवारों पर तथाकथित रात्रिकालीन पत्र पोस्ट किए। मध्य अफगान प्रांत के किसानों का यह भी कहना है कि तालिबान बंदूकधारियों ने दशमांश और धर्मार्थ कर का भुगतान करने की मांग को लेकर रात में उनके घरों पर धावा बोल दिया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि जिनके पास भुगतान करने के लिए पैसे नहीं हैं, उनका कहना है कि तालिबान ने उनके पशुओं को जब्त कर लिया है और उनके परिवारों को आने वाले महीनों में मानवीय सहायता पर और भी अधिक निर्भर बना दिया है। काबुल में, तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार के कृषि मंत्रालय का कहना है कि वह राजस्व बढ़ाने और देश की आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए किसानों, पशुपालकों और छोटे बगीचे वाले लोगों से दान कर एकत्र कर रहा है।

स्वत्वाधिकारी यशवंत थेटे के लिए, प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा प्रकाशित कर, DB Corps LTD. Plot no. 535 & 1272, Lalgutwa Ps Ratu रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची), संपादक-सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*) फोन नं.- 0651-2290111, ईमेल- www.navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)